हे उषा ! हे रात्रि की अधिष्ठात्री देवी ! समस्त विश्व में फैला हुआ यह अज्ञानमय काला अन्धकार मेरे निकट आ पहुँचा है। हे माँ तुम इसे ऋण की भाँति दूर करो। अर्थात् जिस प्रकार अपने प्रिय भक्तों को धन देकर ऋण से मुक्त करती हो, उसी प्रकार ज्ञान देकर इस अज्ञान को भी हटा दो ॥ ७ ॥

उप मा पेपिशत्तमः कृष्णं व्यक्तमस्थित । उषऋणेव यातय ॥ ७ ॥
उप ते गा इवाकरं वृणीष्व दुहितर्दिवः । रात्रि स्तोमं न जिग्युषे ॥ ८ ॥

हे रात्रि देवी ! तुम दुधारू गौ के समान हो। मैं समीप में आ करके प्रार्थना आदि से माँ तुम्हें मैं अपने अनुकूल करता हूँ। परम व्योमस्वरूप परमात्मा की पुत्री ! तुम्हारी कृपा प्रसाद से मैं काम आदि शत्रुओं को जीत चुका हूँ, तुम स्तोम की भाँति मेरे इस हविष्य को भी ग्रहण करो ॥ ८ ॥

—:०:—

अथ तन्त्रोक्तं रात्रिसूक्तम्

ॐ विश्वेश्वरीं जगद्धात्रीं स्थितिसंहारकारिणीम् । निद्रां
भगवतीं विष्णोरतुलां तेजसः प्रभुः ॥ १ ॥ त्वं स्वाहा त्वं स्वधा
त्वं हि वषट्कारः स्वरात्मिका । सुधा त्वमक्षरे नित्ये त्रिधा
मात्रात्मिका स्थिता ॥ २ ॥ अर्धमात्रास्थिता नित्या यानुच्चार्या
विशेषतः । त्वमेव सन्ध्या सावित्री त्वं देवि जननी परा ॥ ३ ॥
त्वयैतद्धार्यते विश्वं त्वयैतत्सृज्यते जगत् । त्वयैतत्पाल्यते देवि
त्वमत्स्यन्ते च सर्वदा ॥ ४ ॥ विसृष्टौ सृष्टिरूपा त्वं स्थितिरूपा
च पालने । तथा संहृतिरूपान्ते जगतोऽस्य जगन्मये ॥ ५ ॥
महाविद्या महामाया महामेधा महास्मृतिः । महामोहा च भवती

महादेवी महासुरी ॥ ६ ॥ प्रकृतिस्त्वं च सर्वस्य गुणत्रयविभाविनी । कालरात्रिर्महारात्रिर्मोहरात्रिश्च दारुणा ॥ ७ ॥ त्वं श्रीस्त्वमीश्वरी त्वं ह्रीस्त्वं बुद्धिर्बोधलक्षणा । लज्जा पुष्टिस्तथा तुष्टिस्त्वं शान्तिः क्षान्तिरेव च ॥ ८ ॥ खड्गिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा । शङ्खिनी चापिनी बाणभुशुण्डी परिघायुधा ॥ ९ ॥ सौम्या सौम्यतराशेषसौम्येभ्यस्त्वतिसुन्दरी । परापराणां परमा त्वमेव परमेश्वरी ॥ १० ॥ यच्च किञ्चित् क्वचिद्वस्तु सदसद्वाखिलात्मिके । तस्य सर्वस्य या शक्तिः सा त्वं किं स्तूयसे तदा ॥ ११ ॥ यया त्वया जगत्स्रष्टा जगत्पात्यत्ति यो जगत् । सोऽपि निद्रावशं नीतः कस्त्वां स्तोतुमिहेश्वरः ॥ १२ ॥ विष्णुः शरीरग्रहणमहमीशान एव च । कारितास्ते यतोऽतस्त्वां कः स्तोतुं शक्तिमान्

भवेत् ॥ १३ ॥ सा त्वमित्थं प्रभावैः स्वैरुदारैर्देवि संस्तुता । मोहयैतौ दुराधर्षावसुरौ मधुकैटभौ ॥ १४ ॥ प्रबोधं च जगत्स्वामी नीयतामच्युतो लघु । बोधश्च क्रियतामस्य हन्तुमेतौ महासुरौ ॥ १५ ॥

इति रात्रि सूक्तम्

—:०:—

॥ अथ नवार्ण विधिः ॥

देव्याः कवचम्, अर्गलास्तोत्रम्, कीलकम्, वेदोक्तं रात्रिसूक्तम् तथा तन्त्रोक्तं रात्रिसूक्तम् का पाठ करने के पश्चात् निम्नाङ्कित रूप से नवार्ण मन्त्र के विनियोग, न्यास और ध्यानादि करें ।

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

विनियोग:

ॐ अस्य श्री नवार्णमन्त्रस्य ब्रह्मविष्णुरुद्रा ऋषयः गायत्र्युष्णिगनुष्टुभश्छन्दांसि, श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वत्यो देवताः ऐं बीजम् ह्रीं शक्तिः क्लीं कीलकम् श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वतीप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः ।

इसे पढ़कर जल गिराये ।

निम्नाङ्कित न्यास वाक्यों में से एक-एक का उच्चारण करके दाहिने हाथ की अंगुलियों से क्रमशः सिर, मुख, हृदय, गुदा दोनों चरण तथा नाभि-अंङ्गों का स्पर्श करे ।

—:•:—

ऋष्यादिन्यासः

ब्रह्मविष्णुरुद्रऋषिभ्यो नमः शिरसि ।

(दाहिने हाथ की अंगुलियों से सिर का स्पर्श करें ।)

गायत्र्युष्णिगनुष्टुप्छन्दोभ्यो नमः मुखे ।

(दाहिने हाथ की अंगुलियों से मुख का स्पर्श करें ।)

महाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वती देवताभ्यो नमः हृदि ।

(दाहिने हाथ की अंगुलियों से हृदय का स्पर्श करें ।)

ऐं बीजाय नमः गुह्ये ।

(दाहिने हाथ की अंगुलियों से गुह्य स्थान का स्पर्श करें ।)

ह्रीं शक्तये नमः पादयोः ।

(दाहिने हाथ की अंगुलियों से दोनों पैरों का स्पर्श करें ।)

क्लीं कीलकाय नमः नाभौ ।

(दाहिने हाथ की अंगुलियों से नाभि का स्पर्श करें ।)

॥ 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' ॥

इस मूलमन्त्र से हाथों की शुद्धि करके करन्यास करें ।

ॐ ऐं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः ।

(दोनों हाथों की तर्जनी अंगुलियों से दोनों अंगूठों का स्पर्श ।)

ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः ।

(दोनों हाथों के अँगूठों से दोनों तर्जनी अंगुलियों का स्पर्श ।)

ॐ क्लीं मध्यमाभ्यां नमः ।

(अँगूठों से मध्यमा अंगुलियों का स्पर्श ।)

ॐ चामुण्डायै अनामिकाभ्यां नमः ।

(अँगूठों से अनामिका अंगुलियों का स्पर्श ।)

ॐ विच्चे कनिष्ठिकाभ्यां नमः ।

(अंगूठों से कनिष्ठिका अंगुलियों का स्पर्श ।)

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे करतलकर पृष्ठाभ्यां नमः ।

(हथेलियों और उनके पृष्ठ भागों का परस्पर स्पर्श करें ।)

हृदयादिन्यासः

ॐ ऐं हृदयाय नमः ।

(दाहिने हाथ की पाँचों अंगुलियों से हृदय का स्पर्श ।)

ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा ।

(दाहिने हाथ की पाँचों अंगुलियों से सिर का स्पर्श ।)

ॐ क्लीं शिखायै वषट् ।

(दाहिने हाथ की अंगुलियों से शिखा का स्पर्श ।)

ॐ चामुण्डायै कवचाय हुम् ।

(दाहिने हाथ की अंगुलियों से बायें कंधे का और बायें हाथ की अंगुलियों से दाहिने कंधे का एक साथ ही स्पर्श करें ।)

ॐ विच्चे नेत्र त्रयाय वौषट् ।

(दाहिने हाथ की अंगुलियों के अग्रभाग से दोनों नेत्रों तथा ललाट के मध्य भाग का स्पर्श करें ।)

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे अस्त्राय फट् ।

(इस वाक्य को पढ़कर दाहिने हाथ को सिर के ऊपर से बायीं ओर से पीछे की ओर ले जाकर दाहिनी ओर से आगे की ओर ले आये और तर्जनी तथा मध्यमा अंगुलियों से बायें हाथ की हथेली पर ताली बजाये ।)

॥ अक्षरन्यासः ॥

निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर क्रमशः शिखा, नेत्र, कर्ण आदि का दाहिने हाथ की अंगुलियों से स्पर्श करें ।

ॐ ऐं नमः शिखायाम् ।
ॐ क्लीं नमः वाम नेत्रे ।
ॐ मुं नमः वाम कर्णे ।
ॐ यैं नमः वाम नासा पुटे ।
ॐ ह्रीं नमः दक्षिणनेत्रे ।
ॐ चां नमः दक्षिण कर्णे ।
ॐ डां नमः दक्षिण नासापुटे ।
ॐ विं नमः मुखे ।
ॐ च्चें नमः गुह्ये ।

॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ॥

(इस मूल मन्त्र से आठ बार व्यापक दोनों हाथों से सिर से पैर तक के समस्त अङ्गों का स्पर्श करें ।)

॥ दिङ्न्यासः ॥

निम्नाङ्कित वाक्यों को पढ़कर दाहिने हाथ से प्रत्येक दिशा में चुटकी बजाते हुये न्यास करें :—

ॐ ऐं प्राच्यै नमः । ॐ ऐं आग्नेय्यै नमः ।
ॐ ह्रीं दक्षिणायै नमः । ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यै नमः ।
ॐ क्लीं प्रतीच्यै नमः । ॐ क्लीं वायव्यै नमः ।
ॐ चामुण्डायै उदीच्यै नमः । ॐ चामुण्डायै ऐ शान्यै नमः ।
ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ऊर्ध्वायै नमः ।
ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे भूम्यै नमः ॥

ध्यानम्

खड्गं चक्रगदेषुचापपरिघाञ्छूलं भुशुण्डीं शिरः शङ्खं संदधतीं करैस्त्रिनयनां सर्वाङ्गभूषावृताम् । नीलाश्मद्युतिमास्यपाददशकां सेवे महाकालिकां यामस्तौत्स्वपिते हरौ कमलजो हन्तुं मधुं

कैटभम् ॥ १ ॥ अक्षस्रक्परशुं गदेषुकुलिशं पद्मं धनुः कुण्डिकां दण्डं शक्तिमसिं च चर्म जलजं घण्टां सुराभाजनम् । शूलं पाशसुदर्शने च दधतीं हस्तैः प्रसन्नाननां सेवे सैरिभमर्दिनीमिह महालक्ष्मीं सरोजस्थिताम् ॥ २ ॥ घण्टाशूलहलानि शङ्खमुसले चक्रं धनुः सायकं हस्ताब्जैर्दधतीं घनान्तविलसच्छीतांशुतुल्यप्रभाम् । गौरीदेहसमुद्भवां त्रिजगतामाधारभूतां महापूर्वामत्र सरस्वतीमनुभजे शुम्भादिदैत्यार्दिनीम् ॥ ३ ॥

तदुपरान्त,

'ऐं ह्रीं अक्षमालिकायै नमः'

इस मन्त्र से माला की पूजा करके प्रार्थना करे—

ॐ मां माले महामाये सर्वशक्तिस्वरूपिणि ।
चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तस्तस्मान्मे सिद्धिदा भव ॥

ॐ अविघ्नं कुरु माले त्वं गृह्णामि दक्षिणे करे।
जपकाले च सिद्ध्यर्थं प्रसीद मम सिद्धये॥

ॐ अक्षमालाधिपतये सुसिद्धिं देहि देहि सर्वमन्त्रार्थसाधिनि साधय साधय सर्वसिद्धिं परिकल्पय परिकल्पय मे स्वाहा।

तत्पश्चात्,

'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे'

इस मन्त्र का १०८ बार जप करे और—

गुह्यातिगुह्यगोप्त्री त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्।
सिद्धिर्भवतु मे देवि त्वत्प्रसादान्महेश्वरि॥

इस श्लोक को पढ़कर देवी के वामहस्त में जप निवेदन करे।

—:०:—

अथ सप्तशतीन्यासः

तत्पश्चात सप्तशती के विनियोग, न्यास और ध्यान करना चाहिये । न्यास की प्रणाली पूर्ववत् है—

प्रथममध्यमोत्तरचरित्राणां ब्रह्मविष्णुरुद्रा ऋषयः, श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वत्यो देवताः, गायत्र्युष्णिगनुष्टुभश्छन्दांसि, नन्दाशाकम्भरीभीमाः शक्तयः, रक्तदन्तिकादुर्गाभ्रामर्यो बीजानि, अग्निवायुसूर्यास्तत्त्वानि, ऋग्यजुःसामवेदा ध्यानानि, सकलकामनासिद्धये श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वतीदेवताप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः ।

ॐ खड्गिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा ।
शङ्खिनी चापिनी बाणभुशुण्डीपरिघायुधा ॥ अङ्गुष्ठाभ्यां नमः ॥
ॐ शूलेन पाहि नो देवि पाहि खड्गेन चाम्बिके ।
घण्टास्वनेन नः पाहि चापज्यानिःस्वनेन च ॥ तर्जनीभ्यां नमः ॥

ॐ प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च चण्डिके रक्ष दक्षिणे ।
भ्रामणेनात्मशूलस्य उत्तरस्यां तथेश्वरि ॥ मध्यमाभ्यां नमः ॥
ॐ सौम्यानि यानि रूपाणि त्रैलोक्ये विचरन्ति ते ।
यानि चात्यर्थघोराणि तै रक्षास्मांस्तथा भुवम् ॥ अनामिकाभ्यां नमः ॥
ॐ खड्गशूलगदादीनि यानि चास्त्राणि तेऽम्बिके ।
करपल्लवसङ्गीनि तैरस्मान् रक्ष सर्वतः ॥ कनिष्ठिकाभ्यां नमः ॥
ॐ सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते ।
भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तु ते ॥ करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ॥

खड्गिनी शूलिनी घोरा०—हृदयाय नमः ।
शूलेन पाहि नो देवि०—शिरसे स्वाहा ।
प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च०—शिखायै वषट् ।

सौम्यानि यानि रूपाणि०—कवचाय हुम् ।

खड्गशूलगदादीनि०—नेत्रत्रयाय वौषट् ।

सर्वस्वरूपे सर्वेशे०—अस्त्राय फट् ।

ध्यानम

विद्युद्दामसमप्रभां मृगपतिस्कन्धस्थितां भीषणां कन्याभिः करवालखेटविलसद्धस्ताभिरासेविताम् । हस्तैश्चक्रगदासिखेटविशिखांश्चापं गुणं तर्जनीं बिभ्राणामनलात्मिकां शशिधरां दुर्गां त्रिनेत्रां भजे ॥

॥ श्रीदुर्गायै नमः ॥

अथ श्रीदुर्गासप्तशती

प्रथमोऽध्यायः

त्रिकालदर्शी मेधा ऋषि का राजा सुरथ और समाधि को भगवती की महिमा बताते हुए मधु-कैटभ-वध का प्रसङ्ग सुनाना

विनियोगः

ॐ प्रथमचरित्रस्य ब्रह्मा ऋषिः, महाकाली देवता, गायत्री छन्दः, नन्दा शक्तिः, रक्तदन्तिका बीजम्, अग्निस्तत्त्वम्, ऋग्वेदः स्वरूपम्, श्रीमहाकालीप्रीत्यर्थे प्रथमचरित्र-जपे विनियोगः ।

प्रथम चरित्र के ब्रह्मा ऋषि, महाकाली देवता, गायत्री छन्द, नन्दा शक्ति, रक्त-दन्तिका बीज, अग्नि तत्त्व और ऋग्वेद स्वरूप हैं। श्रीमहाकाली देवता की प्रसन्नता के लिये प्रथम चरित्र के जप में विनियोग किया जाता है।

ध्यानम्

खड्गं चक्रगदेषुचापपरिघाञ्छूलं भुशुण्डीं शिरः शङ्खं संदधतीं करैस्त्रिनयनां सर्वाङ्गभूषावृताम्। नीलाश्मद्युतिमास्यपाददशकां सेवे महाकालिकां यामस्तौत्स्वपिते हरौ कमलजो हन्तुं मधुं कैटभम्॥

ॐ नमश्चण्डिकायै

'ॐ' ऐं मार्कण्डेय उवाच॥ १॥

सावर्णिः सूर्यतनयो यो मनुः कथ्यतेऽष्टमः। निशामय तदुत्पत्तिं विस्तराद् गदतो मम॥ २॥ महामायानुभावेन यथा

भगवान विष्णु के शयन करने पर मधु कैटभ को मारने हेतु कमलजन्मा ब्रह्माजी ने जिसकी स्तुति की थी, उन महाकाली देवी को मैं भजता हूँ। वे अपने दस हाथों में खड्ग, चक्र, गदा, बाण, धनुष, परिघ, शूल, भुशुण्डी, मस्तक और शङ्ख धारण करती हैं। त्रिनेत्र युक्त हैं। वे दिव्य आभूषणों से विभूषित अङ्गों से व्याप्त हैं। माँ काली दस मुख और दस पैरों से युक्त नीलमणि के समान शरीर की कान्ति वाली हैं।

मन्वन्तराधिपः। स बभूव महाभागः सावर्णिस्तनयो रवेः ॥ ३ ॥
स्वारोचिषेऽन्तरे पूर्वं चैत्रवंशसमुद्भवः। सुरथो नाम राजाभूत्समस्ते

मार्कण्डेय कहते हैं—सूर्य के पुत्र सावर्णि (सूर्य की छाया से उत्पन्न), जिनको आठवाँ मनु कहते हैं, उनकी उत्पत्ति सुनो, मैं विस्तार के साथ कहता हूँ ॥ १-२ ॥ महामाया भगवती की कृपा से सूर्य के पुत्र महाभाग सावर्णि जिस प्रकार मन्वन्तर के स्वामी हुए सो सुनो ॥ ३ ॥ स्वारोचिष मन्वन्तर में, चैत्र के वंश में उत्पन्न सुरथ सम्पूर्ण

पृथ्वीमंडल के राजा हुए ।। ४ ।। राजा सुरथ पुत्रों के समान अपनी प्रजा का पालन करते थे । उसी समय कोलाविध्वंसी राजा (जिन्होंने कोलापुर का विध्वंस किया था)

क्षितिमण्डले ॥ ४ ॥ तस्य पालयतः सम्यक् प्रजाः पुत्रानिवौरसान् । बभूवुः शत्रवो भूपाः कोलाविध्वंसिनस्तदा ॥ ५ ॥ तस्य तैरभवद् युद्धमतिप्रबलदण्डिनः । न्यूनैरपि स तैर्युद्धे कोलाविध्वंसिभिर्जितः ॥ ६ ॥ ततः स्वपुरमायातो निजदेशाधिपोऽभवत् । आक्रान्तः स महाभागस्तैस्तदा प्रबलारिभिः ॥ ७ ॥

उनके शत्रु हो गये ।। ५ ।। महाराज सुरथ के साथ उनका युद्ध हुआ । यद्यपि कोलाविध्वंसी राजाओं के साथ सेना कम थी और सुरथ के साथ बहुत बड़ी सेना थी, तो भी राजा सुरथ युद्ध में हार गये ।। ६ ।। प्रबल शत्रुओं से हारकर, महाराज सुरथ अपने नगर में आकर अपने देश का राज्य करने लगे ।। ७ ।। किन्तु वहाँ भी बलवान् दुष्ट मन्त्रियों ने

उनको दुर्बल जानकर खजाना और सेना सब अपने अधीन कर लिया ।। ८ ।। तब राजा सुरथ राज्यच्युत होकर, शिकार के बहाने, घोड़े पर चढ़कर, अकेले वने वन को चले गये ।। ९ ।। वहाँ उन्होंने मेधा ऋषि का आश्रम देखा । वह आश्रम मुनि तथा उनके शिष्यों से शोभित

अमात्यैर्बलिभिर्दुष्टैर्दुर्बलस्य दुरात्मभिः । कोशो बलं चापहृतं तत्रापि स्वपुरे ततः ॥ ८ ॥ ततो मृगयाव्याजेन हृतस्वाम्यः स भूपतिः । एकाकी हयमारुह्य जगाम गहनं वनम् ॥ ९ ॥ स तत्राश्रममद्राक्षीद् द्विजवर्यस्य मेधसः । प्रशान्तश्वापदाकीर्णं मुनि-शिष्योपशोभितम् ॥ १० ॥ तस्थौ कंचित्स कालं च मुनिना

था । वहाँ रहनेवाले हिंसक जीव किसी की हिंसा नहीं करते थे ।। १० ।। मुनि ने राजा का बड़ा सत्कार किया और राजा इधर-उधर विचरते हुए कुछ दिनों तक उस आश्रम

में रहे ॥ ११ ॥ किन्तु वहाँ राजा को अपने नगर और प्रजा की ममता होने लगी । वे सोचने लगे कि जिस नगर का मेरे पूर्वजों ने पालन किया था, वह अब मुझसे छूट गया ॥१२॥ नहीं मालूम, मेरे दुराचारी नौकर-चाकर धर्म से उसकी रक्षा करते हैं या

तेन सत्कृतः । इतश्चेतश्च विचरंस्तस्मिन्मुनिवराश्रमे ॥ ११ ॥ सोऽचिन्तयत्तदा तत्र ममत्वाकृष्ट चेतनः । मत्पूर्वैः पालितं पूर्वं मया हीनं पुरं हि तत् ॥ १२ ॥ मद्भृत्यैस्तैरसद्वृत्तैर्धर्मतः पाल्यते न वा । न जाने स प्रधानो मे शूरहस्ती सदामदः ॥ १३ ॥ मम वैरिवशं यातः कान् भोगानुपलप्स्यते । ये ममानुगता नित्यं

नहीं । मेरा मतवाला शूर हाथी शत्रुओं के वश में पड़कर न जाने किन भोगों को भोगता होगा । जो मेरे नौकर मेरी प्रसन्नता से धन और भोजन पाते थे, वे अब दूसरे राजाओं की सेवा करते होंगे । जो धन बड़े कष्ट से संचित किया गया था उसे अब फजूल खर्च

करनेवाले मेरे नौकर-चाकर खर्च करके नष्ट कर देंगे। इसी प्रकार राजा सुरथ और भी बहुत-सी चिन्ताएँ करने लगे ॥ १३-१६ ॥ एक दिन राजा को आश्रम के पास एक

प्रसादधनभोजनैः ॥ १४ ॥ अनुवृत्तिं ध्रुवं तेऽद्य कुर्वन्त्यन्यमहीभृताम्। असम्यग्व्ययशीलैस्तैः कुर्वद्भिः सततं व्ययम् ॥ १५ ॥ संचितः सोऽतिदुःखेन क्षयं कोशो गमिष्यति। एतच्चान्यच्च सततं चिन्तयामास पार्थिवः ॥ १६ ॥ तत्र विप्राश्रमाभ्याशे वैश्यमेकं ददर्श सः। स पृष्टस्तेन कस्त्वं भो हेतुश्चागमनेऽत्र कः ॥ १७ ॥ सशोक इव कस्मात्त्वं दुर्मना इव लक्ष्यसे। इत्याकर्ण्य वचस्तस्य

वैश्य देख पड़ा। राजा ने उससे पूछा—तुम कौन हो, और यहाँ आने का क्या कारण है? ॥ १७ ॥ तुम चिन्तित और उदास देख पड़ते हो, इसका क्या कारण है? राजा

का यह विनम्र वचन सुनकर वैश्य ने नम्रता से उत्तर दिया ॥१८-१९॥ वैश्य बोला— मैं वैश्य हूँ, धनिकों के कुल में उत्पन्न हुआ हूँ, मेरा नाम समाधि है ॥ २०-२१ ॥ मेरे

भूपतेः प्रणयोदितम् ॥ १८ ॥ प्रत्युवाच स तं वश्यः प्रश्रयावनतो नृपम् ॥ १९ ॥

वैश्य उवाच ॥ २० ॥

समाधिर्नाम वैश्योऽहमुत्पन्नो धनिनां कुले ॥ २१ ॥ पुत्रदारैर्निरस्तश्च धनलोभादसाधुभिः । विहीनश्च धनैर्दारैः पुत्रैरादाय

दुष्ट स्त्री-पुत्रों ने धन के लोभ से मेरा सर्वस्व छीनकर मुझे घर से निकाल दिया है, और मुझ निर्धन को मेरे मित्र और भाई-बन्धुओं ने भी त्याग दिया है, इसलिए मैं दुखित होकर वन को चला आया हूँ। अब यहाँ मुझे स्त्री, पुत्रों और बन्धुओं की कुशल

के हाल नहीं मिलते । नहीं मालूम, उनके घरों में कुशल है या नहीं, और मेरे पुत्रों के आचरण अब अच्छे हैं या नहीं ॥२२-२५॥ राजा ने कहा—जिन लोभी स्त्री-पुत्रादिकों

मे धनम् ॥ २२ ॥ वनमभ्यागतो दुःखी निरस्तश्चाप्तबन्धुभिः । सोऽहं न वेद्मि पुत्राणां कुशलाकुशलात्मिकाम् ॥ २३ ॥ प्रवृत्तिं स्वजनानां च दाराणां चात्र संस्थितः । किं नु तेषां गृहे क्षेममक्षेमं किं नु साम्प्रतम् ॥ २४ ॥ कथं ते किं नु सद्वृत्ता दुर्वृत्ताः किं नु मे सुताः ॥ २५ ॥

राजोवाच ॥ २६ ॥

यैर्निरस्तो भवाँल्लुब्धैः पुत्रदारादिभिर्धनैः ॥ २७ ॥ तेषु किं भवतः स्नेहमनुबध्नाति मानसम् ॥ २८ ॥

ने धन के लोभ से तुमको घर से निकाल दिया, उनका स्नेह अब तुम्हारे चित्त में क्या बना है ? ॥२६-२८॥ वैश्य ने उत्तर दिया—जो बात आप कहते हैं वही मैं भी सोचता

हूँ, किन्तु क्या करूँ, मेरे चित्त में निठुरता नहीं आती। जिन लोगों ने धन के लोभ से पिता, पति और मित्र के स्नेह को त्यागकर मुझे घर से निकाल दिया, उन्हीं के स्नेह में मेरा मन फँसा है। हे महामते, यह जानकर भी मेरा चित्त उन्हीं अवगुणी बन्धुओं

वैश्य उवाच ॥ २९ ॥

एवमेतद्यथा प्राह भवानस्मद्गतं वचः ॥ ३० ॥ किं करोमि न बध्नाति मम निष्ठुरतां मनः। यैः संत्यज्य पितृस्नेहं धनलुब्धै-र्निराकृतः ॥ ३१ ॥ पतिस्वजनहार्दं च हार्दि तेष्वेव मे मनः। किमेतन्नाभिजानामि जानन्नपि महामते ॥ ३२ ॥ यत्प्रेमप्रवणं चित्तं विगुणेष्वपि बन्धुषु। तेषां कृते मे निःश्वासो दौर्मनस्यं च जायते ॥ ३३ ॥ करोमि किं यन्न मनस्तेष्वप्रीतिषु निष्ठुरम् ॥ ३४ ॥

में क्यों प्रेम करता है, यह बात मेरी समझ में नहीं आती। उनके लिए मुझे शोक और चिन्ता होती है; पर क्या करूँ, उन निर्मोहियों के प्रति मेरा मन कठोर नहीं होता ॥२९–३४॥ मार्कण्डेय कहते हैं—हे विप्र, उसके बाद दोनों मिलकर मुनि के पास

गये ॥३५–३६॥ समाधि वैश्य और महाराज सुरथ मुनि से न्यायपूर्वक यथोचित संभाषण करके बैठ गये । राजा और वैश्य अपने विषय में कुछ बातें करने लगे ॥३७–३८॥

मार्कण्डेय उवाच ॥ ३५ ॥

ततस्तौ सहितौ विप्र तं मुनिं समुपस्थितौ ॥ ३६ ॥ समाधिर्नाम वैश्योऽसौ स च पार्थिवसत्तमः । कृत्वा तु तौ यथान्यायं यथार्हं तेन संविदम् ॥ ३७ ॥ उपविष्टौ कथाः काश्चिच्चक्रतुर्वैश्यपार्थिवौ ॥ ३८ ॥

राजोवाच ॥ ३९ ॥

भगवंस्त्वामहं प्रष्टुमिच्छाम्येकं वदस्व तत् ॥ ४० ॥ दुःखाय यन्मे

उसके बाद राजा ने मुनि से कहा—भगवन्, मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूँ, सो आप बताइए ॥३९–४०॥ मेरा मन मेरे वश में नहीं है, इसलिए मुझे बड़ा दुःख मिल रहा है ।

बात यह है कि मुझे अपने राज्य, नौकर-चाकर, हाथी-घोड़ा और खजाना आदि में बड़ी ममता रहती है। यद्यपि मैं जानता हूँ कि अब उन सबसे अलग हो गया हूँ, उनमें प्रीति रखने से दुःख होगा, तो भी अज्ञानी की तरह मेरा चित्त उन्हीं में फँसा रहता है।

मनसः स्वचित्तायत्ततां विना। ममत्वं गतराज्यस्य राज्याङ्गेष्व-खिलेष्वपि ॥ ४१ ॥ जानतोऽपि यथाज्ञस्य किमेतन्मुनिसत्तम। अयं च निकृतः पुत्रैर्दारैर्भृत्यैस्तथोज्झितः ॥ ४२ ॥ स्वजनेन च संत्यक्तस्तेषु हार्दी तथाप्यति। एवमेष तथाहं च द्वावप्यत्यन्त-दुःखितौ ॥ ४३ ॥ दृष्टदोषेऽपि विषये ममत्वाकृष्टमानसौ। तत्किमे-

इसका क्या कारण है? यह जो मेरे साथ वैश्य है, इसे भी इसके बेटे, स्त्री-कुटुम्बियों और भाई-बन्धुओं ने घर से निकाल दिया है, परन्तु इतने पर भी चित्त में उनका स्नेह बना है। हम दोनों इसी विषय में बहुत दुःखित हैं। ४१–४३। यद्यपि उन लोगों की

दुष्टता जानते हैं तो भी उनकी ममता हम लोगों के चित्त से नहीं जाती। हे महाभाग, इसका क्या कारण है कि हम लोग इन बातों को समझते हुए भी मूर्खों की तरह मोह

तन्महाभाग यन्मोहो ज्ञानिनोरपि ॥ ४४ ॥ ममास्य च भवत्येषा विवेकान्धस्य मूढता ॥ ४५ ॥

ऋषिरुवाच ॥ ४६ ॥

ज्ञानमस्ति समस्तस्य जन्तोर्विषयगोचरे ॥ ४७ ॥ विषयश्च महाभाग याति चैवं पृथक् पृथक् । दिवान्धाः प्राणिनः केचिद्रात्रा-वन्धास्तथापरे ॥ ४८ ॥ केचिद्दिवा तथा रात्रौ प्राणिनस्तुल्य-

में फँसे हैं। मोह तो अज्ञानी मनुष्यों को होना चाहिए, हम लोग ज्ञानवान् होकर क्यों मूर्खता करते हैं? ॥ ४४–४५ ॥ महाराज सुरथ का यह प्रश्न सुनकर मेधा ऋषि बोले—

महाराज, विषयों (रूप-रस आदि) के समझने का ज्ञान तो सभी प्राणियों को है और विषय भी सबके अलग-अलग हैं। बहुत-से प्राणी दिन में अन्धे रहते हैं, कोई रात में नहीं देखते, बहुतों को दिन-रात में बराबर सूझता है और बहुत-से प्राणियों को दिन

दृष्टयः। ज्ञानिनो मनुजाः सत्यं किं तु ते न हि केवलम् ॥ ४९ ॥
यतो हि ज्ञानिनः सर्वे पशुपक्षिमृगादयः। ज्ञानं च तन्मनुष्याणां यत्तेषां मृगपक्षिणाम् ॥ ५० ॥ मनुष्याणां च यत्तेषां तुल्यमन्यत्त-थोभयोः। ज्ञानेऽपि सति पश्यैतान् पतङ्गाञ्छावचञ्चुषु ॥ ५१ ॥ कणमोक्षादृतान्मोहात्पीड्यमानानपि क्षुधा। मानुषा मनुजव्याघ्र साभिलाषाः सुतान् प्रति ॥ ५२ ॥ लोभात्प्रत्युपकाराय नन्वेतान्

रात में कभी नहीं सूझता। मनुष्य ज्ञानवान् होते हैं सही, किन्तु केवल मनुष्य ही ज्ञानी नहीं हैं, पशु-पक्षी और मृग आदिकों को भी ज्ञान होता है। विषयों का ज्ञान जैसा

मनुष्यों को है वैसा ही पशु-पक्षियों को भी है। इसलिए साधारण ज्ञान में पशु-पक्षी भी मनुष्यों के समान ही हैं। देखो, पक्षी भूख से पीड़ित रहने पर भी और बच्चों के खाने से हमारी भूख न जायगी, यह जानते हुए भी ममता के वश होकर अपना आहार बच्चों

किं न पश्यति। तथापि ममतावर्ते मोहगर्ते निपातिताः ॥ ५३ ॥ महामायाप्रभावेण संसारस्थितिकारिणा। तन्नात्र विस्मयः कार्यो योगनिद्रा जगत्पतेः ॥ ५४ ॥ महामाया हरेश्चैषा तया संमोह्यते जगत्। ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा ॥ ५५ ॥

की चोंच में दे देते हैं और आप भूखे रह जाते हैं। महाराज, मनुष्य भी उपकार की आशा से पुत्रों का मोह करते हैं। क्या ये बातें तुम नहीं देखते हो ? संसार का पालन करनेवाले विष्णु की महामाया के प्रभाव से मनुष्य ज्ञानवान् होने पर भी मोह में फँसे

रहते हैं। इसमें कुछ आश्चर्य न करना चाहिए; क्योंकि जगत्पति भगवान् विष्णु की योगनिद्रा महामाया में सम्पूर्ण जगत् मोहित है। वह महामाया देवी भगवती ज्ञानियों के भी चित्त खींचकर मोह में फँसा देती है। वह भगवती इस चराचर जगत् को

बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति। तया विसृज्यते विश्वं जगदेतच्चराचरम् ॥ ५६ ॥ सैषा प्रसन्ना वरदा नृणां भवति मुक्तये। सा विद्या परमा मुक्तेर्हेतुभूता सनातनी ॥ ५७ ॥ संसारबन्ध-हेतुश्च सैव सर्वेश्वरेश्वरी ॥ ५८ ॥

उत्पन्न करती है, और वही प्रसन्न होकर, वरदान देकर, मनुष्यों को मुक्ति देती है। वह भगवती उत्कृष्ट ज्ञानस्वरूप, मुक्ति का कारण और सनातनी है। वही भगवती संसार के बन्धन का कारण और सब ईश्वरों की ईश्वरी है ॥ ४६-५८ ॥ यह

सुनकर राजा सुरथ ने पूछा—भगवन् जिसे आप महामाया कहते हैं, वह भगवती कौन है ? वह कैसे उत्पन्न हुई और उसके कर्म क्या है ? हे ब्रह्मन्, मैं उसका स्वरूप, उत्पत्ति और स्वभाव आपसे सुना चाहता हूँ। ऋषि ने कहा—वह भगवती जगन्मूर्ति

राजोवाच ॥ ५९ ॥

भगवन् का हि सा देवी महामायेति यां भवान् ॥ ६० ॥ ब्रवीति कथमुत्पन्ना सा कर्मास्याश्च किं द्विज । यत्प्रभावा च सा देवी यत्स्वरूपा यदुद्भवा ॥ ६१ ॥ तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि त्वत्तो ब्रह्मविदां वर ॥ ६२ ॥

और नित्या है, यह सम्पूर्ण जगत् उसी का बनाया हुआ है, तो भी भक्तों के हित के लिए अनेक प्रकार से उसकी उत्पत्ति हुई है, सो मैं कहता हूँ, सुनो—जब देवताओं का कार्य सिद्ध करने के लिए वह उत्पन्न होती है तब नित्या होने पर भी वह उत्पन्ना कह-

लाती है। कल्प के अन्त में जब जगत् जलमय हो गया और विष्णु भगवान् शेषशय्या पर सो गये तब उनके कान के मैल से मधु और कैटभ नाम के दो भयानक असुर उत्पन्न

ऋषिरुवाच ॥ ६३ ॥

नित्यैव सा जगन्मूर्तिस्तया सर्वमिदं ततम् ॥ ६४ ॥ तथापि तत्समुत्पत्तिर्बहुधा श्रूयतां मम। देवानां कार्यसिद्ध्यर्थमाविर्भवति सा यदा ॥ ६५ ॥ उत्पन्नेति तदा लोके सा नित्याप्यभिधीयते। योगनिद्रां यदा विष्णुर्जगत्येकार्णवीकृते ॥ ६६ ॥ आस्तीर्य शेषमभजत्कल्पान्ते भगवान् प्रभुः। तदा द्वावसुरौ घोरौ विख्यातौ

होकर ब्रह्मा को मारने दौड़े। विष्णु भगवान् की नाभि में फूले हुए कमल पर बैठे हुए ब्रह्मा ने उन दोनों उग्र असुरों को देखकर, और जनार्दन विष्णु को सोया हुआ जान-

कर उनको जगाने के लिए, उनके नेत्रों में जो योगनिद्रा प्राप्त थीं, एकाग्रचित्त से उनकी स्तुति करने लगे। ब्रह्मा ने योगनिद्रा, विश्वेश्वरी, जगद्धात्री, स्थितिसंहारकारिणी,

मधुकैटभौ॥ ६७॥ विष्णुकर्णमलोद्भूतौ हन्तुं ब्रह्माणमुद्यतौ। स नाभि-कमले विष्णोः स्थितो ब्रह्मा प्रजापतिः॥ ६८॥ दृष्ट्वा तावसुरौ चोग्रौ प्रसुप्तं च जनार्दनम्। तुष्टाव योगनिद्रां तामेकाग्रहृदयस्थितः॥ ६९॥ विबोधनार्थाय हरेर्हरिनेत्रकृतालयाम्। विश्वेश्वरीं जगद्धात्रीं स्थिति-संहारकारिणीम्॥ ७०॥ निद्रां भगवतीं विष्णोरतुलां तेजसः प्रभुः॥७१॥

विष्णु के तेज की अनुपम मूर्ति भगवती की इस प्रकार स्तुति की॥ ५९-७१॥ ब्रह्मा ने कहा—हे भगवती, स्वाहा, स्वधा और वषट्काररूपिणी आप ही हैं। स्वररूपिणी और

सुधा आप ही हैं। हे अविनाशिनि, हे नित्ये, तीन प्रकार की मात्रा (ह्रस्व, दीर्घ, लुप्त अथवा अकार, उकार, मकार-प्रणवरूप) आप ही हैं। अर्धमात्रारूपिणी होकर आप स्थित हैं। आप नित्या हैं। स्वर की सहायता विना जिनका विशेषरूप से उच्चारण नहीं

ब्रह्मोवाच ॥ ७२ ॥

त्वं स्वाहा त्वं स्वधा त्वं हि वषट्कारः स्वरात्मिका ॥ ७३ ॥ सुधा त्वमक्षरे नित्ये त्रिधामात्रात्मिका स्थिता। अर्धमात्रास्थिता नित्या यानुच्चार्या विशेषतः ॥ ७४ ॥ त्वमेव सन्ध्या सावित्री त्वं देवि जननी परा। त्वयैतद्धार्यते विश्वं त्वयैतत्सृज्यते जगत् ॥ ७५ ॥

हो सकता, वह व्यंजनरूपिणी आप ही हैं ॥ ७२-७४ ॥ आप ही सावित्री हैं। हे देवि, आप ही सबकी माता हैं, आप ही इस विश्व को उत्पन्न करती हैं और आप ही धारण करती हैं ॥७५॥ आप ही पालन करती हैं और हे देवि, आप ही भक्षण कर लेती हैं।

हे जगन्मये, संसार की सृष्टि करते समय आप सृष्टिरूप, पालन करने के समय स्थिति-रूप और विनाश करने के समय संहार-रूप धारण करती हैं। हे देवि, महाविद्या, महामाया, महामेधा, महास्मृति, महामोहा, महादेवी और महासुरी आप ही हैं। सम्पूर्ण

त्वयैतत्पाल्यते देवि त्वमत्स्यन्ते च सर्वदा। विसृष्टौ सृष्टिरूपा त्वं स्थितिरूपा च पालने॥ ७६॥ तथा संहृतिरूपान्ते जगतोऽस्य जगन्मये। महाविद्या महामाया महामेधा महास्मृतिः॥ ७७॥ महामोहा च भवती महादेवी महासुरी। प्रकृतिस्त्वं च सर्वस्य गुण-त्रयविभाविनी॥ ७८॥ कालरात्रिर्महारात्रिर्मोहरात्रिश्च दारुणा। त्वं

जगत् की त्रिगुणमयी (सतोगुणी, तमोगुणी और रजोगुणी) प्रकृति आप ही हैं॥७६-७८॥ भयावनी कालरात्रि महारात्रि और मोहरात्रि आप ही हैं। श्री (लक्ष्मीरूप), ईश्वरी

(ऐश्वर्ययुक्त), और ह्री (लज्जाबीज) बोधलक्षणा-बुद्धि, लज्जा, तुष्टि, पुष्टि, शान्ति और क्षान्ति भी आप ही हैं। खड्ग, शूल, गदा, चक्र, शंख, धनुष, बाण, भुशुण्डी, परिघ और एक हाथ में मुण्ड आप धारण करती हैं। आप सौम्या और सौम्यतरा हैं तथा सब सुन्दर

श्रीस्त्वमीश्वरी त्वं ह्रीस्त्वं बुद्धिर्बोधलक्षणा ॥ ७९ ॥ लज्जा पुष्टिस्तथा तुष्टिस्त्वं शान्तिः क्षान्तिरेव च। खड्गिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा ॥ ८० ॥ शङ्खिनी चापिनी बाणभुशुण्डीपरिघायुधा। सौम्या सौम्यतराशेषसौम्येभ्यस्त्वतिसुन्दरी ॥ ८१ ॥ परापराणां परमा त्वमेव परमेश्वरी। यच्च किंचित्क्वचिद्वस्तु सदसद्वा-

वस्तुओं से बढ़कर सुन्दरी हैं ॥ ७९-८१ ॥ आप ब्रह्मा आदि सब देवताओं से श्रेष्ठ और परमेश्वरी हैं। हे अखिलात्मिके, जगत् में सत् और असत् जितनी वस्तुएँ

हैं, उनमें जो शक्ति है, वह आप ही है। फिर आपकी स्तुति कैसे की जा सकती है। आपने जगत् की उत्पत्ति, पालन और विनाश करनेवाले भगवान् विष्णु को भी निद्रा के वश कर दिया। अब आपकी स्तुति कौन कर सकता है। मुझको और विष्णु तथा

खिलात्मिके ॥ ८२ ॥ तस्य सर्वस्य या शक्तिः सा त्वं किं स्तूयसे तदा। यया त्वया जगत्स्रष्टा जगत्पात्यत्ति यो जगत् ॥ ८३ ॥ सोऽपि निद्रावशं नीतः कस्त्वां स्तोतुमिहेश्वरः। विष्णुः शरीरग्रहणमहमीशान एव च ॥ ८४ ॥ कारितास्ते यतोऽतस्त्वां कः स्तोतुं शक्तिमान् भवेत्। सा त्वमित्थं प्रभावैः स्वैरुदारैर्देवि

महादेव को आपने शरीर धारण करा दिया (अर्थात् शरीरधारी ममता में फँस जाते हैं, इसलिए उनमें आपकी स्तुति करने की सामर्थ्य नहीं रह जाती और जो शरीरधारी नहीं

हैं, वे मुक्त हो गये; वे आपकी स्तुति कैसे करेंगे) तो आपकी स्तुति करने में सामर्थ्य किसकी है। हे देवि, आपके उदार-प्रभाव (माहात्म्य) से ही आपकी स्तुति होती है ॥ ८२-८५ ॥ आप इन दोनों दुर्धर्ष मधु-कैटभ असुरों को मोह उत्पन्न कीजिए और

संस्तुता ॥ ८५ ॥ मोहयैतौ दुराधर्षावसुरौ मधुकैटभौ। प्रबोधं च जगत्स्वामी नीयतामच्युतो लघु ॥ ८६ ॥ बोधश्च क्रियतामस्य हन्तुमेतौ महासुरौ ॥ ८७ ॥

जगत् के स्वामी अच्युत भगवान् विष्णु को शीघ्र जगाकर इन महाअसुरों को मारने के लिए प्रेरित कीजिए ॥८६-८७॥ मेधा ऋषि कहते हैं—महाराज, ब्रह्मा ने जब इस प्रकार तामसी देवी की स्तुति की, तब वह महामाया विष्णु भगवान् को जगाने के लिए और

मधु-कैटभ का विनाश करने के लिए भगवान् के नेत्र, मुख, नासिका, बाहु, हृदय और छाती से निकलकर ब्रह्मा को दर्शन देने के लिए खड़ी हो गईं। योगनिद्रा महामाया के निकलने से भगवान् विष्णु शेषशय्या पर उठ बैठे और उस एकार्णव में उन दोनों असुरों

ऋषिरुवाच ॥ ८८ ॥

एवं स्तुता तदा देवी तामसी तत्र वेधसा ॥ ८९ ॥ विष्णोः प्रबोधनार्थाय निहन्तुं मधुकैटभौ । नेत्रास्यनासिकाबाहुहृदयेभ्यस्तथोरसः ॥ ९० ॥ निर्गम्य दर्शने तस्थौ ब्रह्मणोऽव्यक्तजन्मनः । उत्तस्थौ च जगन्नाथस्तया मुक्तो जनार्दनः ॥ ९१ ॥ एकार्णवेऽहि-

को देखने लगे। महापराक्रमी असुरों ने भी उनको देखा ॥ ८८-९२ ॥ क्रोध से लाल-लाल आँखें किये, ब्रह्मा को खा जाने के लिए उद्यत, उन दुष्टों को देखकर, विष्णु भगवान् उठकर उनसे युद्ध करने लगे ॥ ९३ ॥ पाँच हजार वर्ष उनसे बाहु-युद्ध हुआ। उसके

बाद बल से उन्मत्त मधु-कैटभ महामाया से मोहित होकर विष्णु से बोले—हम तुम्हारे युद्ध से बहुत प्रसन्न हुए, तुम हमसे वर माँगो ।। ९४-९५ ।। भगवान् विष्णु ने कहा—

शयनात्ततः स ददृशे च तौ । मधुकैटभौ दुरात्मानावतिवीर्य-पराक्रमौ ॥ ६२ ॥ क्रोधरक्तेक्षणावत्तुं ब्रह्माणं जनितोद्यमौ । समुत्थाय ततस्ताभ्यां युयुधे भगवान् हरिः ॥ ६३ ॥ पञ्चवर्षसहस्राणि बाहुप्रहरणो विभुः । तावप्यतिबलोन्मत्तौ महामायाविमोहितौ ॥६४॥ उक्तवन्तौ वरोऽस्मत्तो व्रियतामिति केशवम् ॥ ६५ ॥

श्रीभगवानुवाच ॥ ६६ ॥

भवेतामद्य मे तुष्टौ मम वध्यावुभावपि ॥ ६७ ॥ किमन्येन वरेणात्र एतावद्धि वृतं मम ॥ ६८ ॥

जो तुम दोनों मुझ पर प्रसन्न हो, तो मैं यह वर माँगता हूँ कि मेरे हाथ से तुम्हारी मृत्यु हो और कोई वर मुझे न चाहिए । इतने से ही मेरा प्रयोजन है ।। ९६-९८ ।। मेधा

ऋषि कहते हैं—हे सुरथ, जब वे दोनों इस प्रकार भगवान् विष्णु से वंचित हुए, तब वे सम्पूर्ण जगत् को जलमय देखकर बोले—जहाँ पृथ्वी पानी में डूबी न हो वहाँ

ऋषिरुवाच ॥ ९९ ॥

वञ्चिताभ्यामिति तदा सर्वमापोमयं जगत् ॥ १०० ॥
विलोक्य ताभ्यां गदितो भगवान् कमलेक्षणः । आवां जहि न यत्रोर्वी सलिलेन परिप्लुता ॥ १०१ ॥

ऋषिरुवाच ॥ १०२ ॥

तथेत्युक्त्वा भगवता शङ्खचक्रगदाभृता । कृत्वा चक्रेण वै

हमको मारो ॥ ९९-१०१ ॥ ऋषि कहते हैं—मधु-कैटभ के यह कहने पर शंख-चक्र-गदाधारी विष्णु ने "अच्छा" कहकर उन दोनों के सिर अपनी जाँघ अथवा पेड़ू

(जघन का अर्थ पेड़ू भी है) पर रखकर चक्र से काट डाला ॥ १०२-१०३ ॥ इस

च्छिन्ने जघने शिरसी तयोः ॥ १०३ ॥ एवमेषा समुत्पन्ना ब्रह्मणा संस्तुता स्वयम् । प्रभावमस्या देव्यास्तु भूयः शृणु वदामि ते ॥ ऐंॐ ॥ १०४ ॥

प्रकार ब्रह्मा के स्तुति करने पर वह देवी स्वयं उत्पन्न हुई । अब और भी उसका प्रभाव कहता हूँ, सुनो ॥ १०४ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये मधुकैटभवधो नाम प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

उवाच १४ अर्द्ध० २४ श्लोकाः ६ मं० १०४

—:०:—

द्वितीयोऽध्यायः

देवताओं के तेज से देवी का प्रादुर्भाव और महिषासुर की सेना का वध

विनियोगः

ॐ मध्यमचरित्रस्य विष्णुर्ऋषिर्महालक्ष्मीर्देवताउष्णिक् छन्दः शाकम्भरी शक्तिः दुर्गा बीजं वायुस्तत्त्वं यजुर्वेदः स्वरूपं श्रीमहालक्ष्मीप्रीत्यर्थं मध्यमचरित्रजपे विनियोगः ।

ॐ मध्यम चरित्र के विष्णु ऋषि, महालक्ष्मी देवता, उष्णिक् छन्द, शाकम्भरी शक्ति, दुर्गा बीज, वायु तत्त्व और यजुर्वेद स्वरूप है । श्रीमहालक्ष्मी की प्रसन्नता के लिये मध्यम चरित्र के पाठ में इसका विनियोग है ।

ध्यानम्

ॐअक्षस्त्रक्परशुंगदेषुकुलिशं पद्मं धनुष्कुण्डिकां दण्डं शक्तिमसिं च चर्म जलजं घण्टां सुराभाजनम् । शूलं पाशसुदर्शने च दधतीं हस्तैः प्रसन्नाननां सेवे सैरभिमर्दिनीमिह महालक्ष्मीं सरोजस्थिताम् ॥

मैं कमल के आसन पर विराजमान, प्रसन्न मुखवाली महिषासुर मर्दिनी श्री भगवती महालक्ष्मी की स्तुति करता हूँ। जो अपने हाथों में अक्षमाला, फरसा, गदा, बाण, वज्र, पद्म, धनुष, कुण्डिका, दण्ड, शक्ति, खड्ग, ढाल, शङ्ख, घण्टा, मधुपात्र, शूल, पाश और चक्र धारण करती हैं।

मेधा ऋषि कहते हैं—राजन्, प्राचीन समय में असुरों के राजा महिषासुर और देवताओं के राजा इन्द्र से सौ वर्ष युद्ध हुआ ॥ १-२ ॥ उस युद्ध में बलवान् असुरों ने देवताओं को जीत लिया और महिषासुर इन्द्र बन बैठा ॥ ३ ॥ देवता परास्त होकर प्रजापति ब्रह्मा

ॐ ह्रीं ऋषिरुवाच ॥ १ ॥

देवासुरमभूद्युद्धं पूर्णमब्दशतं पुरा । महिषेऽसुराणामधिपे देवानां च पुरन्दरे ॥ २ ॥ तत्रासुरैर्महावीर्यैर्देवसैन्यं पराजितम् । जित्वा च सकलान् देवानिन्द्रोऽभून्महिषासुरः ॥ ३ ॥ ततः पराजिता देवाः पद्मयोनिं प्रजापतिम् । पुरस्कृत्य गतास्तत्र यत्रेशगरुडध्वजौ ॥ ४ ॥ यथावृत्तं तयोस्तद्वन्महिषासुरचेष्टितम् । त्रिदशाः

के पास गये और ब्रह्मा को साथ लेकर जहाँ भगवान् विष्णु और महादेव थे, वहाँ गये ॥ ४ ॥ देवताओं ने उनसे युद्ध का सब वृत्तान्त, जिस प्रकार महिषासुर विजयी

होकर इन्द्र हुआ और देवता परास्त हुए, विस्तार के साथ कहा ॥ ५ ॥ देवताओं ने कहा—भगवन्, महिषासुर ने सूर्य, चन्द्रमा, इन्द्र, वायु, अग्नि, यम और वरुण आदि सब देवताओं के अधिकार छीन लिया है और उनको स्वर्ग से निकाल दिया है । अब देवता

कथयामासुर्देवाभिभवविस्तरम् ॥ ५ ॥ सूर्येन्द्राग्न्यनिलेन्दूनां यमस्य वरुणस्य च । अन्येषां चाधिकारान् स स्वयमेवाधितिष्ठति ॥ ६ ॥ स्वर्गान्निराकृताः सर्वे तेन देवगणा भुवि । विचरन्ति यथा मर्त्या महिषेण दुरात्मना ॥ ७ ॥ एतद्वः कथितं सर्वममरारिविचेष्टितम् । शरणं वः प्रपन्नाः स्मो वधस्तस्य विचिन्त्यताम् ॥ ८ ॥

मनुष्यों की तरह पृथ्वी पर घूमते हैं ॥ ६-७ ॥ भगवन्, महिषासुर ने जो उपद्रव किया है, वह हम लोगों ने आपसे निवेदन किया । हम लोग आपकी शरण में आये हैं । आप उसके मारने का उपाय सोचिए ॥ ८ ॥ देवताओं की यह प्रार्थना सुनकर भगवान् विष्णु

और महादेव को बड़ा क्रोध हुआ। क्रोध से उनकी भौंहें चढ़ गई और मुँह तमतमा गया ॥ ९ ॥ अत्यन्त कुपित भगवान् विष्णु के मुँह से एक बहुत बड़ा तेज निकला। उसी प्रकार ब्रह्मा और महादेव के भी मुँह से तेज निकला ॥ १० ॥ इन्द्र आदि जितने

इत्थं निशम्य देवानां वचांसि मधुसूदनः । चकार कोपं शम्भुश्च भ्रुकुटीकुटिलाननौ ॥ ९ ॥ ततोऽतिकोपपूर्णस्य चक्रिणो वदनात्ततः । निश्चक्राम महत्तेजो ब्रह्मणः शंकरस्य च ॥ १० ॥ अन्येषां चैव देवानां शक्रादीनां शरीरतः । निर्गतं सुमहत्तेजस्तच्चैक्यं समगच्छत ॥ ११ ॥ अतीव तेजसः कूटं ज्वलन्तमिव पर्वतम् ।

देवता थे उनकी देह से भी तेज निकला और वह सब इकट्ठा हो गया ॥ ११ ॥ देवताओं ने देखा कि वह तेज-पुंज प्रज्वलित पहाड़ के समान हो गया और उसका प्रकाश सब

दिशाओं में फैल गया ॥ १२ ॥ फिर वही अतुल तेज, जो देवताओं की देह से निकल-कर एकत्र हुआ था, एक स्त्री का रूप बन गया और उसका प्रकाश तीनों लोकों में फैल गया ॥ १३ ॥ शिव के तेज से उस स्त्री का मुँह, यम के तेज से सिर के बाल, विष्णु के

ददृशुस्ते सुरास्तत्र ज्वालाव्याप्तदिगन्तरम् ॥ १२ ॥ अतुलं तत्र तत्तेजः सर्वदेवशरीरजम् । एकस्थं तदभून्नारी व्याप्तलोकत्रयं त्विषा ॥ १३ ॥ यदभूच्छाम्भवं तेजस्तेनाजायत तन्मुखम् । याम्येन चाभवन् केशा बाहवो विष्णुतेजसा ॥ १४ ॥ सौम्येन स्तनयोर्युग्मं मध्यं चैन्द्रेण चाभवत् । वारुणेन च जङ्घोरू नितम्बस्तेजसा भुवः ॥ १५ ॥ ब्रह्मणस्तेजसा पादौ तदङ्गुल्योऽर्कतेजसा । वसूनां

तेज से भुजाएँ, चन्द्रमा के तेज से दोनों स्तन, इन्द्र के तेज से देह का मध्य भाग, वरुण के तेज से जाँघें और पृथ्वी के तेज से उसके नितम्ब बन गये ॥ १४-१५ ॥ ब्रह्मा के तेज से

दोनों पैर, सूर्य के तेज से पैरों की अँगुलियाँ, वसुओं के तेज से हाथों की अँगुलियाँ, कुबेर के तेज से नाक, प्रजापति के तेज से दाँत, अग्नि के तेज से तीन आँखें, दोनों सन्ध्याओं के तेज से भौंहें और वायु के तेज से दो कान बन गये। इस प्रकार देवताओं के तेज से

च कराङ्गुल्यः कौबेरेण च नासिका ॥ १६ ॥ तस्यास्तु दन्ताः सम्भूताः प्राजापत्येन तेजसा। नयनत्रितयं जज्ञे तथा पावक-तेजसा ॥ १७ ॥ भ्रुवौ च संध्ययोस्तेजः श्रवणावनिलस्य च। अन्येषां चैव देवानां सम्भवस्तेजसां शिवा ॥ १८ ॥ ततः समस्त-देवानां तेजोराशिसमुद्भवाम्। तां विलोक्य मुदं प्रापुरमरा महिषार्दिताः ॥१९॥ शूलं शूलाद्विनिष्कृष्य ददौ तस्यै पिनाकधृक्।

शिवा देवी उत्पन्न हुईं ॥ १६-१८ ॥ देवताओं के तेज-पुंज से उत्पन्न उस देवी को देखकर महिषासुर से पीड़ित देवता बड़े प्रसन्न हुए ॥ १९ ॥ उसके बाद शिवजी ने अपने त्रिशूल से

एक दूसरा त्रिशूल निकालकर उस देवी को दे दिया, विष्णु ने अपने चक्र से एक चक्र उत्पन्न करके दिया ॥ २० ॥ इसी प्रकार वरुण ने शंख, अग्नि ने शक्ति, पवन ने धनुष और बाणों से भरा हुआ तरकस दिया ॥ २१ ॥ देवराज इन्द्र ने अपने वज्र से

चक्रं च दत्तवान् कृष्णः समुत्पाद्य स्वचक्रतः ॥ २० ॥ शङ्खं च वरुणः शक्तिं ददौ तस्यै हुताशनः । मारुतो दत्तवांश्चापं बाणपूर्णे तथेषुधी ॥ २१ ॥ वज्रमिन्द्रः समुत्पाद्य कुलिशादमराधिपः । ददौ तस्यै सहस्राक्षो घण्टामैरावताद् गजात् ॥ २२ ॥ कालदण्डाद्यमो दण्डं पाशं चाम्बुपतिर्ददौ । प्रजापतिश्चाक्षमालां ददौ ब्रह्मा

वज्र उत्पन्न करके दिया और ऐरावत हाथी से घंटा निकालकर दे दिया ॥ २२ ॥ यम ने दंड से दंड निकालकर और वरुण ने पाश से पाश निकालकर दिया । प्रजापति

ने रुद्राक्ष की माला और ब्रह्मा ने कमंडलु दिया ॥ २३ ॥ सूर्य ने देवी के रोमकूपों में अपनी किरणें दे दीं, काल ने ढाल और चमकती हुई तलवार दी ॥ २४ ॥ समुद्र ने एक बहुत अच्छा हार, दो नये वस्त्र, दिव्य चूड़ामणि, दोनों कानों के कुंडल, कंकण,

कमण्डलुम् ॥ २३ ॥ समस्तरोमकूपेषु निजरश्मीन् दिवाकरः ।
कालश्च दत्तवान् खड्गं तस्याश्चर्म च निर्मलम् ॥ २४ ॥ क्षीरोद-
श्चामलं हारमजरे च तथाम्बरे । चूडामणिं तथा दिव्यं कुण्डले
कटकानि च ॥ २५ ॥ अर्धचन्द्रं तथा शुभ्रं केयूरान् सर्वबाहुषु ।
नूपुरौ विमलौ तद्वद् ग्रैवेयकमनुत्तमम् ॥ २६ ॥ अङ्गुलीयकरत्नानि

अर्धचन्द्र के समान ललाट का भूषण, सब भुजाओं के विजायठ, पैरों के नूपुर, गले का उत्तम हार और सब अँगुलियों के लिए जड़ाऊ अँगूठियाँ दीं। विश्वकर्मा ने एक

अच्छा फरसा, अभेद्य कवच और अनेक प्रकार के अस्त्र दिये। समुद्र ने सिर और गले में पहनने के लिए कमल के फूलों की माला और हाथ में रखने के लिए एक बहुत

समस्तास्वङ्गुलीषु च। विश्वकर्मा ददौ तस्यै परशुं चाति-निर्मलम् ॥ २७ ॥ अस्त्राण्यनेकरूपाणि तथाभेद्यं च दंशनम्। अम्लानपंङ्कजां मालां शिरस्युरसि चापराम् ॥ २८ ॥ अददज्जलधि-स्तस्यै पङ्कजं चातिशोभनम्। हिमवान् वाहनं सिंहं रत्नानि विविधानि च ॥ २९ ॥ ददावशून्यं सुरया पानपात्रं धनाधिपः।

सुन्दर कमल दिया। हिमवान् पर्वत ने सवारी के लिए एक सिंह दिया और अनेक प्रकार के रत्न दिये ॥ २५-२९ ॥ कुबेर ने मधु से भरा हुआ एक पानपात्र दिया।

पृथ्वी को धारण करनेवाले नागराज शेष ने रत्नों से भूषित नागहार दिया । इसी प्रकार अन्य देवताओं ने भी आभूषण और अस्त्र-शस्त्र देकर देवी का सम्मान किया । तब वह देवी खिलखिलाकर हँसी और बड़े जोर से गरजी । उसके गरजने का भयानक

शेषश्च सर्वनागेशो महामणिविभूषितम् ॥ ३० ॥ नागहारं ददौ तस्यै धत्ते यः पृथिवीमिमाम् । अन्यैरपि सुरैर्देवी भूषणैरा-युधैस्तथा ॥ ३१ ॥ सम्मानिता ननादोच्चैः साट्टहासं मुहुर्मुहुः । तस्या नादेन घोरेण कृत्स्नमापूरितं नभः ॥ ३२ ॥ अमायताति-महता प्रतिशब्दो महानभूत । चुक्षुभुः सकला लोकाः समुद्राश्च

शब्द आकाश में फैल गया ॥ ३०-३२ ॥ उस शब्द की प्रतिध्वनि सब लोकों में फैल गई और सर्वत्र हलचल मच गई । समुद्र काँपने लगे, पृथ्वी डगमगाने लगी और पर्वत

हिलने लगे। देवता प्रसन्न होकर "सिंहवाहिनी देवी की जय" बोलने लगे ॥ ३३-३४ ॥ मुनि लोग बड़ी भक्ति से सिर झुकाकर देवी की स्तुति करने लगे। तीनों लोकों में यह हलचल देखकर असुरों की सेना अस्त्र-शस्त्र लेकर युद्ध के लिए तैयार हो गई।

चकम्पिरे ॥ ३३ ॥ चचाल वसुधा चेलुः सकलाश्च महीधराः। जयेति देवाश्च मुदा तामूचुः सिंहवाहिनीम् ॥ ३४ ॥ तुष्टुवुर्मुनय-श्चैनां भक्तिनम्रात्ममूर्तयः। दृष्टवा समस्तं संक्षुब्धं त्रैलोक्यम-मरारयः ॥ ३५ ॥ संनद्धाखिलसैन्यास्ते समुत्तस्थुरुदायुधाः। आः किमेतदिति क्रोधादाभाष्य महिषासुरः ॥ ३६ ॥ अभ्यधावत तं

महिषासुर उस शब्द को सुनकर बड़े क्रोध से "यह क्या है" कहकर असुरों के साथ, जिधर से गरजने का शब्द आता था उसी ओर दौड़ा, और वहाँ जाकर अपने तेज

से तीनों लोकों को प्रकाशित करती हुई देवी को देखा ॥ ३५-३७ ॥ उस देवी के चलने से पृथ्वी दबी जा रही थी। उसके किरीट आकाश को छू रहे थे। उसके धनुष की ज्या के शब्द से पाताल आदि नीचे के सब लोक काँप रहे थे ॥ ३८ ॥ वह

शब्दमशेषैरसुरैर्वृतः। स ददर्श ततो देवीं व्याप्तलोकत्रयां त्विषा ॥३७॥ पादाक्रान्त्या नतभुवं किरीटोल्लिखिताम्बराम्। क्षोभिताशेषपातालां धनुर्ज्यानिःस्वनेन ताम् ॥ ३८ ॥ दिशो भुजसहस्रेण समन्ताद् व्याप्य संस्थिताम्। ततः प्रववृते युद्धं तया देव्या सुरद्विषाम् ॥ ३९ ॥ शस्त्रास्त्रैर्बहुधा मुक्तैरादीपितदिगन्तरम्। महिषासुरसेनानीश्चि-

देवी अपनी हजार भुजाएँ सब दिशाओं में फैलाये खड़ी थी। उसके साथ असुरों का युद्ध होने लगा ॥ ३९ ॥ अनेक प्रकार के अस्त्र-शस्त्र चलने लगे। उनकी चमक से सब दिशाएँ प्रकाशित हो गईं। महिषासुर के सेनापति महाअसुर चिक्षुर और चामर

शूरवीर असुरों की चतुरंगिणी सेना लेकर युद्ध करने लगे। उदग्र नाम का असुर साठ हजार रथ अपने साथ लेकर युद्ध करने लगा ॥ ४०-४१ ॥ महाहनु नाम का असुर एक करोड़ सेना लेकर देवी के साथ लड़ने लगा और महासुर असिलोमा पाँच

क्षुराख्यो महासुरः ॥ ४० ॥ युयुधे चामरश्चान्यैश्चतुरङ्गबलान्वितः । रथानामयुतैः षड्भिरुदग्राख्यो महासुरः ॥ ४१ ॥ अयुध्यतायुतानां च सहस्रेण महाहनुः । पञ्चाशद्भिश्च नियुतैरसिलोमा महासुरः ॥४२॥ अयुतानां शतैः षड्भिर्बाष्कलो युयुधे रणे । गजवाजिसहस्रौघैरनेकैः परिवारितः ॥ ४३ ॥ वृतो रथानां कोट्या च युद्धे तस्मिन्नयुध्यत ।

करोड़ सैनिक लेकर युद्ध में आया ॥ ४२ ॥ वाष्कल नामक असुर साठ लाख रथ और असंख्य हाथी-घोड़ों की सेना लेकर युद्ध करने लगा ॥ ४३ ॥ बिडाल नामक

असुर एक करोड़ पाँच लाख रथ साथ लेकर युद्ध करने लगा ॥ ४४ ॥ और भी बहुत-से असुर दस-दस हजार रथ और हाथी-घोड़े लेकर देवी से युद्ध करने लगे ॥ ४५ ॥ महिषा-

बिडालाख्योऽयुतानां च पञ्चाशद्भिरथायुतैः ॥ ४४ ॥ युयुधे संयुगे तत्र रथानां परिवारितः। अन्ये च तत्रायुतशो रथनागहयैर्वृताः ॥ ४५ ॥ युयुधुः संयुगे देव्या सह तत्र महासुराः। कोटिकोटिसहस्रैस्तु रथानां दन्तिनां तथा ॥ ४६ ॥ हयानां च वृतो युद्धे तत्राभून्महिषासुरः। तोमरैर्भिन्दिपालैश्च शक्तिभिर्मुसलैस्तथा ॥ ४७ ॥ युयुधुः संयुगे देव्या खड्गैः परशुपट्टिशैः। केचिच्च चिक्षिपुः शक्तीः

सुर भी करोड़ों रथ, घोड़े और हाथी लेकर युद्धभूमि में आया। असुरों की सेना तोमर, भिन्दिपाल, शक्ति, मुसल, खड्ग, परशु और पट्टिश आदि शस्त्रों से युद्ध करने लगी।

कोई शक्ति और कोई पाश फेंककर देवी से युद्ध करते थे ॥ ४६-४८ ॥ कोई-कोई असुर खड्ग लेकर देवी को मारने दौड़े। देवी ने उन असुरों के अस्त्र-शस्त्र खेल की तरह अपने अस्त्रों से काटकर खंड-खंड कर दिये और देवी के मुँह पर क्लेश और क्रोध

केचित्पाशांस्तथापरे ॥ ४८ ॥ देवीं खड्गप्रहारैस्तु ते तां हन्तुं प्रचक्रमुः । सापि देवी ततस्तानि शस्त्राण्यस्त्राणि चण्डिका ॥ ४९ ॥ लीलयैव प्रचिच्छेद निजशस्त्रास्त्रवर्षिणी । अनायस्ताननना देवी स्तूयमाना सुरर्षिभिः ॥ ५० ॥ मुमोचासुरदेहेषु शस्त्राण्यस्त्राणि

का विकार न हुआ। यह देखकर देवता और ऋषि उनकी स्तुति करने लगे ॥ ४९-५० ॥ उसके बाद देवी उन असुरों पर अस्त्र-शस्त्र का प्रहार करने लगीं। उनका वाहन सिंह भी कुपित होकर गर्दन के बाल हिलाता हुआ उसी प्रकार सेना में विचरने लगा,

जैसे वन में आग दौड़ती है। उसी समय अम्बिका देवी की श्वास से लाखों गण उत्पन्न हो गये। देवी की शक्ति से उत्पन्न होकर, परशु, भिन्दिपाल तलवार, और पट्टिश से असुरों का विनाश करने लगे तथा ढोल, मृदंग और शंख बजाने लगे। देवी

चेश्वरी। सोऽपि क्रुद्धो धुतसटो देव्या वाहनकेशरी ॥ ५१ ॥
चचारासुरसैन्येषु वनेष्विव हुताशनः। निःश्वासान् मुमुचे यांश्च
युध्यमाना रणेऽम्बिका ॥ ५२ ॥ त एव सद्यः सम्भूता गणाः
शतसहस्रशः। युयुधुस्ते परशुभिर्भिन्दिपालासिपट्टिशैः ॥ ५३ ॥
नाशयन्तोऽसुरगणान् देवीशक्त्युपबृंहिताः। अवादयन्त पटहान्
गणाः शङ्खांस्तथापरे ॥ ५४ ॥ मृदङ्गांश्च तथैवान्ये तस्मिन् युद्ध-

ने त्रिशूल, गदा और शक्ति बरसाकर तथा खड्ग आदि का प्रहार करके सैकड़ों असुरों को मार डाला। बहुत-से असुरों को घंटा के शब्द से मोहित करके पृथ्वी पर गिरा

दिया ॥ ५१-५६ ॥ कितने ही असुरों को पाश में बाँधकर घसीट लिया और बहुतों को तीक्ष्ण खड्ग से काट डाला ॥ ५७ ॥ कितने ही दानव देवी की गदा के

महोत्सवे । ततो देवी त्रिशूलेन गदया शक्तिवृष्टिभिः ॥ ५५ ॥ खड्गादिभिश्च शतशो निजघान महासुरान् । पातयामास चैवान्यान् घण्टास्वनविमोहितान् ॥ ५६ ॥ असुरान् भुवि पाशेन बद्ध्वा चान्यानकर्षयत् । केचिद् द्विधा कृतास्तीक्ष्णैः खड्गपातै-स्तथापरे ॥ ५७ ॥ विपोथिता निपातेन गदया भुवि शेरते । वेमुश्च केचिद्रुधिरं मुसलेन भृशं हताः ॥ ५८ ॥ केचिन्निपतिता भूमौ भिन्नाः

प्रहार से पृथ्वी पर गिरकर मर गये । कोई-कोई मुसल के प्रहार से घायल होकर रुधिर का वमन करने लगे ॥ ५८ ॥ बहुत से असुर छाती में शूल लगने से और

बहुत-से बाणों के प्रहार से रणभूमि में गिरकर मर गये ॥ ५९ ॥ देवताओं को पीड़ित करनेवाले असुर बाज पक्षी की तरह पृथ्वी पर गिरकर मरने लगे। बहुतों की भुजाएँ कट गईं और बहुतों के गले कट गये ॥ ६० ॥ कितनों के सिर कट गये,

शूलेन वक्षसि। निरन्तराः शरौघेण कृताः केचिद्रणाजिरे ॥ ५९ ॥ श्येनानुकारिणः प्राणान् मुमुचुस्त्रिदशार्दनाः। केषांचिद् बाहवश्छिन्नाश्छिन्नग्रीवास्तथापरे ॥ ६० ॥ शिरांसि पेतुरन्येषामन्ये मध्ये विदारिताः। विच्छिन्नजङ्घास्त्वपरे पेतुरुर्व्यां महासुराः ॥ ६१ ॥

कितने ही असुर आधे धड़ से कटकर मर गये और बहुत-से असुर जाँघें कट जाने से पृथ्वी पर गिर पड़े ॥ ६१ ॥ देवी ने किसी की एक आँख फोड़ दी, किसी की एक भुजा काट डाली और किसी को आधे धड़ से काटकर दो खंड कर दिया। बहुत

से असुर सिर कट जाने पर गिरकर फिर उठ खड़े हुए ॥ ६२ ॥ कबन्ध बड़े-बड़े आयुध लेकर देवी से युद्ध करने लगे। कितने ही कबन्ध युद्ध में बाजे की लय के साथ

एकबाह्वक्षिचरणाः केचिद्देव्या द्विधा कृताः। छिन्नेऽपि चान्ये शिरसि पतिताः पुनरुत्थिताः ॥ ६२ ॥ कबन्धा युयुधुर्देव्या गृहीत-परमायुधाः। ननृतुश्चापरे तत्र युद्धे तूर्यलयाश्रिताः ॥ ६३ ॥ कबन्धाश्छिन्नशिरसः खड्गशक्त्यृष्टिपाणयः। तिष्ठ तिष्ठेति भाषन्तो देवीमन्ये महासुराः ॥ ६४ ॥ पातितै रथनागाश्वैरसुरैश्च

नाचने लगे ॥ ६३ ॥ जिनके सिर कट गये थे वे कबन्ध, खड्ग, शक्ति और ऋष्टि हाथ में लेकर "खड़ी रह, खड़ी रह" कहते हुए देवी की ओर झपटे ॥ ६४ ॥ जहाँ युद्ध

हुआ वहाँ हाथी, घोड़े, रथ और असुरों के रुंड-मुंड से पृथ्वी भर गई ॥ ६५ ॥ युद्ध-भूमि में हाथी, घोड़े और असुरों के रुधिर की नदी बह चली ॥ ६६ ॥ अम्बिका ने

वसुन्धरा। अगम्या साभवत्तत्र यत्राभूत्स महारणः ॥ ६५ ॥ शोणितौघा महानद्यः सद्यस्तत्र प्रसुस्रुवुः। मध्ये चासुरसैन्यस्य वारणासुरवाजिनाम् ॥ ६६ ॥ क्षणेन तन्महासैन्यमसुराणां तथाम्बिका। निन्ये क्षयं यथा वह्निस्तृणदारुमहाचयम् ॥ ६७ ॥ स च सिंहो महानादमुत्सृजन्धुतकेसरः। शरीरेभ्योऽमरारीणामसूनिव

क्षण-भर में असुरों की सेना का उसी प्रकार नाश कर दिया जैसे सूखे तृण और काठ के ढेर को आग बहुत जल्द जला देती है ॥ ६७ ॥ देवी का वाहन सिंह जब गर्दन के

बाल हिलाकर गरजता था तब मानों असुरों के प्राण निकाल लेता था ॥ ६८ ॥ देवी के गण जो असुरों से युद्ध करते थे उन पर देवता फूल बरसाकर उनकी प्रशंसा करने लगे ॥ ६९ ॥

विचिन्वति ॥ ६८ ॥ देव्या गणैश्च तैस्तत्र कृतं युद्धं महासुरैः ।
यथैषां तुतुषुर्देवाः पुष्पवृष्टिमुचो दिवि ॥ ॐ ॥ ६९ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये
महिषासुरसैन्यवधो नाम द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

उवाच १, श्लोकाः ६८ एवम् ६९, एवमादितः १७३ ॥

—:०:—

तृतीयोऽध्यायः

सेनापतियों सहित महिषासुर का वध

ध्यानम्

ॐ उद्यद्भानुसहस्रकान्तिमरुणक्षौमां शिरोमालिकां रक्तालिप्त-
पयोधरां जपवटीं विद्यामभीतिं वरम्। हस्ताब्जैर्दधतीं त्रिनेत्रविल-
सद्वक्त्रारविन्दश्रियं देवीं बद्धहिमांशुरत्नमुकुटां वन्देऽरविन्दस्थिताम्॥

भगवती के श्रीअङ्गों की कान्ति उदयकाल के सहस्रों सूर्यों के समान है। माता लाल रंग की रेशमी साड़ी पहने हुए हैं। उनके गले में मुण्डमाला शोभा पा रही है।

दोनों स्तनों पर रक्त चन्दन का लेप लगा है। वे अपने कर-कमलों में जपमालिका, विद्या और अभय तथा वर नामक मुद्राएँ धारण किये हुए हैं। तीन नेत्रों से सुशोभित मुखारविन्द की बड़ी शोभा हो रही है। उनके मस्तक पर चन्द्रमा के साथ ही रत्नमय मुकुट बँधा है तथा वे कमल के आसन पर विराजमान हैं। ऐसी देवी को मैं भक्तिपूर्वक प्रणाम करता हूँ।

'ॐ' ऋषिरुवाच ॥ १ ॥

निहन्यमानं तत्सैन्यमवलोक्य महासुरः। सेनानीश्चिक्षुरः कोपाद्ययौ योद्धुमथाम्बिकाम् ॥ २ ॥ स देवीं शरवर्षेण ववर्ष

मेधा ऋषि कहते हैं—महाराज, महिषासुर के सेनापति चिक्षुर ने जब सेना का विनाश होते देखा, तब बड़े क्रोध से युद्ध करने के लिए देवी के सामने आया ॥ १-२ ॥ जैसे बादल मेरु पर्वत के शिखर पर पानी बरसाते हैं, वैसे ही वह असुर देवी के ऊपर

बाण बरसाने लगा ॥ ३ ॥ देवी ने खेल की तरह अपने बाणों से उसके बाण काट डाले
और घोड़ों समेत उसके सारथि को मार डाला ॥ ४ ॥ रथ की बड़ी ऊँची ध्वजा
और धनुष को भी काट डाला । फिर अपने बाणों से उसका शरीर छेद डाला ॥ ५ ॥

समरेऽसुरः । यथा मेरुगिरेः शृङ्गं तोयवर्षेण तोयदः ॥ ३ ॥ तस्य-
च्छित्वा ततो देवी लीलयैव शरोत्करान् । जघान तुरगान् बाणैर्यन्तारं
चैव वाजिनाम् ॥ ४ ॥ चिच्छेद च धनुः सद्यो ध्वजं चातिसमु-
च्छ्रितम् । विव्याध चैव गात्रेषु छिन्नधन्वानमाशुगैः ॥ ५ ॥
सच्छिन्नधन्वा विरथो हताश्वो हतसारथिः । अभ्यधावत तां देवीं
खड्गचर्मधरोऽसुरः ॥ ६ ॥ सिंहमाहत्य खड्गेन तीक्ष्णधारेण मूर्धनि ।

धनुष रथ, घोड़े और सारथि के कट जाने पर वह ढाल-तलवार लेकर देवी की ओर
दौड़ा ॥ ६ ॥ उसने सिंह के सिर पर एक तीक्ष्ण खड्ग मारकर बड़े वेग से देवी की बाईं

भुजा पर एक प्रहार किया ॥ ७ ॥ वह खड्ग देवी की भुजा पर गिरते ही टूट गया। तब उसने क्रोध से लाल आँखें करके एक शूल उठाकर देवी पर चलाया। वह शूल आकाश में जाकर, अपने तेज से सूर्य के समान प्रकाशित होकर, जब देवी पर गिरने

आजघान भुजे सव्ये देवीमप्यतिवेगवान् ॥ ७ ॥ तस्याः खड्गो भुजं प्राप्य पफाल नृपनन्दन। ततो जग्राह शूलं स कोपादरुण-लोचनः ॥ ८ ॥ चिक्षेप च ततस्तत्तु भद्रकाल्यां महासुरः। जाज्वल्य-मानं तेजोभी रविबिम्बमिवाम्बरात् ॥ ९ ॥ दृष्ट्वा तदापतच्छूलं देवी शूलममुञ्चत। तच्छूलं शतधा तेन नीतं स च महासुरः ॥ १० ॥

लगा तब देवी ने अपने शूल से उसके सैकड़ों टुकड़े कर दिये और उस असुर को भी मार डाला ॥ ८-१० ॥ महिषासुर के सेनापति महाबली चिक्षुर के मारे जाने पर

चामर नाम का असुर हाथी पर सवार होकर देवी के सामने आया ॥ ११ ॥ उसने देवी के ऊपर एक शक्ति चलाई । देवी ने उसे हुंकार शब्द से निस्तेज करके पृथ्वी पर गिरा दिया ॥ १२ ॥ चामर ने अपनी शक्ति को गिरी हुई देखकर बड़े क्रोध से

हते तस्मिन्महावीर्ये महिषस्य चमूपतौ । आजगाम गजारूढश्चा-मरस्त्रिदशार्दनः ॥ ११ ॥ सोऽपि शक्तिं मुमोचाथ देव्यास्तामम्बिका द्रुतम् । हुंकाराभिहतां भूमौ पातयामास निष्प्रभाम् ॥ १२ ॥ भग्नां शक्तिं निपतितां दृष्ट्वा क्रोधसमन्वितः । चिक्षेप चामरः शूलं बाणैस्तदपि साच्छिनत् ॥ १३ ॥ ततः सिंहः समुत्पत्य गज-

देवी के ऊपर शूल चलाया । देवी ने उसे बाणों से काट डाला ॥ १३ ॥ उसके बाद देवी का वाहन सिंह कूदकर चामर के हाथी के सिर पर चढ़ गया और वहीं उस असुर

से बाहुयुद्ध करने लगा ॥ १४ ॥ अन्त में वह असुर और सिंह दोनों लड़ते हुए पृथ्वी पर आये और बड़े क्रोध से एक दूसरे पर प्रहार करने लगे ॥ १५ ॥ उसके बाद सिंह ने बड़े वेग से कूदकर एक ऐसा थप्पड़ मारा कि उस असुर का सिर धड़ से अलग हो

कुम्भान्तरे स्थितः । बाहुयुद्धेन युयुधे तेनोच्चैस्त्रिदशारिणा ॥ १४ ॥ युद्ध्यमानौ ततस्तौ तु तस्मान्नागान्महीं गतौ । युयुधातेऽतिसंरब्धौ प्रहारैरतिदारुणैः ॥ १५ ॥ ततो वेगात् खमुत्पत्य निपत्य च मृगारिणा । करप्रहारेण शिरश्चामरस्य पृथक्कृतम् ॥ १६ ॥ उदग्रश्च रणे देव्या शिलावृक्षादिभिर्हतः । दन्तमुष्टितलैश्चैव करालश्च

गया ॥ १६ ॥ तब उदग्र नाम का असुर युद्ध करने लगा । उसे भी देवी ने शिला और वृक्ष आदि से मार डाला । तब कराल नाम का असुर देवी के सामने आया । देवी

ने उसे भी दाँत, घूँसा और लातों से मार डाला ॥ १७ ॥ फिर देवी ने कुपित होकर उद्धत को गदा से मारकर चूर्ण कर दिया; वाष्कल को भिन्दिपाल से, ताम्र तथा अन्धक को बाणों से, उग्रास्य, उग्रवीर्य और महाहनु को त्रिशूल से मार डाला ॥ १८-१९ ॥

निपातितः ॥ १७ ॥ देवी क्रुद्धा गदापातैश्चूर्णयामास चोद्धतम् । वाष्कलं भिन्दिपालेन बाणैस्ताम्रं तथान्धकम् ॥ १८ ॥ उग्रास्यमुग्रवीर्यं च तथैव च महाहनुम् । त्रिनेत्रा च त्रिशूलेन जघान परमेश्वरी ॥ १९ ॥ बिडालस्यासिना कायात्पातयामास वै शिरः । दुर्धरं दुर्मुखं चोभौ शरैर्निन्ये यमक्षयम् ॥ २० ॥ एवं संक्षीयमाणे तु स्वसैन्ये महिषासुरः । माहिषेण स्वरूपेण त्रासयामास तान्

तलवार से बिडाल का सिर काट डाला । दुर्धर और दुर्मुख को बाणों से मारकर यमराज के घर भेज दिया ॥ २० ॥ इस प्रकार जब महिषासुर की सेना नष्ट हो गई तब

वह भैंसे का रूप धारण करके देवी के गणों को डराने लगा ॥ २१ ॥ कितनों को मुँह से, कितनों को खुरों से, कितनों को पूँछ से और कितनों को सींगों से मार डाला ॥ २२ ॥ कितनों को वेग से दौड़कर कुचल डाला। कितनों को गरजने के

गणान् ॥ २१ ॥ कांश्चित्तुण्डप्रहारेण खुरक्षेपैस्तथापरान्। लाङ्गूल-ताडितांश्चान्याञ्छृङ्गाभ्यां च विदारितान् ॥ २२ ॥ वेगेन कांश्चिद-परान्नादेन भ्रमणेन च। निःश्वासपवनेनान्यान् पातयामास भूतले ॥ २३ ॥ निपात्य प्रमथानीकमभ्यधावत सोऽसुरः। सिंहं हन्तुं महादेव्याः कोपं चक्रे ततोऽम्बिका ॥ २४ ॥ सोऽपि कोपा-

शब्द से, कितनों को चारों ओर दौड़कर और कितनों को श्वास की वायु से पृथ्वी पर गिरा दिया ॥ २३ ॥ इस प्रकार वह गणों की सेना पृथ्वी पर गिरकर देवी के सिंह को मारने दौड़ा। तब देवी को बड़ा क्रोध आया ॥ २४ ॥ महापराक्रमी महिषा-

सुर कुपित होकर खुरों से पृथ्वी खोदने, सींगों से बड़े-बड़े पर्वत फेंकने और गरजने लगा ॥ २५ ॥ उसके दौड़ने से पृथ्वी खुद गई और फट गई। पूँछ के पटकने से समुद्र का पानी सब ओर फैल गया ॥ २६ ॥ सींगों के हिलाने से बादल टुकड़े-टुकड़े होकर

न्महावीर्यः खुरक्षुण्णमहीतलः। शृङ्गाभ्यां पर्वतानुच्चांश्चिक्षेप च ननाद च ॥ २५ ॥ वेगभ्रमणविक्षुण्णा मही तस्य व्यशीर्यत। लाङ्गूलेनाहतश्चाब्धिः प्लावयामास सर्वतः ॥ २६ ॥ धुतशृङ्गविभिन्नाश्च खण्डं खण्डं ययुर्घनाः। श्वासानिलास्ताः शतशो निपेतुर्नभसोऽचलाः ॥ २७ ॥ इति क्रोधसमाध्मातमापतन्तं महासुरम्।

उड़ गये। श्वास की वायु से सैकड़ों पर्वत ऊपर को उड़कर गिरने लगे ॥ २७ ॥ इस प्रकार क्रोध में झपटते हुए महिषासुर को देखकर चंडिका देवी ने उसे मारने के लिए

क्रोध किया ।। २८ ।। देवी ने पाश फेंककर उसे बाँध लिया । पाश में बँध जाने पर उसने भैंसे का रूप छोड़कर शीघ्र ही सिंह का रूप धारण कर लिया । देवी जब तक उसका सिर काटें तब तक वह हाथ में खड्ग लेकर पुरुष-रूप देख पड़ने लगा ।। २९-३० ।।

दृष्ट्वा सा चण्डिका कोपं तद्वधाय तदाकरोत् ॥ २८ ॥ सा क्षिप्त्वा तस्य वै पाशं तं बबन्ध महासुरम् । तत्याज माहिषं रूपं सोऽपि बद्धो महामृधे ॥ २९ ॥ ततः सिंहोऽभवत्सद्यो यावत्तस्याम्बिका शिरः । छिनत्ति तावत्पुरुषः खड्गपाणिरदृश्यत ॥ ३० ॥ तत एवाशु पुरुषं देवी चिच्छेद सायकैः । तं खड्गचर्मणा सार्धं ततः सोऽभू-

देवी ने बड़ी शीघ्रता से बाणों से उसे छेद डाला, और उसकी ढाल-तलवार भी काट डाली । तब वह बड़े भारी हाथी का रूप धारण करके सूँड़ से सिंह को खींचने और

गरजने लगा। यह देखकर देवी ने तलवार से उसकी सूँड़ काट डाली ॥ ३१-३२ ॥ तब उसने फिर भैंसे का रूप धारण कर लिया और पहले की तरह तीनों लोकों के चराचर जीवों को व्याकुल करने लगा ॥ ३३ ॥ तब जगत् की माता

न्महागजः ॥ ३१ ॥ करेण च महासिंहं तं चकर्ष जगर्ज च।
कर्षतस्तु करं देवी खड्गेन निरकृन्तत ॥ ३२ ॥ ततो महासुरो
भूयो माहिषं वपुरास्थितः। तथैव क्षोभयामास त्रैलोक्यं
सचराचरम् ॥ ३३ ॥ ततः क्रुद्धा जगन्माता चण्डिका पानमुत्तमम्।
पपौ पुनः पुनश्चैव जहासारुणलोचना ॥ ३४ ॥ ननर्द चासुरः

चंडिका कुपित होकर, बार-बार उत्तम मधु पान कर, लाल-लाल आँखें करके हँसने लगीं ॥ ३४ ॥ बल-वीर्य के गर्व से उन्मत्त वह असुर भी गरजने लगा और सींगों से

पर्वत उठा-उठाकर देवी पर फेंकने लगा ॥ ३५ ॥ देवी ने उसके फेंके हुए पर्वतों को बाणों से चूर कर दिया । उस समय मधु के मद से उनका मुँह लाल हो गया था । वे स्पष्ट शब्दों में बोलीं ॥ ३६ ॥ देवी ने कहा—रे मूढ़, जब तक मैं मधु पीती हूँ, तब

सोऽपि बलवीर्यमदोद्धतः । विषाणाभ्यां च चिक्षेप चण्डिकां प्रति भूधरान् ॥ ३५ ॥ सा च तान् प्रहितांस्तेन चूर्णयन्ती शरोत्करैः उवाच तं मदोद्धूतमुखरागाकुलाक्षरम् ॥ ३६ ॥

देव्युवाच ॥ ३७ ॥

गर्ज गर्ज क्षणं मूढ मधु यावत्पिबाम्यहम् । मया त्वयि हतेऽत्रैव गर्जिष्यन्त्याशु देवताः ॥ ३८ ॥

तक तू क्षण भर और गरज ले; मैं तुझे अभी मार डालूँगी । जब तू मारा जायगा, तब देवता गरजेंगे ॥ ३७-३८ ॥ मेधा ऋषि कहते हैं—यह कहकर देवी कूदकर

महिषासुर के ऊपर चढ़ बैठीं और लात से उसका गला दबाकर शूल से छेदने लगीं ॥ ३९-४० ॥ देवी के पैर के नीचे दबा हुआ महिषासुर किसी तरह अपना ऊपर

ऋषिरुवाच ॥ ३६ ॥

एवमुक्त्वा समुत्पत्य साऽऽरूढा तं महासुरम् । पादेनाक्रम्य कण्ठे च शूलेनैनमताडयत् ॥ ४० ॥ ततः सोऽपि पदाऽऽक्रान्तस्तया निजमुखात्ततः । अर्धनिष्क्रान्त एवासीद् देव्या वीर्येण संवृतः ॥४१॥ अर्धनिष्क्रान्त एवासौ युध्यमानो महासुरः । तया महासिना देव्या शिरश्छित्त्वा निपातितः ॥ ४२ ॥ ततो हाहाकृतं सर्वं दैत्यसैन्यं

का धड़ निकाल सका, इतने में देवी ने अपने पराक्रम से फिर उसे दबा लिया और तलवार से उसका सिर काटकर पृथ्वी पर गिरा दिया ॥ ४१-४२ ॥ महिषासुर के

मरने पर बची हुई दैत्य-सेना हाहाकार करती हुई भाग गई। देवता और महर्षि

ननाश तत्। प्रहर्षं च परं जग्मुः सकला देवतागणाः ॥ ४३ ॥ तुष्टुवुस्तां सुरा देवीं सह दिव्यैर्महर्षिभिः। जगुर्गन्धर्वपतयो ननृतुश्चाप्सरोगणाः ॐ ॥ ४४ ॥

प्रसन्न होकर देवी की स्तुति करने लगे। गन्धर्व गाने लगे और अप्सराएँ नाचने लगीं ॥ ४३-४४ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये महिषासुरवधो नाम तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

उवाच ३ श्लोकः ४१ एवम् ४४ एवमादितः २१७

—:०:—

चतुर्थोऽध्यायः

इन्द्रादि देवताओं द्वारा देवी की स्तुति

ध्यानम्

ॐ कालाभ्राभां कटाक्षैररिकुलभयदां मौलिबद्धेन्दुरेखां शङ्खं चक्रं कृपाणं त्रिशिखमपि करैरुद्वहन्तीं त्रिनेत्राम्। सिंहस्कन्धाधिरूढां त्रिभुवनमखिलं तेजसा पूरयन्तीं ध्यायेद् दुर्गां जयाख्यां त्रिदशपरिवृतां सेवितां सिद्धिकामैः॥

सिद्धार्थी पुरुष जिनकी सेवा करते हैं तथा देवता जिन्हें सब ओर से घेरे रहते हैं, उन 'जया' नाम वाली दुर्गा देवी का ध्यान करे। जगदम्बा श्रीअङ्गों की आभा

काले मेघ के समान श्याम है। वे अपने कटाक्षों से शत्रु समूह को भय प्रदान करती हैं, उनके मस्तक पर आबद्ध चन्द्रमा की रेखा शोभा पाती है। वे अपने हाथों में शङ्ख, चक्र, कृपाण और त्रिशूल धारण करती हैं। उनके तीन नेत्र हैं। वे सिंह के कंधे पर चढ़ी हुई हैं और स्व तेज से तीनों लोकों को परिपूर्ण कर रही हैं।

"ॐ" ऋषिरुवाच ॥ १ ॥

शक्रादयः सुरगणा निहतेऽतिवीर्ये तस्मिन्दुरात्मनि सुरारिबले च देव्या। तां तुष्टुवुः प्रणतिनम्रशिरोधरांसा वाग्भिः प्रहर्षपुलकोद्गम-चारुदेहाः ॥ २ ॥ देव्या यया ततमिदं जगदात्मशक्त्या निश्शेषदेव-

मेधा ऋषि कहते हैं—हे सुरथ, जब देवी ने महापराक्रमी दुरात्मा महिषासुर और उसकी सेना को मार डाला, तब इन्द्र आदि देवता सिर और कन्धा झुकाकर, हर्ष से पुलकित होकर, देवी की स्तुति करने लगे—हम लोग भक्तिपूर्वक उस अम्बिका, देवी

को प्रणाम करते हैं, जो सब देवताओं के तेज से उत्पन्न हुई है। जो अपनी शक्ति से सम्पूर्ण जगत् को उत्पन्न करती है और देवताओं तथा ऋषियों की पूज्य है। वह देवी हम लोगों का कल्याण करे॥ १–३॥ ब्रह्मा, विष्णु और महादेव भी जिसके अतुल

गणशक्तिसमूहमूर्त्या। तामम्बिकामखिलदेवमहर्षिपूज्यां भक्त्या नताः स्म विदधातु शुभानि सा नः॥ ३॥ यस्याः प्रभावमतुलं भगवाननन्तो ब्रह्मा हरश्च न हि वक्तुमलं बलं च। सा चण्डिकाखिलजगत्परिपालनाय नाशाय चाशुभभयस्य मतिं करोतु॥ ४॥ या श्रीः स्वयं सुकृतिनां भवनेष्वलक्ष्मीः पापात्मनां कृतधियां हृदयेषु बुद्धिः।

प्रभाव का बखान नहीं कर सकते, वह भगवती जगत् का पालन और पाप से उत्पन्न भय का विनाश करे॥ ४॥ जो देवी पुण्यवान् पुरुषों के घरों में लक्ष्मी-रूप से, पापियों

के घरों में दरिद्र-रूप से, शुद्ध अन्तःकरणवालों के हृदय में बुद्धि-रूप से, सज्जनों के हृदय में श्रद्धा-रूप से और कुलीनों के हृदय में लज्जा-रूप से स्थित है, उस देवी को हम लोग प्रणाम करते हैं। हे देवि, इस जगत् की रक्षा करो ॥ ५ ॥ हे देवि, हम लोग

श्रद्धा सतां कुलजनप्रभवस्य लज्जा तां त्वां नताः स्म परिपालय देवि विश्वम् ॥ ५ ॥ किं वर्णयाम तव रूपमचिन्त्यमेतत् किं चातिवीर्यमसुरक्षयकारि भूरि। किं चाहवेषु चरितानि तवाद्भुतानि सर्वेषु देव्यसुरदेवगणादिकेषु ॥ ६ ॥ हेतुः समस्तजगतां त्रिगुणापि दोषैर्न ज्ञायसे हरिहरादिभिरप्यपारा। सर्वाश्रयाखिलमिदं जगदंशभूतमव्याकृता हि

आपके इस अचिन्त्य-रूप का, असुरों के विनाश करनेवाले पराक्रम का और समर में आपके अद्भुत चरित्र का किस प्रकार वर्णन करें, अर्थात् हम लोगों में आपके गुणों के वर्णन करने की शक्ति नहीं है ॥ ६ ॥ आप सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति का कारण हैं

और सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण से युक्त हैं। रागद्वेष आदि दोषों के कारण ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी आपकी अपार महिमा नहीं जान सकते। सम्पूर्ण जगत् आपके अंश से उत्पन्न और आप ही के आश्रित है। आप सब विकारों से रहित, परम प्रकृति और आदि शक्ति हैं ॥ ७ ॥ हे देवि, यज्ञ में आप ही का नाम (स्वाहा) उच्चा-

परमा प्रकृतिस्त्वमाद्या ॥ ७ ॥ यस्याः समस्तसुरता समुदीरणेन तृप्तिं प्रयाति सकलेषु मखेषु देवि। स्वाहासि वै पितृगणस्य च तृप्तिहेतु-रुच्चार्यसे त्वमत एव जनैः स्वधा च ॥ ८ ॥ या मुक्तिहेतुरविचिन्त्य-महाव्रता त्वमभ्यस्यसे सुनियतेन्द्रियतत्त्वसारैः। मोक्षार्थिभिर्मुनिभिर-

रण करने से देवता, पितृकर्म में आप ही का नाम (स्वधा) उच्चारण करने से पितर तृप्त होते हैं। इसीलिए देवकर्म में "स्वाहा" और पितृकर्म में "स्वधा" का उच्चारण किया जाता है ॥ ८ ॥ हे देवि, आप भगवती और श्रेष्ठ ब्रह्मविद्या हैं। आप ही मुक्ति

का कारण और अचिन्त्य ब्रह्मज्ञान-रूप हैं, इसी से तत्त्व के जानकार, मोक्ष चाहनेवाले जितेन्द्रिय महर्षिगण रागद्वेष आदि दोषों को त्यागकर आपकी आराधना करते हैं ।। ९ ।। हे देवि, आप वाणी-रूप हैं और दोषरहित ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा प्रणव और उत्तम पदों से

स्तसमस्तदोषैर्विद्यासि सा भगवती परमा हि देवि ॥ ९ ॥ शब्दात्मिका सुविमलर्ग्यजुषां निधानमुद्गीथरम्यपदपाठवतां च साम्नाम् । देवी त्रयी भगवती भवभावनाय वार्त्ता च सर्वजगतां परमार्तिहन्त्री ॥१०॥ मेधासि देवि विदिताखिलशास्त्रसारा दुर्गासि दुर्गभवसागरनौरसङ्गा ।

युक्त सामवेद का आश्रय हैं । आप ही वेदत्रयी, देवी, भगवती और संसार का पालन करने के लिए कृषि-रूप हैं । आप ही संसार की घोर विपत्ति दूर करती हैं ।। १० ।। हे देवि, सब शास्त्रों का मर्म जाननेवाली मेधा आप ही हैं । दुर्गम भवसागर की नौका आप

ही हैं, इसी से आपका नाम दुर्गा है। आप कैटभ को मारनेवाले विष्णु के हृदय में लक्ष्मी-रूप से निवास करती हैं, और शिव ने जिसे अपने वामभाग में बैठाया है, वह गौरी आप ही हैं ॥ ११ ॥ हे देवि, बड़े आश्चर्य की बात है कि आपके मुस्कराते हुए मुख

श्रीः कैटभारिहृदयैककृताधिवासा गौरी त्वमेव शशिमौलिकृत-प्रतिष्ठा ॥ ११ ॥ ईषत्सहासममलं परिपूर्णचन्द्रबिम्बानुकारि कनको-त्तमकान्तिकान्तम्। अत्यद्भुतं प्रहृतमात्तरुषा तथापि वक्त्रं विलोक्य सहसा महिषासुरेण ॥ १२ ॥ दृष्ट्वा तु देवि कुपितं भ्रुकुटीकराल-

को, जो पूर्णमासी के निर्मल चन्द्रमा और सुवर्ण की उत्तम कान्ति के समान है, देख-कर भी महिषासुर ने बड़े क्रोध से प्रहार किया (अर्थात् वह बड़ा क्रूर था, सम्पूर्ण जगत् को मोहित करनेवाले आपके मुख को देखकर भी मोहित न हुआ) ॥ १२ ॥ हे

देवि, आपकी तिरछी भौंहों से भयानक, उदयकाल के चन्द्रमा के समान सुन्दर, कुपित मुख देखकर महिषासुर शीघ्र ही मर नहीं गया, यह और भी आश्चर्य की बात है; क्योंकि कुपित यमराज को देखकर कौन जी सकता है ।। १३ ।। हे देवि, आप प्रसन्न

मुद्यच्छशाङ्कसदृशच्छवि यन्न सद्यः । प्राणान्मुमोच महिषस्तदतीव चित्रं कैर्जीव्यते हि कुपितान्तकदर्शनेन ॥ १३ ॥ देवि प्रसीद परमा भवती भवाय सद्यो विनाशयसि कोपवती कुलानि । विज्ञातमेतदधुनैव यदस्तमेतन्नीतं बलं सुविपुलं महिषासुरस्य ॥ १४ ॥ ते सम्मता जनपदेषु धनानि तेषां तेषां यशांसि न च सीदति धर्मवर्गः । धन्यास्त

होकर हम लोगों का कल्याण कीजिए । आप कुपित होकर कुल का विनाश कर देती हैं । यह बात हम लोगों को अभी मालूम हुई कि आपने क्रुद्ध होकर महिषासुर की बहुत बड़ी सेना का विनाश कर दिया ।। १४ ।। हे देवि, जिन लोगों पर आप सदा

प्रसन्न रहती हैं, वे धन्य हैं; उन्हीं का सब देशों में सम्मान होता है, उन्हीं को धन और यश मिलता है, उन्हीं का धर्म सुरक्षित रहता है, उन्हीं को स्त्री, पुत्र और सेवक मिलते हैं ॥ १५ ॥ हे देवि, जिन पुण्यात्माओं पर आप प्रसन्न रहती हैं, वे आपकी दया से,

एव निभृतात्मजभृत्यदारा येषां सदाभ्युदयदा भवती प्रसन्ना ॥ १५ ॥ धर्म्याणि देवि सकलानि सदैव कर्माण्यत्यादृतः प्रतिदिनं सुकृती करोति । स्वर्गं प्रयाति च ततो भवतीप्रसादाल्लोकत्रयेऽपि फलदा ननु देवि तेन ॥ १६ ॥ दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेषजन्तोः स्वस्थैः स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि । दारिद्र्यदुःखभयहारिणि का त्वदन्या सर्वो-

हमेशा बड़ी श्रद्धा से नित्य नैमित्तिक धर्म-कर्म करते हैं । और आपकी दया से स्वर्ग को जाते हैं । इसलिए तीनों लोकों में फल देनेवाली आप ही हैं ॥ १६ ॥ हे देवि, संकट पड़ने पर जो आपका स्मरण करते हैं, उनका भय आप दूर कर देती हैं, और जो

एकाग्रचित्त होकर आपका स्मरण करते हैं, उनको आप अच्छी बुद्धि देती हैं। आप दरिद्रता, दुःख और भय का नाश करनेवाली हैं। आपके सिवा सबका उपकार करने के लिए दयावान् दूसरा कोई नहीं है ॥१७॥ हे देवि, महिषासुर आदि के मरने पर

पकारकरणाय सदाऽऽर्द्रचित्ता ॥ १७ ॥ एभिर्हतैर्जगदुपैति सुखं तथैते कुर्वन्तु नाम नरकाय चिराय पापम् । संग्राममृत्युमधिगम्य दिवं प्रयान्तु मत्वेति नूनमहितान् विनिहंसि देवि ॥ १८ ॥ दृष्ट्वैव किं न भवती प्रकरोति भस्म सर्वासुरानरिषु यत्प्रहिणोषि शस्त्रम् । लोकान्

संसार सुखी होगा, और नरक में जाने के लिए पाप करनेवाले दानव युद्ध में प्राण त्यागकर स्वर्ग प्राप्त करेंगे, उन्हीं दो कारणों से आपने शत्रुओं को मार डाला ॥१८॥ हे देवि, आपकी कोप-दृष्टि से ही दैत्य भस्म हो सकते थे, शस्त्र चलाने की कोई आव-

श्यकता न थी। किन्तु आपने शस्त्र इसलिए चलाया कि आपके शस्त्र के प्रहार से निष्पाप होकर वे स्वर्ग को जायँ। इससे ज्ञात होता है कि शत्रुओं पर भी आप दया करती हैं ॥ १९ ॥ हे देवि, असुरों की आँखें जो आपके शूल और भयानक खड्ग की

प्रयान्तु रिपवोऽपि हि शस्त्रपूता इत्थं मतिर्भवति तेष्वपि तेऽति-साध्वी ॥ १९ ॥ खड्गप्रभानिकरविस्फुरणैस्तथोग्रैः शूलाग्रकान्ति-निवहेन दृशोऽसुराणाम्। यन्नागता विलयमंशुमदिन्दुखण्डयोग्याननं तव विलोकयतां तदेतत् ॥ २० ॥ दुर्वृत्तवृत्तशमनं तव देवि शीलं रूपं तथैतदविचिन्त्यमतुल्यमन्यैः। वीर्यं च हन्तृ हृतदेवपराक्रमाणां वैरिष्वपि

चमक से न फूटीं, इसका यह कारण है कि वे लोग आपका मुख देखते थे जो अमृतकिरणयुक्त अर्धचन्द्र के समान है ॥ २० ॥ हे देवि, आप अचिन्त्य रूप और अनुपम हैं। आपका स्वभाव है कि आप दुष्टों के दुराचार का विनाश कर देती

हैं। इसी से आपने देवताओं को सतानेवाले असुरों को अपने पराक्रम से मार डाला। इस प्रकार आपने शत्रुओं पर भी दया की है॥ २१॥ हे देवि, आपके पराक्रम की उपमा किससे दी जा सकती है? और शत्रुओं को भय देने-

प्रकटितैव दया त्वयेत्थम् ॥२१॥ केनोपमा भवतु तेऽस्य पराक्रमस्य रूपं च शत्रुभयकार्यतिहारि कुत्र। चित्ते कृपा समरनिष्ठुरता च दृष्टा त्वय्येव देवि वरदे भुवनत्रयेऽपि ॥ २२ ॥ त्रैलोक्यमेतदखिलं रिपु-नाशनेन त्रातं त्वया समरमूर्धनि तेऽपि हत्वा। नीता दिवं रिपुगणा

वाला तथा दूसरों का मन हरनेवाला आपका जैसा रूप किसका है? हे वरदे, चित्त में दया और युद्ध में निष्ठुरता, यह दो बातें एक साथ आपमें ही देखी जाती हैं, आपके सिवा तीनों लोकों में ऐसा कोई नहीं॥ २२॥ हे देवि, आपने शत्रुओं का विनाश

करके तीनों लोकों की रक्षा की, और युद्ध में मारकर शत्रुओं को स्वर्गलोक प्राप्त कराया, तथा हम लोगों का भय दूर किया। आपको प्रणाम है॥ २३॥ हे अम्बिके, आप अपने शूल से, खड्ग से, घंटा के शब्द से और धनुष की ज्या के शब्द से हम

भयमप्यपास्तमस्माकमुन्मदसुरारिभवं नमस्ते॥ २३॥ शूलेन पाहि नो देवि पाहि खड्गेन चाम्बिके। घण्टास्वनेन नः पाहि चापज्यानिःस्वनेन च॥ २४॥ प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च चण्डिके रक्ष दक्षिणे। भ्रामणेनात्मशूलस्य उत्तरस्यां तथेश्वरि॥ २५॥ सौम्यानि यानि रूपाणि त्रैलोक्ये विचरन्ति ते। यानि चात्यर्थघोराणि तै रक्षास्मांस्तथा

लोगों की रक्षा कीजिए॥ २४॥ हे चंडिके, अपने शूल को घुमाकर पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर, चारों दिशाओं में तथा आग्नेय आदि चारों कोनों में हम लोगों की रक्षा कीजिए॥ २५॥ अपने सौम्य-रूपों से, जिनसे लोकों की सृष्टि करती हैं और अति

भयानक रूपों से जिनसे लोकों का संहार करती हैं, तथा सम्पूर्ण जगत् की रक्षा कीजिए ॥ २६ ॥ हे अम्बिके, आपके हाथ में खड्ग, शूल और गदा आदि जितने अस्त्र हैं, उनसे हम लोगों की चारों ओर से रक्षा कीजिए ॥ २७ ॥ मेधा ऋषि कहते हैं—हे सुरथ,

भुवम् ॥ २६ ॥ खड्गशूलगदादीनि यानि चास्त्राणि तेऽम्बिके । करपल्लवसङ्गीनि तैरस्मान् रक्ष सर्वतः ॥ २७ ॥

ऋषिरुवाच ॥ २८ ॥

एवं स्तुता सुरैर्दिव्यैः कुसुमैर्नन्दनोद्भवैः । अर्चिता जगतां धात्री तथा गन्धानुलेपनैः ॥ २९ ॥ भक्त्या समस्तैस्त्रिदशैर्दिव्यैर्धूपैस्तु धूपिता । प्राह प्रसादसुमुखी समस्तान् प्रणतान् सुरान् ॥ ३० ॥

देवताओं ने जब नन्दन वन के दिव्य फूलों और चन्दन आदि सुगन्धित वस्तुओं से पूजन तथा दिव्य धूप से धूपित करके बड़ी भक्ति से इस प्रकार देवी की स्तुति की, तब जगद्धात्री भगवती प्रसन्न होकर बोलीं ॥ २८–३० ॥ देवी ने कहा—हे देवताओ, जो

तुम्हारी इच्छा हो, वह वर माँगो ।। ३१–३२ ।। देवता बोले—हे भगवती, आपने हम लोगों की सब इच्छाएँ पूरी कर दीं, अब कुछ बाकी नहीं है ।। ३३–३४ ।। क्योंकि हम लोगों के शत्रु महिषासुर को आपने मार डाला; किन्तु हे महेश्वरी, यदि आप वर

देव्युवाच ।। ३१ ।।

व्रियतां त्रिदशाः सर्वे यदस्मत्तोऽभिवाञ्छितम् ॥ ३२ ॥

देवा ऊचुः ।। ३३ ।।

भगवत्या कृतं सर्वं न किंचिदवशिष्यते ॥ ३४ ॥ यदयं निहतः शत्रुरस्माकं महिषासुरः । यदि चापि वरो देयस्त्वयास्माकं महेश्वरि ॥ ३५ ॥ संस्मृता संस्मृता त्वं नो हिंसेथाः परमापदः । यश्च मर्त्यः स्तवैरेभिस्त्वां स्तोष्यत्यमलानने ॥ ३६ ॥ तस्य वित्त-

देना चाहती हैं तो जब कभी हम लोग आपका स्मरण करें तब आप हमारी विपत्तियाँ दूर कर दें और जो कोई मनुष्य इन स्तोत्रों से आपकी स्तुति करे ।। ३५–३६ ।। उसके

धन, ऐश्वर्य, स्त्री और पुत्र आदि की वृद्धि हो। हे अम्बिके, हम लोगों पर सदा प्रसन्न रहिए ॥ ३७ ॥ ऋषि कहते हैं—इस प्रकार अपने और सम्पूर्ण जगत् के लिए देवताओं के प्रार्थना करने पर भद्रकाली प्रसन्न होकर 'एवमस्तु' कहकर अन्तर्धान हो

र्द्धिविभवैर्धनदारादिसम्पदाम् । वृद्धयेऽस्मत्प्रसन्ना त्वं भवेथाः सर्वदाम्बिके ॥ ३७ ॥

ऋषिरुवाच ॥ ३८ ॥

इति प्रसादिता देवैर्जगतोऽर्थे तथाऽऽत्मनः । तथेत्युक्त्वा भद्रकाली बभूवान्तर्हिता नृप ॥ ३९ ॥ इत्येतत्कथितं भूप सम्भूता सा यथा पुरा । देवी देवशरीरेभ्यो जगत्त्रयहितैषिणी ॥ ४० ॥ पुनश्च

गईं ॥ ३८-३९ ॥ हे राजन्, तीनों लोकों का हित करनेवाली भगवती जिस प्रकार देवताओं के शरीर से उत्पन्न हुईं, वह वृत्तान्त हमने कहा ॥ ४० ॥ उसके बाद फिर जिस

प्रकार देवताओं का उपकार करनेवाली देवी शुम्भ-निशुम्भ आदि दुष्ट दैत्यों को मारने

गौरीदेहात्सा समुद्भूता यथाभवत्। वधाय दुष्टदैत्यानां तथा शुम्भ-निशुम्भयोः ॥ ४१ ॥ रक्षणाय च लोकानां देवानामुपकारिणी। तच्छृणुष्व मयाऽऽख्यातं यथावत्कथयामि ते ॥ ह्रीं ॐ ॥ ४२ ॥

और सब लोगों की रक्षा करने के लिए गौरी की देह से उत्पन्न हुईं, वह वृत्तान्त भी विस्तार के साथ कहते हैं, सुनो ॥ ४१–४२ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये शक्रादिस्तुतिर्नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥ ४ ॥

उवाच ५, अर्धश्लोकौ २, श्लोकाः ३५, एवम्० ४२, एवमादितः २५९ ॥

—:(०):—

पञ्चमोऽध्यायः

देवगणों द्वारा देवी की स्तुति, चण्ड-मुण्ड के मुख से अम्बिका के रूप की प्रशंसा सुनकर शुम्भ का भगवती के पास दूत भेजना और दूत का निराश लौटना।

विनियोगः

ॐ अस्य श्रीउत्तरचरित्रस्य रुद्र ऋषिः, महासरस्वती देवता, अनुष्टुप् छन्दः, भीमा शक्तिः, भ्रामरी बीजम्, सूर्यस्तत्त्वम्, सामवेदः स्वरूपम्, महासरस्वतीप्रीत्यर्थे उत्तरचरित्रपाठे विनियोगः।

ॐ इस उत्तर चरित्र के रुद्र ऋषि हैं, महासरस्वती देवता हैं, अनुष्टुप् छन्द है, भीमा शक्ति है, भ्रामरी बीज है, सूर्य तत्त्व है और सामवेद स्वरूप है। महासरस्वती की प्रसन्नता के लिये उत्तर चरित्र के पाठ में इसका विनियोग किया जाता है।

ध्यानम्

ॐ घण्टाशूलहलानि शङ्खमुसले चक्रं धनुः सायकं हस्ताब्जैर्दधतीं घनान्तविलसच्छीतांशुतुल्यप्रभाम्। गौरीदेहसमुद्भवां त्रिजगतामाधार-भूतां महापूर्वामत्र सरस्वतीमनुभजे शुम्भादिदैत्यार्दिनीम्॥

जो अपने करकमलों में घण्टा, शूल, हल, शङ्ख, मूसल, चक्र, धनुष और बाण धारण करती हैं, शरद् ऋतु के शोभासम्पन्न चन्द्रमा के समान जिनकी मनोहर कान्ति है, जो तीनों लोकों की आधारभूता और शुम्भ आदि दैत्यों का नाश करने वाली हैं तथा गौरी के शरीर से जिनका प्राकट्य हुआ है, उन महासरस्वती देवी का मैं अहर्निश भजन करता हूँ।

मेधा ऋषि कहते हैं—हे सुरथ, पूर्व समय में शुम्भ-निशुम्भ दो असुरों ने अपने बल और अहंकार से इन्द्र का राज्य तथा सब देवताओं के यज्ञ-भाग छीनकर तीनों लोकों को अपने वश में कर लिया था ।। १-२ ।। उन दोनों असुरों ने सूर्य, चन्द्रमा,

'ॐ क्लीं ऋषिरुवाच ।। १ ।।

पुरा शुम्भनिशुम्भाभ्यामसुराभ्यां शचीपतेः । त्रैलोक्यं यज्ञभागाश्च हृता मदबलाश्रयात् ॥ २ ॥ तावेव सूर्यतां तद्वदधिकारं तथैन्दवम् । कौबेरमथ याम्यं च चक्राते वरुणस्य च ॥ ३ ॥ तावेव पवनर्द्धिं च चक्रतुर्वह्निकर्म च । ततो देवा विनिर्धूता भ्रष्टराज्याः पराजिताः ॥ ४ ॥

कुबेर, यम, वरुण, पवन और अग्नि के भी अधिकार छीन लिये और देवताओं को परास्त करके राज्य से निकाल दिया ।। ३-४ ।। तब असुरों के डर से काँपते हुए देवता

अपराजिता दवी का इस प्रकार स्मरण करने लगे ॥ ५ ॥ देवी ने हम लोगों को वर दिया था कि विपत्ति पड़ने पर जब हमारा स्मरण करोगे, तब हम उसी समय तुम्हारी सब विपत्तियाँ दूर कर देंगी। यह सोचकर देवता हिमालय पर्वत पर

हृताधिकारास्त्रिदशास्ताभ्यां सर्वे निराकृताः । महासुराभ्यां तां देवीं संस्मरन्त्यपराजिताम् ॥५॥ तयास्माकं वरो दत्तो यथाऽऽपत्सु स्मृताखिलाः । भवतां नाशयिष्यामि तत्क्षणात्परमापदः ॥ ६ ॥ इति कृत्वा मतिं देवा हिमवन्तं नगेश्वरम् । जग्मुस्तत्र ततो देवीं विष्णुमायां प्रतुष्टुवुः ॥ ७ ॥

जाकर देवी विष्णुमाया की स्तुति करने लगे ॥ ६–७ ॥ देवताओं ने कहा—देवी, महादेवी और शिवा को हमारा प्रणाम है। प्रकृति देवी और भद्रा देवी को हम

लोग प्रणाम करते हैं ॥ ८–९ ॥ रौद्रा, नित्या, गौरी, धात्री, ज्योत्स्ना, इन्दुरूपिणी और परमानन्दमयी देवी को निरन्तर नमस्कार है । १० । कल्याण करनेवाली, वृद्धि

देवा ऊचुः ॥ ८ ॥

नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः । नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम् ॥ ९ ॥ रौद्रायै नमो नित्यायै गौर्यै धात्र्यै नमो नमः । ज्योत्स्नायै चेन्दुरूपिण्यै सुखायै सततं नमः ॥ १० ॥ कल्याण्यै प्रणतां वृद्ध्यै सिद्ध्यै कुर्मो नमो नमः । नैर्ऋत्यै भूभृतां लक्ष्म्यै शर्वाण्यै ते नमो नमः ॥ ११ ॥ दुर्गायै दुर्गपारायै सारायै

और सिद्धि देनेवाली भगवती को तथा राक्षसों और राजाओं की लक्ष्मी और शिवशक्ति शर्वाणी को हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ॥११॥ संसार-सागर से पार करनेवाली

दुर्गा को, सम्पूर्ण जगत् की सृष्टि करनेवाली और प्रकृति-पुरुष में भेदज्ञानरूपिणी देवी को तथा काली और धूम्रा (जिनका रूप धुआँ का-सा है) को निरन्तर प्रणाम है ॥ १२ ॥ अतिसौम्या, अर्थात् विद्या-रूप से संसार का दुःख नष्ट करनेवाली तथा

सर्वकारिण्यै । ख्यात्यै तथैव कृष्णायै धूम्रायै सततं नमः ॥ १२ ॥
अतिसौम्यातिरौद्रायै नतास्तस्यै नमो नमः । नमो जगत्प्रतिष्ठायै देव्यै
कृत्यै नमो नमः ॥ या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शब्दिता । नम-
स्तस्यै ॥ १४ ॥ नमस्तस्यै ॥ १५ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ १६ ॥

अतिरौद्रा, अर्थात् अविद्या-रूप से संसार में प्रवृत्ति करानेवाली देवी को विनीतभाव से बार-बार प्रणाम है । संसार की प्रतिष्ठारूपिणी और कार्यरूपिणी देवी को हम लोग प्रणाम करते हैं ॥ १३ ॥ जो देवी सब प्राणियों में विष्णुमाया नाम से कही जाती हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ॥ १४-१६ ॥ जो देवी सब प्राणियों में चेतना

नाम से कही जाती हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ॥ १७–१९ ॥ जो देवी सब प्राणियों में बुद्धि-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते

या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते । नमस्तस्यै ॥ १७ ॥ नमस्तस्यै ॥ १८ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ १९ ॥ या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ २० ॥ नमस्तस्यै ॥ २१ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ २२ ॥ या देवी सर्वभूतेषु निद्रारूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ २३ ॥ नमस्तस्यै ॥ २४ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ २५ ॥

हैं ॥ २०–२२ ॥ जो देवी सब प्राणियों में निद्रा-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग अनेक बार प्रणाम करते हैं ॥ २३–२५ ॥ जो देवी सब प्राणियों में सुधा-रूप से स्थित हैं,

उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ॥ २६–२८ ॥ जो देवी सब प्राणियों में छाया-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ॥ २९-३१ ॥ जो देवी सब

या देवी सर्वभूतेषु क्षुधारूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ २६ ॥ नमस्तस्यै ॥ २७ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ २८ ॥ या देवी सर्वभूतेषु-च्छायारूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ २९ ॥ नमस्तस्यै ॥ ३० ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥३१॥ या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ३२ ॥ नमस्तस्यै ॥ ३३ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ३४ ॥

प्राणियों में शक्ति-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ॥ ३२–३४ ॥ जो देवी सब प्राणियों में तृष्णा-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम

करते हैं ॥ ३५–३७ ॥ जो देवी सब प्राणियों में क्षमा-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ॥ ३८–४० ॥ जो देवी सब प्राणियों में जाति-रूप से स्थित हैं,

या देवी सर्वभूतेषु तृष्णारूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ३५ ॥ नमस्तस्यै ॥ ३६ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ३७ ॥ या देवी सर्वभूतेषु क्षान्तिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ३८ ॥ नमस्तस्यै ॥ ३९ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥४०॥ या देवी सर्वभूतेषु जातिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ४१ ॥ नमस्तस्यै ॥ ४२ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ४३ ॥ या देवी सर्वभूतेषु लज्जारूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ४४ ॥ नमस्तस्यै ॥ ४५ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ४६ ॥ या देवी सर्व-

उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ॥ ४१–४३ ॥ जो देवी सब प्राणियों में लज्जा-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ॥ ४४–४६ ॥ जो देवी सब

प्राणियों में शान्ति-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ॥ ४७–४९ ॥ जो देवी सब प्राणियों में श्रद्धा-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम

भूतेषु शान्तिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ४७ ॥ नमस्तस्यै ॥४८॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ४९ ॥ या देवी सर्वभूतेषु श्रद्धारूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ५० ॥ नमस्तस्यै ॥ ५१ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ५२ ॥ या देवी सर्वभूतेषु कान्तिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ५३ ॥ नमस्तस्यै ॥ ५४ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥५५॥

करते हैं ॥ ५०–५२ ॥ जो देवी सब प्राणियों में कान्ति-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ॥ ५३–५५ ॥ जो देवी सब प्राणियों में लक्ष्मी-रूप

मे स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ।। ५६–५८ ।। जो देवी सब प्राणियों में वृत्ति-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ।। ५९–

या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ५६ ॥ नमस्तस्यै ॥ ५७ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ५८ ॥ या देवी सर्व-भूतेषु वृत्तिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ५९ ॥ नमस्तस्यै ॥ ६० ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ६१ ॥ या देवी सर्वभूतेषु स्मृतिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ६२ ॥ नमस्तस्यै ॥ ६३ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ६४ ॥ या देवी सर्वभूतेषु दयारूपेण संस्थिता । नम-

६१ ।। जो देवी सब प्राणियों में स्मृति-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ।। ६२–६४ ।। जो देवी सब प्राणियों में दया-रूप से स्थित हैं, उनको हम

लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ।। ६५—६७ ।। जो देवी सब प्राणियों में सन्तोष-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ।। ६८—७० ।। जो देवी सब प्राणियों में मातृ-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ।। ७१—७३ ।।

स्तस्यै ॥ ६५ ॥ नमस्तस्यै ॥ ६६ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ६७ ॥ या देवी सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ६८ ॥ नमस्तस्यै ॥ ६९ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ७० ॥ या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ७१ ॥ नमस्तस्यै ॥ ७२ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ७३ ॥ या देवी सर्वभूतेषु । भ्रान्तिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥ ७४ ॥ नमस्तस्यै ॥ ७५ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ७६ ॥ इन्द्रियाणामधिष्ठात्री भूतानां चाखिलेषु या । भूतेषु

जो देवी सब प्राणियों में भ्रान्ति-रूप से स्थित हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ।। ७४—७६ ।। जो देवी सब इन्द्रियों की और संसारभर के प्राणियों की अधि-

ष्ठात्री हैं और सब प्राणियों में निरंतर व्याप्त हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ।। ७७ ।। जो देवी चैतन्य-रूप से सम्पूर्ण जगत् में व्याप्त हैं, उनको हम लोग बार-बार प्रणाम करते हैं ।। ७८—८० ।। पूर्व समय में अभीष्ट फल पाने के लिए देवताओं ने जिनकी

सततं तस्यै व्याप्तिदेव्यै नमो नमः ॥ ७७ ॥ चितिरूपेण या कृत्स्न-मेतद्व्याप्य स्थिता जगत् । नमस्तस्यै ॥ ७८ ॥ नमस्तस्यै ॥ ७९ ॥ नमस्तस्यै नमो नमः ॥ ८० ॥ स्तुता सुरैः पूर्वमभीष्टसंश्रयात्तथा सुरेन्द्रेण दिनेषु सेविता । करोतु सा नः शुभहेतुरीश्वरी शुभानि भद्राण्यभिहन्तु चापदः ॥ ८१ ॥ या साम्प्रतं चोद्धतदैत्यतापितै-

स्तुति की थी और देवराज इन्द्र ने बहुत दिनों तक जिनकी सेवा की थी; जो देवी मंगल का कारण हैं, वह हम लोगों का कल्याण करें और सब विपत्तियाँ दूर करें ।। ८१ ।।

प्रबल दैत्यों से पीड़ित होकर, हम लोग इस समय जिनको प्रणाम करते हैं, जो स्मरण करते ही हम लोगों की विपत्तियाँ दूर करती हैं, वह देवी हमारी सब विपत्तियों को नाश करें ॥ ८२ ॥ मेधा ऋषि कहते हैं—राजन्, इस प्रकार देवताओं के स्तुति करने पर

रस्माभिरीशा च सुरैर्नमस्यते । या च स्मृता तत्क्षणमेव हन्ति नः
सर्वापदो भक्तिविनम्रमूर्तिभिः ॥ ८२ ॥

ऋषिरुवाच ॥ ८३ ॥

एवं स्तवादियुक्तानां देवानां तत्र पार्वती । स्नातुमभ्याययौ
तोये जाह्नव्या नृपनन्दन ॥ ८४ ॥ साब्रवीत्तान् सुरान् सुभ्रूर्भवद्भिः

पार्वती प्रसन्न होकर गंगास्नान के बहाने देवताओं के सामने प्रकट होकर बोलीं—तुम लोग यहाँ किसकी स्तुति करते हो । उसी समय पार्वती की देह से उत्पन्न होकर शिवा देवी ने उत्तर दिया—शुम्भ-निशुम्भ ने इनको युद्ध में परास्त करके राज्य से निकाल

दिया है, इसलिए यह सब देवता यहाँ एकत्र होकर हमारी स्तुति करते हैं ॥ ८३–८६ ॥ शिवा देवी पार्वती के शरीर-कोश से निकली थीं, इसलिए लोकों में कौशिकी नाम से प्रसिद्ध हुईं ॥ ८७ ॥ पार्वती की देह से जब कौशिकी निकल आईं, तब पार्वती काली

स्तूयतेऽत्र का । शरीरकोशतश्चास्याः समुद्भूताब्रवीच्छिवा ॥ ८५ ॥ स्तोत्रं ममैतत् क्रियते शुम्भदैत्यनिराकृतैः । देवैः समेतैः समरे निशुम्भेन पराजितैः ॥ ८६ ॥ शरीरकोशाद्यत्तस्याः पार्वत्या निःसृताम्बिका । कौशिकीति समस्तेषु ततो लोकेषु गीयते ॥८७॥ तस्यां विनिर्गतायां तु कृष्णाभूत्सापि पार्वती । कालिकेति समाख्याता हिमाचलकृताश्रया ॥ ८८ ॥ ततोऽम्बिकां परं रूपं बिभ्राणां

हो गईं और कालिका नाम से प्रसिद्ध होकर हिमालय पर्वत पर रहने लगीं ॥ ८८ ॥ दैवयोग से शुम्भ-निशुम्भ के नौकरों ने, जिनका नाम चण्ड-मुण्ड था, उन परम सुन्दरी

अम्बिका को देखा ॥ ८९ ॥ उन दोनों ने जाकर शुम्भ से कहा—महाराज, एक परम सुन्दरी स्त्री हिमालय पर्वत पर बैठी है। वह अपने तेज से उस पर्वत को प्रकाशित कर रही है ॥ ९० ॥ हे असुरेश्वर, वैसा सुन्दर रूप आज तक किसी ने कहीं नहीं देखा।

सुमनोहरम्। ददर्श चण्डो मुण्डश्च भृत्यौ शुम्भनिशुम्भयोः ॥ ८९ ॥ ताभ्यां शुम्भाय चाख्याता अतीव सुमनोहरा। काप्यास्ते स्त्री महाराज भासयन्ती हिमाचलम् ॥ ९० ॥ नैव तादृक् क्वचिद्रूपं दृष्टं केनचिदुत्तमम्। ज्ञायतां काप्यसौ देवी गृह्यतां चासुरेश्वर ॥ ९१ ॥ स्त्रीरत्नमतिचार्वङ्गी द्योतयन्ती दिशस्त्विषा। सा तु तिष्ठति दैत्येन्द्र

आप मालूम कीजिए कि वह देवी कौन है और उसे ग्रहण कीजिए ॥ ९१ ॥ वह बहुत सुन्दरी है, सुन्दरी स्त्रियों में रत्न-रूप है, वह अपनी कान्ति से सब दिशाओं को प्रका-

शित कर रही है । आप चलकर उसे देखिए ॥ ९२ ॥ हे प्रभो, तीनों लोकों में जितने रत्न, मणि, हाथी और घोड़े हैं, वे सब इस समय आपके घर में मौजूद हैं ॥ ९३ ॥ आप हाथियों में श्रेष्ठ ऐरावत हाथी, घोड़ों में श्रेष्ठ उच्चैःश्रवा घोड़ा और पारिजात वृक्ष इन्द्र

**तां भवान् द्रष्टुमर्हति ॥ ९२ ॥ यानि रत्नानि मणयो गजाश्वा-
दीनि वै प्रभो । त्रैलोक्ये तु समस्तानि साम्प्रतं भान्ति ते गृहे ॥९३॥
ऐरावतः समानीतो गजरत्नं पुरन्दरात् । पारिजाततरुश्चायं तथैवो-
च्चैःश्रवा हयः ॥ ९४ ॥ विमानं हंससंयुक्तमेतत्तिष्ठति तेऽङ्गणे ।
रत्नभूतमिहानीतं यदासीद्वेधसोऽद्भुतम् ॥ ९५ ॥ निधिरेष महापद्मः**

से छीन लाये ॥ ९४ ॥ ब्रह्मा का हंसयुक्त अद्भुत विमान भी आपने बलपूर्वक लाकर घर में रक्खा है, जो अब तक मौजूद है ॥ ९५ ॥ महापद्म नामक निधि जो सब निधियों में

श्रेष्ठ है, उसे भी आप कुबेर से छीन लाये । समुद्र ने डरकर फूले हुए कमलों की किंजल्किनी नाम की माला आपको दे दी ॥ ९६ ॥ वरुण का छाता, जो सुवर्ण के समान चमकता है, वह भी आपके घर में मौजूद है । प्रजापति के पास जो उत्तम रथ था, वह

समानीतो धनेश्वरात् । किञ्जल्किनीं ददौ चाब्धिर्मालामम्लानपङ्कजाम् ॥ ९६ ॥ छत्रं ते वारुणं गेहे काञ्चनस्रावि तिष्ठति । तथायं स्यन्दनवरो यः पुराऽऽसीत्प्रजापतेः ॥ ९७ ॥ मृत्योरुत्क्रान्तिदा नाम शक्तिरीश त्वया हृता । पाशः सलिलराजस्य भ्रातुस्तव परिग्रहे ॥ ९८ ॥ निशुम्भस्याब्धिजाताश्च समस्ता रत्न-

भी आपके घर में है ॥ ९७ ॥ यमराज की उत्क्रान्तिदा (मौत देनेवाली) शक्ति भी आप छीन लाये । आपके भाई निशुम्भ ने वरुण का पाश छीनकर अपने घर में रक्खा है ॥ ९८ ॥ जितने रत्न समुद्र से उत्पन्न हुए हैं, वे सब निशुम्भ के घर में हैं, अग्नि ने डर

के मारे आपको पहनने के लिए दो दिव्य वस्त्र दिये हैं ॥ ९९ ॥ हे दैत्येन्द्र, इसी तरह और भी सब रत्न आप छीन लाये; फिर इस स्त्री-रत्न को क्यों नहीं ग्रहण करते ॥१००॥

जातयः । वह्निरपि ददौ तुभ्यमग्निशौचे च वाससी ॥ ९९ ॥ एवं दैत्येन्द्र रत्नानि समस्तान्याहृतानि ते । स्त्रीरत्नमेषा कल्याणी त्वया कस्मान्न गृह्यते ॥ १०० ॥

ऋषिरुवाच ॥ १०१ ॥

निशम्येति वचः शुम्भः स तदा चण्डमुण्डयोः । प्रेषयामास सुग्रीवं दूतं देव्या महासुरम् ॥ १०२ ॥ इति चेति च वक्तव्या सा गत्वा वचनान्मम । यथा चाभ्येति सम्प्रीत्या तथा कार्यं त्वया

मेधा ऋषि कहते हैं—हे राजन्, चण्ड-मुण्ड की यह बात सुनकर शुम्भ ने सुग्रीव नाम का एक दूत देवी के पास भेजा और उससे कहा—मेरी यह आज्ञा उसको सुनाओ,

और जिस तरह वह राजी होकर चली आवे, उसी तरह ले आओ ॥ १०१-१०३ ॥ वह दूत हिमालय पर देवी के पास जाकर कोमल और मधुर वचन बोला ॥ १०४ ॥ दूत ने कहा–हे देवि, दैत्यों के राजा शुम्भ, जो इस समय तीनों लोकों के स्वामी हैं; उनका

लघु ॥ १०३ ॥ स तत्र गत्वा यत्रास्ते शैलोद्देशेऽतिशोभने । सा देवी तां ततः प्राह श्लक्ष्णं मधुरया गिरा ॥ १०४ ॥

दूत उवाच ॥ १०५ ॥

देवि दैत्येश्वरः शुम्भस्त्रैलोक्ये परमेश्वरः । दूतोऽहं प्रेषितस्तेन त्वत्सकाशमिहागतः ॥ १०६ ॥ अव्याहताज्ञः सर्वासु यः सदा देवयोनिषु । निर्जिताखिलदैत्यारिः स यदाह शृणुष्व

भेजा हुआ मैं आपके पास आया हूँ ॥ १०५-१०६ ॥ उन्होंने सब देवताओं को जीत लिया है, कोई देवता उनकी आज्ञा नहीं टाल सकता । उनका सन्देश मैं आपसे कहता

हूँ, सुनिए ।। १०७ ।। उन्होंने कहा है, हम तीनों लोकों के राजा हैं । सब देवता हमारे वश में हैं । देवताओं के यज्ञ-भाग हमी लेते हैं ।। १०८ ।। तीनों लोकों में, जितने अच्छे-अच्छे रत्न हैं, वे सब हमारे पास हैं । हाथियों में श्रेष्ठ ऐरावत हाथी हमने इन्द्र से छीन

तत् ।। १०७ ।। मम त्रैलोक्यमखिलं मम देवा वशानुगाः । यज्ञ-भागानहं सर्वानुपाश्नामि पृथक् पृथक् ।। १०८ ।। त्रैलोक्ये वर-रत्नानि मम वश्यान्यशेषतः । तथैव गजरत्नं च हृत्वा देवेन्द्र-वाहनम् ।। १०९ ।। क्षीरोदमथनोद्भूतमश्वरत्नं ममामरैः । उच्चैःश्र-वससंज्ञं तत्प्रणिपत्य समर्पितम् ।। ११० ।। यानि चान्यानि देवेषु गन्धर्वेषूरगेषु च । रत्नभूतानि भूतानि तानि मय्येव

लिया है ।। १०९ ।। समुद्र मथने से जो उच्चैःश्रवा घोड़ा निकला था, उसे भी देवताओं ने हमें प्रणाम करके दे दिया है ।। ११० ।। देवताओं, गन्धर्वों और नागों के पास जितने

रत्न थे, वे सब इस समय हमारे पास हैं ॥ १११ ॥ हम तुमको सब स्त्रियों में रत्नस्वरूप समझते हैं, इसलिए तुम हमारे पास चली आओ; क्योंकि इस समय सब रत्नों का भोग हमी करते हैं ॥ ११२ ॥ तुम चाहे हमारे पास रहो या हमारे छोटे भाई महापराक्रमी

शोभने ॥ १११ ॥ स्त्रीरत्नभूतां त्वां देवि लोके मन्यामहे वयम् । सा त्वमस्मानुपागच्छ यतो रत्नभुजो वयम् ॥ ११२ ॥ मां वा ममानुजं वापि निशुम्भमुरुविक्रमम् । भज त्वं चञ्चलापाङ्गि रत्न-भूतासि वै यतः ॥ ११३ ॥ परमैश्वर्यमतुलं प्राप्स्यसे मत्परिग्रहात् । एतद् बुद्ध्या समालोच्य मत्परिग्रहतां व्रज ॥ ११४ ॥

निशुम्भ के पास; जहाँ तुम्हारी इच्छा हो आकर रहो; क्योंकि तुम रत्न-रूप हो ॥ ११३ ॥ हमारे पास रहोगी तो तुमको अतुल ऐश्वर्य प्राप्त होगा । इन बातों का विचार करके तुम हमारी स्त्री बनो ॥ ११४ ॥ मेधा ऋषि कहते हैं—दूत के यह कहने पर जगद्धात्री भगवती दुर्गा

मुस्कराकर गम्भीर शब्द बोलीं ।। ११५-११६ ।। देवी ने कहा—तुमने जो कहा है, वह सब सत्य है, उसमें झूठ कुछ भी नहीं है। शुम्भ और निशुम्भ तीनों लोकों के राजा

ऋषिरुवाच ।। ११५ ।।

इत्युक्ता सा तदा देवी गम्भीरान्तःस्मिता जगौ । दुर्गा भगवती भद्रा ययेदं धार्यते जगत् ॥ ११६ ॥

देव्युवाच ।। ११७ ।।

सत्यमुक्तं त्वया नात्र मिथ्या किंचित्त्वयोदितम् । त्रैलोक्याधिपतिः शुम्भो निशुम्भश्चापि तादृशः ॥ ११८ ॥ किं त्वत्र यत्प्रतिज्ञातं मिथ्या तत्क्रियते कथम् । श्रूयतामल्पबुद्धित्वात्प्रतिज्ञा या कृता पुरा ॥ ११९ ॥ यो मां जयति संग्रामे यो मे दर्पं व्यपोहति । यो

हैं ।। ११७-११८ ।। किन्तु मैंने जो प्रतिज्ञा की है, उसे कैसे मिथ्या करूँ । मैंने मूर्खता से जो प्रतिज्ञा कर ली है वह सुनो ।। ११९ ।। जो युद्ध में मुझे जीत ले, जो मेरा दर्प तोड़

दे, अथवा जो मेरे समान बलवान् हो, वही मेरा पति होगा ।। १२० ।। इसलिए महासुर शुम्भ या निशुम्भ, दो में से कोई भी यहाँ आवे और मुझे युद्ध में जीतकर शीघ्र ब्याह ले ।। १२१ ।। दूत ने कहा—हे देवि, हमारे सामने ऐसी घमंड की बात न कहो। तीनों

मे प्रतिबलो लोके स मे भर्ता भविष्यति ॥ १२० ॥ तदागच्छतु शुम्भोऽत्र निशुम्भो वा महासुरः । मां जित्वा किं चिरेणात्र पाणिं गृह्णातु मे लघु ॥ १२१ ॥

दूत उवाच ॥ १२२ ॥

अवलिप्तासि मैवं त्वं देवि ब्रूहि ममाग्रतः । त्रैलोक्ये कः पुमांस्तिष्ठेदग्रे शुम्भनिशुम्भयोः ॥ १२३ ॥ अन्येषामपि दैत्यानां

लोकों में ऐसा समर्थ पुरुष कौन है, जो युद्ध में शुम्भ-निशुम्भ के सामने ठहर सके ।। १२२-१२३ ।। उनसे युद्ध करना तो दूर रहा, दूसरे दैत्यों से भी देवता युद्ध नहीं कर

सकते। फिर तुम तो स्त्री हो और अकेली, कैसे उनसे युद्ध करोगी ॥ १२४ ॥ जिन शुम्भ आदि असुरों से इन्द्र आदि सब देवता मिलकर भी युद्ध न कर सके, तुम स्त्री होकर

सर्वे देवा न वै युधि। तिष्ठन्ति सम्मुखे देवि किं पुनः स्त्री त्वमेकिका ॥ १२४ ॥ इन्द्राद्याः सकला देवास्तस्थुर्येषां न संयुगे। शुम्भादीनां कथं तेषां स्त्री प्रयास्यसि सम्मुखम् ॥ १२५ ॥ सा त्वं गच्छ मयैवोक्ता पार्श्वं शुम्भनिशुम्भयोः। केशाकर्षणनिर्धूतगौरवा मा गमिष्यसि ॥ १२६ ॥

उनके साथ कैसे युद्ध करोगी ॥ १२५ ॥ मेरा कहा मानो, तुम शुम्भ-निशुम्भ के पास चलो; नहीं तो कोई असुर आवेगा और तुम्हारा अपमान करके, तुम्हारे केश पकड़कर ले जायगा ॥ १२६ ॥ देवी ने उत्तर दिया—सत्य है, शुम्भ-निशुम्भ ऐसे ही पराक्रमी हैं;

पर क्या करूँ, मैं पहले बिना विचारे ऐसी प्रतिज्ञा कर चुकी हूँ ।। १२७-१२८ ।। अब

देव्युवाच ।। १२७ ।।

एवमेतद् बली शुम्भो निशुम्भश्चातिवीर्यवान् । किं करोमि प्रतिज्ञा मे यदनालोचिता पुरा ।। १२८ ।। स त्वं गच्छ मयोक्तं ते यदेतत्सर्वमादृतः । तदाचक्ष्वासुरेन्द्राय स च युक्तं करोतु तत् ।। ॐ ।। १२९ ।।

तुम जाओ और जो कुछ मैंने कहा है, वह सब असुरों के स्वामी शुम्भ से कहो । वह जो उचित समझेंगे सो करेंगे ।। १२९ ।।

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये
देव्या दूतसंवादो नाम पञ्चमोऽध्यायः ।। ५ ।।

उवाच ९, त्रिपान्मन्त्राः ६६, श्लोकाः ५४, एवम् १२९, एवमादितः ३८८ ।।

—: ० :—

षष्ठोऽध्यायः

धूम्रलोचन-वध

—:०:—

ध्यानम्

ॐ नागाधीश्वरविष्टरां फणिफणोत्तंसोरुरत्नावलीभास्वद्देह-लतां दिवाकरनिभां नेत्रत्रयोद्भासिताम् । मालाकुम्भकपालनीरजकरां चन्द्रार्धचूडां परां सर्वज्ञेश्वरभैरवाङ्कनिलयां पद्मावतीं चिन्तये ॥

मैं सर्वज्ञेश्वर भैरव के अङ्क में निवास करनेवाली परमोत्कृष्ट पद्मावती देवी का चिन्तन करता हूँ। माँ पद्मावती नागराज के आसन पर बैठी हैं, नागों के फणों में

सुशोभित होनेवाली मणियों की विशाल माला से उनकी देहलता उद्भासित हो रही है। सूर्य के सदृश उनका तेज है, तीन नेत्र उनकी शोभा बढ़ा रहे हैं। वे हाथों में माला, कुम्भ, कपाल और कमल लिये हुए हैं तथा उनके मस्तक में अर्द्धचन्द्र का मुकुट सुशोभित है।

'ॐ' ऋषिरुवाच ॥ १ ॥

इत्याकर्ण्य वचो देव्याः स दूतोऽमर्षपूरितः। समाचष्ट समागम्य दैत्यराजाय विस्तरात ॥ २ ॥ तस्य दूतस्य तद्वाक्यमाकर्ण्या-

मेधा ऋषि कहते हैं—हे सुरथ, देवी की ये बातें सुनकर वह दूत क्रुद्ध होकर लौटा। उसने दैत्यराज शुम्भ के पास जाकर देवी की कही हुई सब बातें विस्तार-पूर्वक कह सुनाईं ॥ १-२ ॥ दूत की बातें सुनते ही असुरराज शुम्भ कुपित होकर सेनापति धूम्र-

लोचन से बोला—हे धूम्रलोचन, तुम अपनी सेना लेकर शीघ्र जाओ और उस दुष्टा को बलपूर्वक केश पकड़कर ले आओ ॥ ३-४ ॥ यदि कोई उसके बचाने का उद्योग करे,

सुरराट् ततः । सक्रोधः प्राह दैत्यानामधिपं धूम्रलोचनम् ॥ ३ ॥
हे धूम्रलोचनाशु त्वं स्वसैन्यपरिवारितः । तामानय बलाद् दुष्टां केशाकर्षणविह्वलाम् ॥ ४ ॥ तत्परित्राणदः कश्चिद्यदि वोत्तिष्ठतेऽपरः । स हन्तव्योऽमरो वापि यक्षो गन्धर्व एव वा ॥ ५ ॥

चाहे वह देवता हो, चाहे यक्ष या गन्धर्व, उसे मार डालो ॥ ५ ॥ ऋषि कहते हैं—शुम्भ की आज्ञा पाकर धूम्रलोचन साठ हजार असुर लेकर शीघ्रता से हिमालय पर्वत पर गया ।

वहाँ देवी को देखकर ऊँचे स्वर से बोला तुम—शुम्भ-निशुम्भ के पास चलो ।। ६-८ ।। यदि प्रसन्नता से मेरे स्वामी के पास नहीं चलोगी तो तुम्हारे केश पकड़कर

ऋषिरुवाच ।। ६ ।।

तेनाज्ञप्तस्ततः शीघ्रं स दैत्यो धूम्रलोचनः । वृतः षष्ट्या सहस्राणामसुराणां द्रुतं ययौ ॥ ७ ॥ स दृष्ट्वा तां ततो देवीं तुहिनाचलसंस्थिताम् । जगादोच्चैः प्रयाहीति मूलं शुम्भनिशुम्भयोः ॥ ८ ॥ न चेत्प्रीत्याद्य भवती मद्भर्तारमुपैष्यति । ततो बलान्नयाम्येष केशाकर्षणविह्वलाम् ॥ ९ ॥

बलपूर्वक ले जाऊँगा ।। ९ ।। देवी ने कहा—तुम दैत्यराज की आज्ञा से सेना लेकर आये

हो और बलवान् भी हो। यदि बलपूर्वक मुझे ले जाओगे तो मैं क्या करूँगी ।। १०-११ ।।
ऋषि कहते हैं—देवी के यह कहने पर धूम्रलोचन क्रुद्ध होकर दौड़ा। तब अम्बिका ने

देव्युवाच ।। १० ।।

दैत्येश्वरेण प्रहितो बलवान् बलसंवृतः। बलान्नयसि मामेवं ततः किं ते करोम्यहम् ॥ ११ ॥

ऋषिरुवाच ।। १२ ।।

इत्युक्तः सोऽभ्यधावत्तामसुरो धूम्रलोचनः। हुंकारेणैव तं भस्म सा चकाराम्बिका ततः ॥ १३ ॥ अथ क्रुद्धं महासैन्यमसुराणां तथाम्बिका। ववर्ष सायकैस्तीक्ष्णैस्तथा शक्तिपरश्वधैः ॥१४॥

हुंकार करके उसे भस्म कर दिया ।। १२-१३ ।। यह देखकर असुरों की सेना कुपित होकर देवी पर शक्ति, परशु और तीक्ष्ण बाण बरसाने लगी ।। १४ ।। देवी का वाहन सिंह

बड़े क्रोध से गरजकर गर्दन के बाल हिलाता हुआ असुरों की सेना में घुस गया ।। १५ ।।
उसने किसी को थप्पड़ से, किसी को मुँह के थपेड़ से, किसी को झपटने के वेग से
और किसी को होठ से धक्का देकर मार डाला ।। १६ ।। किसी का नख से पेट फाड़

ततो धुतसटः कोपात्कृत्वा नादं सुभैरवम् । पपातासुरसेनायां सिंहो
देव्याः स्ववाहनः ॥ १५ ॥ कांश्चित् करप्रहारेण दैत्यानास्येन
चापरान् । आक्रम्य चाधरेणान्यान् स जघान महासुरान् ॥ १६ ॥
केषांचित्पाटयामास नखैः कोष्ठानि केसरी । तथा तलप्रहारेण
शिरांसि कृतवान् पृथक् ॥ १७ ॥ विच्छिन्नबाहुशिरसः कृतास्तेन
तथापरे । पपौ च रुधिरं कोष्ठादन्येषां धुतकेसरः ॥ १८ ॥ क्षणेन

डाला और किसी का सिर थप्पड़ मारकर धड़ से अलग कर दिया ।। १७ ।। कितने ही
असुरों के सिर और बाहु काट डाला और कितनों के पेट फाड़कर रुधिर पी लिया ।। १८ ।।

इस प्रकार देवी के वाहन सिंह ने क्रुद्ध होकर क्षणभर में असुरों की सेना का संहार कर दिया ॥ १९ ॥ देवी के हाथ से धूम्रलोचन का मरना और उनके वाहन सिंह द्वारा सेना का विनाश सुनकर क्रोध के मारे दैत्यराज शुम्भ का अधर (नीचे का होठ)

तद्बलं सर्वं क्षयं नीतं महात्मना। तेन केसरिणा देव्या वाहनेनातिकोपिना ॥ १९ ॥ श्रुत्वा तमसुरं देव्या निहतं धूम्रलोचनम् । बलं च क्षयितं कृत्स्नं देवीकेसरिणा ततः ॥ २० ॥ चुकोप दैत्याधिपतिः शुम्भः प्रस्फुरिताधरः । आज्ञापयामास च तौ चण्डमुण्डौ महासुरौ ॥ २१ ॥ हे चण्ड हे मुण्ड बलैर्बहुभिः परिवारितौ । तत्र गच्छत गत्वा च सा समानीयतां लघु ॥ २२ ॥ केशेष्वाकृष्य

काँपने लगा। उसने चण्ड-मुण्ड को आज्ञा दी—हे चण्ड-मुण्ड, तुम बहुत बड़ी सेना लेकर जाओ और उस स्त्री को शीघ्र पकड़ लाओ ॥ २०-२२ ॥ केश पकड़कर या बाँध-

कर ले आना। यदि ऐसा न हो सके तो सब दैत्य मिलकर अस्त्रों से उसे मार डालें॥ २३॥

बद्ध्वा वा यदि वः संशयो युधि। तदाशेषायुधैः सर्वैरसुरैर्विनिहन्यताम्॥ २३॥ तस्यां हतायां दुष्टायां सिंहे च विनिपातिते। शीघ्रमागम्यतां बद्ध्वा गृहीत्वा तामथाम्बिकाम्॥ ॐ॥ २४॥

उस दुष्टा के मारे जाने पर उसके वाहन सिंह को भी मार डालना। किन्तु जहाँ तक हो सके उसे पकड़कर बाँधकर जीवित ले आना॥ २४॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये शुम्भनिशुम्भसेनानीधूम्रलोचनवधो नाम षष्ठोऽध्यायः॥ ६॥

उवाच ४, श्लोकाः २०, एवम् २४, एवमादितः ४१२॥

—:o:—

सप्तमोऽध्यायः

चण्ड तथा मुण्ड का वध

ध्यानम्

'ॐ' ध्यायेयं रत्नपीठे शुककलपठितं शृण्वतीं श्यामलाङ्गीं न्यस्तैकाङ्‌घ्रिं सरोजे शशिशकलधरां वल्लकीं वादयन्ताम् । कह्लाराबद्धमालां नियमितविलसच्चोलिकां रक्तवस्त्रां मातङ्गीं शङ्खपात्रां मधुरमधुमदां चित्रकोद्भासिभालाम् ॥

मैं मातङ्गी देवी का ध्यान करता हूँ। माता रत्नमय सिंहासन पर बैठकर पढ़ते हुए तोते का मधुर शब्द सुन रही हैं। मातङ्गी देवी श्याम वर्ण की शरीर वाली

हैं। वे अपना एक पैर कमल पर रक्खे हुए हैं और मस्तक पर अर्द्धचन्द्र धारण करती हैं। कह्लार पुष्पों की माला धारण किये वीणा बजाती हैं। उनके अङ्ग में कसी हुई चोली शोभा पा रही है। लाल रंग की साड़ी पहने हाथ में शङ्ख मय का पात्र लिये हुए हैं। उनके बदन पर मधु का हल्का-हल्का नशा जान पड़ता है और ललाट में बेंदी शोभा दे रही है।

'ॐ' ऋषिरुवाच ॥ १ ॥

आज्ञप्तास्ते ततो दैत्याश्चण्डमुण्डपुरोगमाः। चतुरङ्गबलोपेता ययुरभ्युद्यतायुधाः ॥ २ ॥ ददृशुस्ते ततो देवीमीषद्धासां व्यवस्थि-

मेधा ऋषि कहते हैं—हे सुरथ,शुम्भ की आज्ञा पाकर चण्ड और मुण्ड चतुरङ्गिणी सेना लेकर देवी को पकड़ने के लिए चले ॥ १-२ ॥ असुरों ने जाकर हिमालय पर्वत के

शिखर पर सिंह पर सवार मुस्कराती हुई देवी को देखा ॥ ३॥ वे धनुष और खड्ग आदि अस्त्र-शस्त्र लेकर देवी के समीप गये और उनको पकड़ने का उद्योग करने लगे।। ४ ।। तब देवी को उन शत्रुओं पर बड़ा क्रोध आया। क्रोध के मारे उनका मुँह काला हो गया ।। ५ ।।

ताम् । सिंहस्योपरि शैलेन्द्रशृङ्गे महति काञ्चने ॥ ३ ॥ ते दृष्ट्वा तां समादातुमुद्यमं चक्रुरुद्यताः । आकृष्टचापासिधरास्तथान्ये तत्समीपगाः ॥ ४ ॥ ततः कोपं चकारोच्चैरम्बिका तानरीन् प्रति । कोपेन चास्या वदनं मषीवर्णमभूत्तदा ॥ ५ ॥ भ्रुकुटीकुटिलात्तस्या ललाटफलकाद्द्रुतम् । काली करालवदना विनिष्क्रान्तासि-

उसी समय उनके भृकुटीकुटिल-ललाट से काली प्रकट हो गई। काली का मुँह भयानक था, हाथों में खड्ग, पाश और विचित्र खट्वाङ्ग (मुर्दे का पञ्जर अथवा खाट की पट्टी) लिये थीं। मुण्डमाला पहिने और बाघ की खाल ओढ़े थीं। विना मांस की उनकी

सूखी देह बड़ी भयानक थी ॥ ६-७ ॥ मुँह फैलाये और बड़ी लम्बी जीभ काढ़े थीं। लाल-लाल आँखें गड्ढे में घुसी थीं। उनके गरजने का शब्द सब दिशाओं में फैल गया ॥ ८ ॥ वह बड़े वेग से असुरों की सेना पर झपटीं और वड़े-बड़े असुरों पर प्रहार

पाशिनी ॥ ६ ॥ विचित्रखट्वाङ्गधरा नरमालाविभूषणा । द्वीपि-चर्मपरीधाना शुष्कमांसातिभैरवा ॥ ७ ॥ अतिविस्तारवदना जिह्वाललनभीषणा । निमग्नारक्तनयना नादापूरितदिङ्मुखा ॥ ८ ॥ सा वेगेनाभिपतिता घातयन्ती महासुरान् । सैन्ये तत्र सुरारीणामभक्षयत तद्बलम् ॥ ९ ॥ पार्ष्णिग्राहाङ्कुशग्राहियोधघण्टासमन्वितान् । समादायैकहस्तेन मुखे चिक्षेप वारणान् ॥ १० ॥ तथैव योधं तुरगै

करती हुई उनकी सेना का भक्षण करने लगीं ॥ ९ ॥ काली ने एक ही हाथ से महावत, सवार और घंटा समेत हाथियों को पकड़कर अपने मुँह में डाल लिया ॥ १० ॥ उसी प्रकार

घोड़ों, सवारों और सारथियों-सहित रथों को भी मुँह में डालकर दाँतों से चबा डाला ॥ ११ ॥ किसी के केश पकड़कर, किसी का गला दबाकर, किसी को छाती का धक्का देकर और किसी को पैर से दबाकर मार डाला ॥ १२ ॥ देवी ने कुपित होकर, असुरों

रथं सारथिना सह । निक्षिप्य वक्त्रे दशनैश्चर्वयन्त्यतिभैरवम् ॥११॥
एकं जग्राह केशेषु ग्रीवायामथ चापरम् । पादेनाक्रम्य चैवान्यमु-
रसान्यमपोथयत् ॥ १२ ॥ तैर्मुक्तानि च शस्त्राणि महास्त्राणि
तथासुरैः । मुखेन जग्राह रुषा दशनैर्मथितान्यपि ॥ १३ ॥ बलिनां
तद् बलं सर्वमसुराणां दुरात्मनाम् । ममर्दाभक्षयच्चान्यानन्यांश्चा-
ताडयत्तथा ॥ १४ ॥ असिना निहताः केचित्केचित्खट्वाङ्ग-

के चलाये हुए अस्त्र-शस्त्र मुँह में लेकर दाँतों से पीस डाला ॥ १३ ॥ बड़े-बड़े बलवान् दुरात्मा असुरों को रौंद डाला। बहुतों को घायल कर दिया और बहुतों को खा लिया ॥ १४ ॥

कितने ही असुर तलवार की मार से, कितने ही खट्वाङ्ग की मार से और कितने ही दाँतों से नोच डालने से मर गये ॥ १५ ॥ इस प्रकार क्षणभर में असुरों की सेना का विनाश देखकर महासुर चण्ड अति भयानक काली की ओर दौड़ा ॥ १६ ॥ मुण्ड ने भी

ताडिताः। जग्मुर्विनाशमसुरा दन्ताग्राभिहतास्तथा ॥ १५ ॥
क्षणेन तद् बलं सर्वमसुराणां निपातितम्। दृष्ट्वा चण्डोऽभिदुद्राव
तां कालीमतिभीषणाम् ॥ १६ ॥ शरवर्षैर्महाभीमैर्भीमाक्षीं तां
महासुरः। छादयामास चक्रैश्च मुण्डः क्षिप्तैः सहस्रशः ॥ १७ ॥
तानि चक्राण्यनेकानि विशमानानि तन्मुखम्। बभुर्यथार्कबिम्बानि

भयंकर बाणों की वर्षा करके और हजारों चक्र फेंककर भयानक आँखोंवाली काली को ढक दिया ॥ १७ ॥ वे चक्र काली के मुँह में प्रविष्ट होकर ऐसे शोभित हुए, जैसे बादलों

में सूर्य-मंडल शोभित हों ॥ १८ ॥ काली बड़े क्रोध से भयंकर मुँह और दाँत दिखाकर और भयानक शब्द से गरजकर हँसने लगीं और एक बड़ी तलवार उठाकर 'हं' शब्द करके चण्ड की ओर दौड़ीं। देवी ने केश पकड़कर तलवार से उसका सिर काट

सुबहूनि घनोदरम् ॥ १८ ॥ ततो जहासातिरुषा भीमं भैरवनादिनी। काली करालवक्त्रान्तर्दुर्दर्शदशनोज्ज्वला ॥ १९ ॥ उत्थाय च महासिं हं देवी चण्डमधावत। गृहीत्वा चास्य केशेषु शिरस्तेनासिनाच्छिनत् ॥ २० ॥ अथ मुण्डोऽभ्यधावत्तां दृष्ट्वा चण्डं निपातितम्। तमप्यपातयद्भूमौ सा खड्गाभिहतं रुषा ॥ २१ ॥ हतशेषं ततः सैन्यं दृष्ट्वा चण्डं निपातितम्।

डाला ॥ १९-२० ॥ चण्ड को मरा हुआ देखकर मुण्ड दौड़ा। काली ने उसे भी तलवार से मारकर पृथ्वी पर गिरा दिया ॥ २१ ॥ इस प्रकार चण्ड-मुण्ड के मारे जाने पर

बाकी सेना डरकर भाग गई ॥ २२ ॥ उसके बाद काली चण्ड और मुण्ड का सिर लेकर चण्डिका के पास गईं और हँसकर बोलीं—मैं चण्ड और मुण्ड, दो महापशुओं को मार-

मुण्डं च सुमहावीर्यं दिशो भेजे भयातुरम् ॥ २२ ॥ शिरश्चण्डस्य काली च गृहीत्वा मुण्डमेव च । प्राह प्रचण्डाट्टहासमिश्रमभ्येत्य चण्डिकाम् ॥ २३ ॥ मया तवात्रोपहृतौ चण्डमुण्डौ महापशू । युद्धयज्ञे स्वयं शुम्भं निशुम्भं च हनिष्यसि ॥ २४ ॥

ऋषिरुवाच ॥ २५ ॥

तावानीतौ ततो दृष्ट्वा चण्डमुण्डौ महासुरौ । उवाच काली

कर आपकी भेंट करती हूँ । अब शुम्भ और निशुम्भ को आप स्वयं मारिए ॥ २३-२४ ॥ मेधा ऋषि कहते हैं—हे राजन्, महासुर, चण्ड-मुण्ड को देखकर चण्डिका देवी ने काली

से कहा—तुम चण्ड और मुण्ड को मारकर मेरे सामने लाई हो, इसलिए हे देवि, अब

कल्याणी ललितं चण्डिका वचः ।। २६ ।। यस्माच्चण्डं च मुण्डं च गृहीत्वा त्वमुपागता । चामुण्डेति ततो लोके ख्याता देवि भविष्यसि ।। ॐ ।। २७ ।।

तुम चामुण्डा नाम से जगत् में विख्यात होगी ।। २५-२७ ।।

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये चण्डमुण्डवधो नाम सप्तमोऽध्यायः ।। ७ ।।

उवाच २, श्लोकाः २५, एवम् २७, एवमादितः ४३९ ।।

—:०:—

अष्टमोऽध्यायः

—: ० :—

रक्तबीज का वध

ध्यानम्

ॐ अरुणां करुणातरङ्गिताक्षीं धृतपाशाङ्कुशबाणचाप-
हस्ताम् । अणिमादिभिरावृतां मयूखैरहमित्येव विभावये भवानीम् ।।

मैं अणिमा आदि सिद्धिमयी किरणों से आवृत भवानी का ध्यान करता हूँ। भवानी का शरीर लाल रंग के समान है। नेत्रों में करुणा लहरा रही है तथा हाथों में पाश, अङ्कुश, बाण और धनुष शोभा पाते हैं।

—: ० :—

मेधा ऋषि कहते हैं—हे सुरथ, जब काली ने चण्ड-मुण्ड को उनकी सेना के साथ मार डाला, तब असुरराज महाप्रतापी शुम्भ ने कुपित होकर दैत्यों की सेना को आज्ञा

ॐ ऋषिरुवाच ॥ १ ॥

चण्डे च निहते दैत्ये मुण्डे च विनिपातिते। बहुलेषु च सैन्येषु क्षयितेष्वसुरेश्वरः ॥ २ ॥ ततः कोपपराधीनचेताः शुम्भः प्रतापवान्। उद्योगं सर्वसैन्यानां दैत्यानामादिदेश ह ॥ ३ ॥ अद्य सर्वबलैर्दैत्याः षडशीतिरुदायुधाः। कम्बूनां चतुरशीतिर्निर्यान्तु स्वबलैर्वृताः ॥ ४ ॥ कोटिवीर्याणि पञ्चाशदसुराणां कुलानि वै।

दी। उदायुध नाम के छियासी बलवान् दैत्य, और कम्बू नाम के चौरासी दैत्य अपनी सेना लेकर युद्ध में चलें ॥ १-४ ॥ कोटिवीर्य कुल के पचास, और धूम्रवंश के सौ असुर

तैयार होकर लड़ने के लिए चलें ॥ ५ ॥ काल, दौर्हृद और मौर्यवंश के असुर तथा कालिका के पुत्र भी मेरी आज्ञा से शीघ्र तैयार होकर निकलें॥ ६ ॥ यह आज्ञा देकर कठोर शासन करनेवाला असुरराज शुम्भ हजारों बड़ी-बड़ी सेनाएँ लेकर युद्ध के लिए

शतं कुलानि धौम्राणां निर्गच्छन्तु ममाज्ञया ॥ ५ ॥ कालका दौर्हृदा मौर्याः कालकेयास्तथासुराः । युद्धाय सज्जा निर्यान्तु आज्ञया त्वरिता मम ॥ ६ ॥ इत्याज्ञाप्यासुरपतिः शुम्भो भैरव-शासनः । निर्जगाम महासैन्यसहस्रैर्बहुभिर्वृतः ॥ ७ ॥ आयान्तं चण्डिका दृष्ट्वा तत्सैन्यमतिभीषणम् । ज्यास्वनैः पूरयामास धरणी-गगनान्तरम् ॥ ८ ॥ ततः सिंहो महानादमतीव कृतवान् नृप ।

गया ॥ ७ ॥ चण्डिका देवी ने उसकी भयानक सेना देखकर अपना धनुष चढ़ाया । उनके धनुष की ज्या का शब्द आकाश और पृथ्वी में फैल गया ॥ ८ ॥ उसी समय देवी

का वाहन सिंह भी गरजा, और देवी ने घंटा बजाकर सिंह के गरजने और धनुष की ज्या के शब्द को और भी बढ़ा दिया ॥ ९ ॥ इस भाँति धनुष की ज्या का शब्द, सिंह के गरजने का शब्द और घंटा का शब्द सब दिशाओं में फैल गया। उसी समय काली

घण्टास्वनेन तन्नादमम्बिका चोपबृंहयत् ॥ ९ ॥ धनुर्ज्यासिंह-घण्टानां नादापूरितदिङ्मुखा। निनादैर्भीषणैः काली जिग्ये विस्तारितानना ॥ १० ॥ तं निनादमुपश्रुत्य दैत्यसैन्यैश्चतुर्दिशम्। देवी सिंहस्तथा काली सरोषैः परिवारिताः ॥ ११ ॥ एतस्मिन्नन्तरे भूप विनाशाय सुरद्विषाम्। भवायामरसिंहानामतिवीर्यबला-

भी मुँह फैलाकर भयंकर नाद से गरजीं। उनके गरजने का शब्द उससे भी बढ़कर हुआ ॥ १० ॥ वह शब्द सुनकर दैत्यों की सेना ने बड़े क्रोध से चण्डिका, काली और सिंह को घेर लिया ॥ ११ ॥ राजन्, उसी समय असुरों का विनाश और देवताओं का

कल्याण करने के लिए ब्रह्मा, शिव, स्वामिकार्त्तिक, विष्णु और इन्द्र की शक्तियाँ उन्हीं की देह से निकलकर और उन्हीं देवताओं का रूप धारण करके चण्डिका के पास आईं ॥ १२-१३ ॥ जिस देवता का जैसा रूप है और जैसा आभूषण और वाहन है,

न्विताः ॥ १२ ॥ ब्रह्मेशगुहविष्णूनां तथेन्द्रस्य च शक्तयः । शरीरेभ्यो विनिष्क्रम्य तद्रूपैश्चण्डिकां ययुः ॥ १३ ॥ यस्य देवस्य यद्रूपं यथाभूषणवाहनम् । तद्वदेव हि तच्छक्तिरसुरान् योद्धुमाययौ ॥ १४ ॥ हंसयुक्तविमानाग्रे साक्षसूत्रकमण्डलुः । आयाता ब्रह्मणः शक्तिर्ब्रह्माणी साभिधीयते ॥ १५ ॥ माहेश्वरी वृषारूढा त्रिशूलवर-

उसकी शक्ति भी वैसा ही रूप, आभूषण और वाहन लेकर असुरों से युद्ध करने के लिए आई ॥ १४ ॥ ब्रह्मा की शक्ति ब्रह्माणी, हाथ में कमण्डलु और अक्षमाला लिये हुए हंस-युक्त विमान पर बैठकर आईं ॥ १५ ॥ महेश्वर की शक्ति माहेश्वरी त्रिशूल धारण करके

बैल पर चढ़कर आईं। उनके हाथ में साँप लिपटा था और ललाट में चन्द्ररेखा शोभित थी ॥ १६ ॥ कार्त्तिकेय की शक्ति कौमारी, हाथ में शक्ति लेकर, मोर, पर चढ़कर दैत्यों से युद्ध करने के लिए आईं ॥ १७ ॥ विष्णु की शक्ति वैष्णवी शंख, चक्र, गदा, धनुष और

धारिणी। महाहिवलया प्राप्ता चन्द्ररेखाविभूषणा ॥ १६ ॥ कौमारी शक्तिहस्ता च मयूरवरवाहना। योद्धुमभ्याययौ दैत्यानम्बिका गुहरूपिणी ॥ १७ ॥ तथैव वैष्णवी शक्तिर्गरुडोपरि संस्थिता। शङ्खचक्रगदाशार्ङ्गखड्गहस्ताभ्युपाययौ ॥ १८ ॥ यज्ञवाराहमतुलं रूपं या बिभ्रतो हरेः। शक्तिः साप्याययौ तत्र वाराहीं बिभ्रती तनुम् ॥ १९ ॥ नारसिंही नृसिंहस्य बिभ्रती सदृशं वपुः। प्राप्ता

खड्ग लेकर गरुड़ पर सवार होकर आईं ॥१८॥ वाराहरूप भगवान् विष्णु की शक्ति वाराही रूप धारण करके आईं ॥ १९ ॥ नारसिंही नृसिंह के समान रूप धारण करके आईं,

उनकी गर्दन के बाल हिलने से नक्षत्र हिलने लगे ।। २० ।। इन्द्र की शक्ति इन्द्राणी हाथ में वज्र लेकर, सहस्र नेत्रों से शोभित होकर, इन्द्र के समान रूप धारण करके ऐरावत पर सवार होकर आईं ।। २१ ।। उन देवशक्तियों के बीच में खड़े होकर शिवजी ने चण्डिका

तत्र सटाक्षेपक्षिप्तनक्षत्रसंहतिः ॥ २० ॥ वज्रहस्ता तथैवैन्द्री गज-राजोपरि स्थिता । प्राप्ता सहस्रनयना यथा शक्रस्तथैव सा ॥ २१ ॥ ततः परिवृतस्ताभिरीशानो देवशक्तिभिः । हन्यन्तामसुराः शीघ्रं मम प्रीत्याऽऽह चण्डिकाम् ।। २२ ।। ततो देवीशरीरात्तु विनिष्क्रान्ता-तिभीषणा । चण्डिकाशक्तिरत्युग्रा शिवाशतनिनादिनी ।। २३ ।।

से कहा कि असुरों को शीघ्र मारकर मुझे प्रसन्न करो ।। २२ ।। उसी समय चण्डिका देवी के शरीर से अति भयानक शक्ति उत्पन्न हुई । उनके साथ ही सैकड़ों सियारिनें भी पैदा होकर चिल्लाने लगीं ।। २३ ।। उस अपराजिता देवी ने धूम्रवर्ण जटाओं से शोभित

शिवजी से कहा—भगवन्, आप दूतरूप से शुम्भ-निशुम्भ के पास जाइए ॥ २४ ॥ अतिगर्वित शुम्भ-निशुम्भ से, और युद्ध के लिए उपस्थित अन्य दानवों से कहिये कि तुम लोग यदि जीवित रहना चाहते हो, तो पाताल को चले जाओ। अब इन्द्र तीनों लोकों

सा चाह धूम्रजटिलमीशानमपराजिता। दूत त्वं गच्छ भगवन् पार्श्वं शुम्भनिशुम्भयोः ॥ २४ ॥ ब्रूहि शुम्भं निशुम्भं च दानवावतिगर्वितौ। ये चान्ये दानवास्तत्र युद्धाय समुपस्थिताः ॥ २५ ॥ त्रैलोक्यमिन्द्रो लभतां देवाः सन्तु हविर्भुजः। यूयं प्रयात पातालं यदि जीवितुमिच्छथ ॥ २६ ॥ बलावलेपादथ चेद्भवन्तो युद्धका-

का राज्य पावें और देवता अपना-अपना यज्ञ-भाग लें ॥ २५-२६ ॥ और यदि तुम अपने बल के दर्प से युद्ध करना चाहते हो, तो आवो, तुम्हारे मांस से हमारी सियारिनें तृप्त

हों ॥ २७ ॥ देवी ने शिवजी को दूत-कार्य में नियुक्त किया; इसलिये वह शिवदूती नाम से प्रसिद्ध हुईं ॥ २८ ॥ शिव के मुँह से देवी की यह बात सुनकर, सब दैत्य कुपित होकर

ङ्क्षिणः। तदागच्छत तृप्यन्तु मच्छिवाः पिशितेन वः ॥ २७ ॥
यतो नियुक्तो दौत्येन तया देव्या शिवः स्वयम्। शिवदूतीति
लोकेऽस्मिंस्ततः सा ख्यातिमागता ॥ २८ ॥ तेऽपि श्रुत्वा वचो
देव्याः शर्वाख्यातं महासुराः। अमर्षापूरिता जग्मुर्यत्र कात्यायनी
स्थिता ॥ २९ ॥ ततः प्रथममेवाग्रे शरशक्त्यृष्टिवृष्टिभिः। ववर्षुरुद्ध-
तामर्षास्तां देवीममरारयः ॥ ३० ॥ सा च तान् प्रहितान् बाणाञ्छू-

देवी के पास गये ॥ २९ ॥ क्रोध से व्याकुल वे असुर बाण, शक्ति और ऋष्टि, देवी पर बरसाने लगे ॥ ३० ॥ देवी ने उनके चलाये हुए बाण, शूल, शक्ति और परशु आदि अस्त्रों

को अपने बाणों से अनायास काटकर गिरा दिया ।। ३१ ।। देवी के सामने ही काली शत्रुओं को शूल और खट्वाङ्ग से मारती हुई युद्धभूमि में विचरने लगीं ।। ३२ ।। ब्रह्माणी

त्शक्तिपरश्वधान् । चिच्छेद लीलयाऽऽध्मातधनुर्मुक्तैर्महेषुभिः ॥३१॥
तस्याग्रतस्तथा काली शूलपातविदारितान् । खट्वाङ्गपोथितांश्चारीन्
कुर्वती व्यचरत्तदा ॥ ३२ ॥ कमण्डलुजलाक्षेपहतवीर्यान् हतौजसः ।
ब्रह्माणी चाकरोच्छत्रून् येन येन स्म धावति ॥ ३३ ॥ माहेश्वरी
त्रिशूलेन तथा चक्रेण वैष्णवी । दैत्याञ्जघान कौमारी तथा शक्त्या-

जिधर जाती थीं उधर कमण्डलु से जल छिड़ककर, शत्रुओं को निर्बल और निस्तेज कर देती थीं ।। ३३ ।। माहेश्वरी ने त्रिशूल से, वैष्णवी ने चक्र से, और कौमारी ने क्रुद्ध

होकर शक्ति से दानवों का संहार किया ॥ ३४ ॥ इन्द्राणी ने वज्र के प्रहार से सैकड़ों दानवों को मार डाला। वे रुधिर बरसाते हुए पृथ्वी पर गिर पड़े ॥ ३५ ॥ वाराही ने दानवों की छाती में दाँत मारकर घायल कर दिया। बहुतों को थूथन से मार डाला

तिकोपना ॥ ३४ ॥ ऐन्द्रीकुलिशपातेन शतशो दैत्यदानवाः।
पेतुर्विदारिताः पृथ्व्यां रुधिरौघप्रवर्षिणः ॥ ३५ ॥ तुण्डप्रहार-
विध्वस्ता दंष्ट्राग्रक्षतवक्षसः। वाराहमूर्त्या न्यपतंश्चक्रेण च
विदारिताः ॥ ३६ ॥ नखैर्विदारितांश्चान्यान् भक्षयन्ती महासुरान्।
नारसिंही चचाराजौ नादापूर्णदिगम्बरा ॥ ३७ ॥ चण्डाट्टहासैर-

और बहुतों को चक्र के प्रहार से मारकर गिरा दिया ॥ ३६ ॥ नारसिंही ने नखों से फाड़कर बहुत-से असुरों को खा लिया। फिर वह गरजकर युद्धभूमि में घूमने लगीं। उनके गरजने का शब्द आकाश और सब दिशाओं में फैल गया ॥ ३७ ॥ शिवदूती भी भया-

नक अट्टहास करके असुरों को पृथ्वी पर गिराकर भक्षण करने लगीं ॥ ३८ ॥ इस तरह देवियों ने कुपित होकर अनेक उपाय से बड़े-बड़े असुरों का विनाश कर दिया। यह देखकर दैत्यों की सेना भागने लगी ॥ ३९ ॥ देवियों की मार से पीड़ित

सुराः शिवदूत्यभिदूषिताः । पेतुः पृथिव्यां पतितांस्तांश्चखादाथ सा तदा ॥ ३८ ॥ इति मातृगणं क्रुद्धं मर्दयन्तं महासुरान् । दृष्ट्वाभ्युपायैर्विविधैर्नेशुर्देवारिसैनिकाः ॥ ३९ ॥ पलायनपरान् दृष्ट्वा दैत्यान् मातृगणार्दितान् । योद्धुमभ्याययौ क्रुद्धो रक्तबीजो महासुरः ॥ ४० ॥ रक्तबिन्दुर्यदा भूमौ पतत्यस्य शरीरतः । समुत्पतति मेदिन्यां

सेना को भागते देखकर रक्तबीज नाम का असुर क्रुद्ध होकर युद्ध करने के लिए आया ॥ ४० ॥ उसकी देह से जब एक बूँद रुधिर पृथ्वी पर गिरता था तब उसी के समान

दूसरा असुर पैदा हो जाता था ।। ४१ ।। रक्तबीज हाथ में गदा लेकर इन्द्राणी से युद्ध
करने लगा । इन्द्राणी ने रक्तबीज पर वज्र का प्रहार किया ।। ४२ ।। वज्र लगने से उसकी
देह से बहुत-सा रुधिर गिरा और उसी के समान पराक्रमी असुर पैदा हो गये ।। ४३ ।।

**तत्प्रमाणस्तदासुरः ॥ ४१ ॥ युयुधे स गदापाणिरिन्द्रशक्त्या
महासुरः । ततश्चैन्द्री स्ववज्रेण रक्तबीजमताडयत् ॥ ४२ ॥ कुलिशे-
नाहतस्याशु बहु सुस्राव शोणितम् । समुत्तस्थुस्ततो योधास्तद्रूपास्त-
त्पराक्रमाः ॥ ४३ ॥ यावन्तः पतितास्तस्य शरीराद्रक्तबिन्दवः ।
तावन्तः पुरुषा जातास्तद्वीर्यबलविक्रमाः ॥ ४४ ॥ ते चापि युयुधु-**

उसके शरीर से रुधिर के जितने बूँद गिरते थे, उतने ही पुरुष, वैसे ही बलवान् और
पराक्रमी पैदा हो जाते थे ।। ४४ ।। रुधिर से उत्पन्न असुर तीक्ष्ण अस्त्र-शस्त्र बरसाकर

देवियों से युद्ध करने लगे ॥ ४५ ॥ उसके बाद जब इन्द्राणी ने वज्र मारकर रक्तबीज का सिर फोड़ दिया और उससे रुधिर बहने लगा तब हजारों असुर पैदा हो गये ॥ ४६ ॥ वैष्णवी ने चक्र से, और इन्द्राणी ने गदा से रक्तबीज को मारा ॥ ४७ ॥ वैष्णवी का चक्र

स्तत्र पुरुषा रक्तसम्भवाः । समं मातृभिरत्युग्रशस्त्रपातातिभीषणम् ॥ ४५ ॥ पुनश्च वज्रपातेन क्षतमस्य शिरो यदा । ववाह रक्तं पुरुषास्ततो जाताः सहस्रशः ॥ ४६ ॥ वैष्णवी समरे चैनं चक्रेणाभिजघान ह । गदया ताडयामास ऐन्द्री तमसुरेश्वरम् ॥४७॥ वैष्णवीचक्रभिन्नस्य रुधिरस्रावसम्भवैः । सहस्रशो जगद्व्याप्तं तत्प्रमाणैर्महासुरैः ॥ ४८ ॥ शक्त्या जघान कौमारी वाराही च

लगने से, रक्तबीज की देह से जो रुधिर निकला, उससे उसी के समान हजारों असुर पैदा होकर संसार में भर गये ॥ ४८ ॥ कौमारी ने शक्ति से, वाराही ने तलवार से और

माहेश्वरी ने त्रिशूल से महासुर रक्तबीज को मारा ॥ ४९ ॥ रक्तबीज ने भी कुपित होकर सब देवियों पर गदा का प्रहार किया ॥ ५० ॥ शक्ति और शूल आदि के लगने से, उस असुर की देह से रुधिर की जो बूँदें पृथ्वी पर गिरीं उनसे सैकड़ों असुर पैदा हो गये ॥ ५१ ॥

तथासिना । माहेश्वरी त्रिशूलेन रक्तबीजं महासुरम् ॥ ४९ ॥ स चापि गदया दैत्यः सर्वा एवाहनत् पृथक् । मातृः कोपसमाविष्टो रक्तबीजो महासुरः ॥ ५० ॥ तस्याहतस्य बहुधा शक्तिशूलादिभिर्भुवि । पपात यो वै रक्तौघस्तेनासञ्छतशोऽसुराः ॥ ५१ ॥ तैश्चासुरासृक्सम्भूतैरसुरैः सकलं जगत् । व्याप्तमासीत्ततो देवा भयमाजग्मुरुत्तमम् ॥ ५२ ॥ तान् विषण्णान् सुरान् दृष्ट्वा चण्डिका प्राह

रक्तबीज के रुधिर से उत्पन्न असुरों से सम्पूर्ण जगत् व्याप्त हो गया । यह देखकर देवता बहुत डरे ॥ ५२ ॥ देवताओं को भयभीत देखकर चण्डिका ने काली से कहा—हे

चामुण्डे, अपना मुँह फैलाओ, और मेरे शस्त्र लगने से इसकी देह से जो रुधिर की बूँदें गिरें, उनको पी लो, और यदि उनसे असुर पैदा हो जायँ तो उनको खा लो ।। ५३-५४ ।।

सत्वरा । उवाच कालीं चामुण्डे विस्तीर्णं वदनं कुरु ॥ ५३ ॥ मच्छस्त्रपातसम्भूतान् रक्तबिन्दून्महासुरान् । रक्तबिन्दोः प्रतीच्छ त्वं वक्त्रेणानेन वेगिना ॥ ५४ ॥ भक्षयन्ती चर रणे तदुत्पन्नान्महासुरान् । एवमेष क्षयं दैत्यः क्षीणरक्तो गमिष्यति ॥ ५५ ॥ भक्ष्यमाणास्त्वया चोग्रा न चोत्पत्स्यन्ति चापरे । इत्युक्त्वा तां ततो

इस प्रकार तुम असुरों को भक्षण करती हुई युद्धभूमि में विचरो । जब इस दैत्य का रुधिर क्षीण हो जायगा, तब यह मर जायगा ।। ५५ ।। तुम भक्षण करती रहोगी तो असुर

नहीं पैदा हो सकेंगे। चण्डिका ने काली से यह कहकर रक्तबीज को शूल से मारा ॥५६॥ शूल के लगने से उसके शरीर से जो रुधिर गिरा उसे काली ने अपने मुँह में ले लिया। फिर उस दैत्य ने चण्डिका को गदा से मारा ॥ ५७ ॥ गदा लगने से देवी के शरीर में कुछ

देवी शूलेनाभिजघान तम् ॥ ५६ ॥ मुखेन काली जगृहे रक्तबीजस्य शोणितम्। ततोऽसावाजघानाथ गदया तत्र चण्डिकाम् ॥ ५७ ॥ न चास्या वेदनां चक्रे गदापातोऽल्पिकामपि। तस्याहतस्य देहात्तु बहु सुस्राव शोणितम् ॥ ५८ ॥ यतस्ततस्तद्वक्त्रेण चामुण्डा सम्प्र-

भी पीड़ा नहीं हुई, किन्तु देवी का शूल लगने से उसकी देह से बहुत रुधिर बहा ॥ ५८ ॥ काली ने मुँह फैलाकर उस रुधिर को पी लिया। उस रुधिर से जो असुर पैदा हुए

उनको भी खा लिया । देवी ने शूल, वज्र, बाण, तलवार और ऋष्टि मारकर रक्तबीज को जिसका रुधिर काली ने पी लिया था, मार डाला । शस्त्रों के

तीच्छति । मुखे समुद्गता येऽस्या रक्तपातान्महासुराः ॥ ५९ ॥ तांश्चखादाथ चामुण्डा पपौ तस्य च शोणितम् । देवी शूलेन वज्रेण बाणैरसिभिर्ऋष्टिभिः ॥ ६० ॥ जघान रक्तबीजं तं चामुण्डापीत-शोणितम् । स पपात महीपृष्ठे शस्त्रसङ्घसमाहतः ॥ ६१ ॥ नीरक्तश्च महीपाल रक्तबीजो महासुरः । ततस्ते हर्षमतुलमवापुस्त्रिदशा

प्रहार से मरा हुआ वह दैत्य पृथ्वी पर गिर पड़ा ॥ ५९-६१ ॥ राजन्, जब

महासुर रक्तबीज बिना रुधिर का हो गया तब देवता बड़े प्रसन्न हुए, और उसका

नृप ॥ ६२ ॥ तेषां मातृगणो जातो ननर्तासृङ्मदोद्धतः ॥ ॐ ॥ ६३ ॥

रुधिर पीकर देवियाँ उद्धत होकर नाचने लगीं ॥ ६२-६३ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये रक्तबीजवधो नामाष्टमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

उवाच १, अर्धश्लोकः १, श्लोकाः ६१, एवम् ६३, एवमादितः ॥ ५०२ ॥

—:०:—

नवमोऽध्यायः

निशुम्भ का वध

ध्यानम्

ॐ बन्धूककाञ्चननिभं रुचिराक्षमालां पाशाङ्कुशौ च वरदां निजबाहुदण्डैः । बिभ्राणमिन्दुशकलाभरणं त्रिनेत्रमर्धाम्बिकेश-मनिशं वपुराश्रयामि ॥

मैं अर्धनारीश्वर के श्रीविग्रह की निरन्तर शरण ग्रहण करता हूँ । अम्बा का वर्ण बन्धूक पुष्प और सुवर्ण के समान रक्त-पीत मिश्रित है । वह अपनी भुजाओं में सुन्दर

अक्षमाला, पाश, अङ्कुश और वरद-मुद्रा धारण करता है; अर्धचन्द्र उसका आभूषण है तथा माता तीन नेत्रों से सुशोभित है।

'ॐ' राजोवाच ॥ १ ॥

विचित्रमिदमाख्यातं भगवन् भवता मम। देव्याश्चरित-माहात्म्यं रक्तबीजवधाश्रितम् ॥ २ ॥ भूयश्चेच्छाम्यहं श्रोतुं रक्तबीजे निपातिते। चकार शुम्भो यत्कर्म निशुम्भश्चातिकोपनः ॥ ३ ॥

राजा सुरथ ने कहा—भगवन्, आपने देवी का चरित्र, माहात्म्य और रक्तबीज के वध की विचित्र कथा का वर्णन किया। रक्तबीज के मरने पर महाक्रोधी शुम्भ और निशुम्भ ने क्या किया था, वह भी मैं सुनना चाहता हूँ ॥ १-३ ॥ मेधा ऋषि कहते

हैं—राजन्, जब रक्तबीज मारा गया और अन्य असुर भी युद्ध में मार डाले गये, तब शुम्भ और निशुम्भ को बड़ा क्रोध आया ॥ ४-५ ॥ अपनी सेना को मरी हुई देखकर निशुम्भ कुपित होकर, असुरों की मुख्य सेना लेकर दौड़ा ॥ ६ ॥ उसके आगे, पीछे

ऋषिरुवाच ॥ ४ ॥

चकार कोपमतुलं रक्तबीजे निपातिते । शुम्भासुरो निशुम्भश्च हतेष्वन्येषु चाहवे ॥ ५ ॥ हन्यमानं महासैन्यं विलोक्यामर्षमुद्वहन् । अभ्यधावन्निशुम्भोऽथ मुख्ययासुरसेनया ॥ ६ ॥ तस्याग्रतस्तथा पृष्ठे पार्श्वयोश्च महासुराः । संदष्टौष्ठपुटाः क्रुद्धा हन्तुं देवीमुपाययुः ॥ ७ ॥ आजगाम महावीर्यः शुम्भोऽपि स्वबलैर्वृतः ।

और दोनों ओर बड़े-बड़े असुर क्रोध से होठ चबाते हुए देवी को मारने दौड़े ॥ ७ ॥ महापराक्रमी शुम्भ भी कुपित होकर, अपनी सेना लेकर देवियों से युद्ध करके चण्डिका

को मारने के लिए आया ॥ ८ ॥ शुम्भ और निशुम्भ से देवी के साथ युद्ध होने लगा। जैसे बादल पानी बरसाते हैं वैसे ही शुम्भ और निशुम्भ बाण बरसाने लगे ॥ ९ ॥ चण्डिका ने अपने बाणों से शुम्भ-निशुम्भ के चलाये हुए बाणों को काट डाला, और

निहन्तुं चण्डिकां कोपात्कृत्वा युद्धं तु मातृभिः ॥ ८ ॥ ततो युद्धमतीवासीद्देव्या शुम्भनिशुम्भयोः । शरवर्षमतीवोग्रं मेघयोरिव वर्षतोः ॥ ९ ॥ चिच्छेदास्ताञ्छरांस्ताभ्यां चण्डिका स्वशरोत्करैः । ताडयामास चाङ्गेषु शस्त्रौघैरसुरेश्वरौ ॥ १० ॥ निशुम्भो निशितं खड्गं चर्म चादाय सुप्रभम् । अताडयन्मूर्ध्नि सिंहं देव्या वाहन-मुत्तमम् ॥ ११ ॥ ताडिते वाहने देवी क्षुरप्रेणासिमुत्तमम् । निशुम्भ-

उनके अङ्गों में बहुत-से बाण मारे ॥ १० ॥ निशुम्भ ने एक पैनी तलवार और एक चमकती हुई ढाल उठा लिया, और देवी के वाहन सिंह के सिर पर एक प्रहार किया ॥ ११ ॥

सिंह के सिर में तलवार लगते ही देवी ने क्षुरप्र नामक शस्त्र से निशुम्भ की तलवार और अष्टचन्द्रक ढाल को काट डाला ॥ १२ ॥ ढाल-तलवार कट जाने पर निशुम्भ ने एक शक्ति चलाई। देवी ने सामने आई हुई शक्ति को चक्र से काटकर दो खण्ड कर

स्याशु चिच्छेद चर्म चाप्यष्टचन्द्रकम् ॥ १२ ॥ छिन्ने चर्मणि खड्गे च शक्तिं चिक्षेप सोऽसुरः। तामप्यस्य द्विधा चक्रे चक्रेणाभिमुखागताम् ॥ १३ ॥ कोपाध्मातो निशुम्भोऽथ शूलं जग्राह दानवः। आयातं मुष्टिपातेन देवी तच्चाप्यचूर्णयत् ॥ १४ ॥ आविध्याथ गदां सोऽपि चिक्षेप चण्डिकां प्रति। सापि देव्या त्रिशूलेन भिन्ना

दिया ॥ १३ ॥ तब निशुम्भ ने एक शूल चलाया। देवी ने घूँसा मारकर उस शूल को चूर कर दिया ॥ १४ ॥ तब उसने देवी पर एक गदा चलाई। देवी ने उसे त्रिशूल से

काटकर भस्म कर दिया ॥ १५ ॥ उसके बाद निशुम्भ परशु लेकर दौड़ा। देवी ने उसे बाणों से मारकर पृथ्वी पर गिरा दिया ॥ १६ ॥ महापराक्रमी निशुम्भ के गिरने पर उसका भाई शुम्भ कुपित होकर देवी को मारने दौड़ा ॥ १७ ॥ वह रथ पर सवार

भस्मत्वमागता ॥ १५ ॥ ततः परशुहस्तं तमायान्तं दैत्यपुङ्गवम् । आहत्य देवी बाणौघैरपातयत भूतले ॥ १६ ॥ तस्मिन्निपतिते भूमौ निशुम्भे भीमविक्रमे । भ्रातर्यतीव संक्रुद्धः प्रययौ हन्तुमम्बिकाम् ॥ १७ ॥ स रथस्थस्तथात्युच्चैर्गृहीतपरमायुधैः । भुजैरष्टाभिरतुलैर्व्याप्याशेषं बभौ नभः ॥ १८ ॥ तमायान्तं समालोक्य देवी

होकर, हाथों में बड़े-बड़े अस्त्र-शस्त्र लेकर, लम्बी भुजाएँ आकाश में फैलाकर युद्ध-भूमि में आया ॥ १८ ॥ उसे देखकर देवी ने शंख बजाया और धनुष की ज्या का टंकार

किया ॥ १९ ॥ दैत्यों की सेना का तेज नष्ट करनेवाले घंटा के शब्द से सब दिशाओं को भर दिया ॥ २० ॥ सिंह ने भी बड़े-बड़े हाथियों का मद दूर करनेवाले महानाद से पृथ्वी, आकाश और सब दिशाओं को भर दिया ॥ २१ ॥ काली ने ऊपर को उछलकर

शङ्खमवादयत् । ज्याशब्दं चापि धनुषश्चकारातीव दुःसहम् ॥ १९ ॥ पूरयामास ककुभो निजघण्टास्वनेन च । समस्तदैत्यसैन्यानां तेजोवधविधायिना ॥ २० ॥ ततः सिंहो महानादैस्त्याजितेभमहामदैः । पूरयामास गगनं गां तथैव दिशो दश ॥ २१ ॥ ततः काली समुत्पत्य गगनं क्ष्मामताडयत् । कराभ्यां तन्निनादेन प्राक्स्वनास्ते तिरोहिताः ॥ २२ ॥ अट्टाट्टहासमशिवं शिवदूती चकारह । तैः

दोनों हाथ पृथ्वी पर पटक दिया। उसके शब्द में पहले के सब शब्द विलीन हो गये ॥ २२ ॥ उसके बाद शिवदूती भयानक शब्द से गरजीं। वह शब्द सुनकर असुरों

की सेना डर गई। तब शुम्भ को बड़ा क्रोध आया ॥ २३ ॥ अम्बिका ने शुम्भ से कहा— रे दुष्ट, खड़ा रह, यह सुनकर आकाश में स्थित देवता 'जय-जय' करने लगे ॥ २४ ॥ तब शुम्भ ने चमकती हुई भयानक शक्ति चलाई। उसे आग के पर्वत के समान आती

शब्दैरसुरास्त्रेसुः शुम्भः कोपं परं ययौ ॥ २३ ॥ दुरात्मंस्तिष्ठ तिष्ठेति व्याजहाराम्बिका यदा। तदा जयेत्यभिहितं देवैराकाशसंस्थितैः ॥ २४ ॥ शुम्भेनागत्य या शक्तिर्मुक्ता ज्वालातिभीषणा। आयान्ती वह्निकूटाभा सा निरस्ता महोल्कया ॥ २५ ॥ सिंहनादेन शुम्भस्य व्याप्तं लोकत्रयान्तरम्। निर्घातनिःस्वनो घोरो जितवान-

हुई देखकर देवी ने महोल्का नाम की शक्ति से काट डाला ॥ २५ ॥ शुम्भ सिंह के समान गरजा। उसके गरजने का शब्द तीनों लोकों में फैल गया। हे राजन्, उसी

समय सेना में 'मारो-मारो' का शब्द हुआ। उस शब्द में शुम्भ के गरजने का शब्द विलीन हो गया ॥ २६ ॥ शुम्भ के चलाये हुए सैकड़ों-हजारों बाणों को देवी ने, और देवी के चलाये हुए बाणों को शुम्भ ने अपने बाणों से काट डाला ॥ २७ ॥ देवी ने

वनीपते ॥ २६ ॥ शुम्भमुक्ताञ्छरान्देवी शुम्भस्तत्प्रहिताञ्छरान् । चिच्छेद स्वशरैरुग्रैः शतशोऽथ सहस्रशः ॥ २७ ॥ ततः सा चण्डिका क्रुद्धा शूलेनाभिजघान तम् । स तदाभिहतो भूमौ मूर्च्छितो निपपात ह ॥ २८ ॥ ततो निःशुम्भः सम्प्राप्य चेतनामात्तकार्मुकः । आजघान शरैर्देवीं कालीं केसरिणं तथा ॥ २९ ॥ पुनश्च कृत्वा

कुपित होकर शुम्भ को त्रिशूल से मारा; जिससे वह घायल और मूर्च्छित होकर पृथ्वी पर गिर पड़ा ॥ २८ ॥ उसी समय निशुम्भ को चेत आया और वह धनुष लेकर बाणों से काली देवी और सिंह को मारने लगा ॥ २९ ॥ उसके बाद असुरराज शुम्भ ने दस

हजार बाहु धारण करके हाथों में चक्र लेकर देवी को घेर लिया ॥ ३० ॥ संकटनाशिनी भगवती दुर्गा ने क्रुद्ध होकर अपने बाण से उन चक्रों और बाणों को काट डाला ॥ ३१ ॥ तब निशुम्भ गदा लेकर दैत्यों की सेना के साथ बड़े वेग से देवी को मारने दौड़ा ॥ ३२ ॥

बाहूनामयुतं दनुजेश्वरः । चक्रायुधेन दितिजश्छादयामास चण्डिकाम् ॥ ३० ॥ ततो भगवती क्रुद्धा दुर्गा दुर्गार्तिनाशिनी । चिच्छेद तानि चक्राणि स्वशरैः सायकांश्च तान् ॥ ३१ ॥ ततो निशुम्भो वेगेन गदामादाय चण्डिकाम् । अभ्यधावत वै हन्तुं दैत्य-सेनासमावृतः ॥ ३२ ॥ तस्यापतत एवाशु गदां चिच्छेद चण्डिका । खड्गेन शितधारेण स च शूलं समाददे ॥ ३३ ॥ शूलहस्तं

देवी ने अपनी तेज तलवार से उसकी गदा काट डाली । तब उसने त्रिशूल उठाया ॥ ३३ ॥ त्रिशूल लेकर आते हुए निशुम्भ को देखकर देवी ने बड़े वेग से उसकी

छाती में एक शूल मारा ॥ ३४ ॥ शूल लगने से उसकी छाती फट गई, और उसमें से एक दूसरा महापराक्रमी पुरुष देवी से "खड़ी रह" कहता हुआ निकला ॥ ३५ ॥ देवी ने

समायान्तं निशुम्भममरार्दनम् । हृदि विव्याध शूलेन वेगाविद्धेन चण्डिका ॥ ३४ ॥ भिन्नस्य तस्य शूलेन हृदयान्निःसृतोऽपरः । महाबलो महावीर्यस्तिष्ठेति पुरुषो वदन् ॥ ३५ ॥ तस्य निष्क्रामतो देवी प्रहस्य स्वनवत्ततः । शिरश्चिच्छेद खड्गेन ततोऽसावपतद्भुवि ॥ ३६ ॥ ततः सिंहश्चखादोग्रं दंष्ट्राक्षुण्णशिरोधरान् ।

हँसकर तलवार से उसका सिर काट डाला । और वह पृथ्वी पर गिर पड़ा ॥ ३६ ॥ देवी का वाहन सिंह अपनी पैनी दाढ़ों से असुरों के सिर और होठ चबाने लगा । काली

और शिवदूती भी असुरों को खाने लगीं ॥ ३७ ॥ कितने ही असुर कौमारी की शक्ति से मारे गये और कितने ही ब्रह्माणी के अभिमन्त्रित जल से नष्ट हो गये ॥ ३८ ॥ कितने

असुरांस्तांस्तथा काली शिवदूती तथापरान् ॥ ३७ ॥ कौमारी-
शक्तिनिर्भिन्नाः केचिन्नेशुर्महासुराः । ब्रह्माणीमन्त्रपूतेन तोयेनान्ये
निराकृताः ॥ ३८ ॥ माहेश्वरीत्रिशूलेन भिन्नाः पेतुस्तथापरे ।
वाराहीतुण्डघातेन केचिच्चूर्णीकृता भुवि ॥ ३९ ॥ खण्डं खण्डं
च चक्रेण वैष्णव्या दानवाः कृताः । वज्रेण चैन्द्रीहस्ताग्रविमुक्तेन

ही माहेश्वरी के त्रिशूल से कटकर गिर पड़े और कितने ही वाराही के तुंड-प्रहार से चूर्ण हो गये ॥ ३९ ॥ वैष्णवी ने चक्र से असुरों को खंड-खंड कर डाला और ऐन्द्री ने

बहुत से असुरों को वज्र से मार डाला ॥ ४० ॥ कितने ही असुर अस्त्र-शस्त्र से मारे गये,

तथापरे ॥ ४० ॥ केचिद्विनेशुरसुराः केचिन्नष्टा महाहवात् । भक्षिताश्चापरे कालीशिवदूतीमृगाधिपैः ॥ ॐ ॥ ४१ ॥

कितने ही घोर संग्राम में डरकर मर गये और बहुतों को काली, शिवदूती और सिंह ने खा लिया ॥ ४१ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये निशुम्भवधो नाम नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

उवाच २, श्लोकाः ३९, एवम् ४१, एवमादितः ५४३ ॥

—:०:—

दशमोऽध्यायः

शुम्भ का वध

ध्यानम्

'ॐ उत्तप्तहेमरुचिरां रविचन्द्रवह्निनेत्रां धनुश्शरयुताङ्कुश-पाशशूलम्। रम्यैर्भुजैश्च दधतीं शिवशक्तिरूपां कामेश्वरीं हृदि भजामि धृतेन्दुलेखाम् ॥

मैं मस्तक पर अर्द्धचन्द्र धारण करने वाली शिवशक्ति स्वरूपा भगवती कामेश्वरी का हृदय में चिन्तन करता हूँ। शिव शक्ति स्वरूपा भगवती तपाये हुए सुवर्ण के समान सुन्दर हैं। सूर्य, चन्द्रमा और अग्नि—ये ही तीन उनके नेत्र हैं तथा वे अपने मनोहर हाथों में धनुष-बाण, अंकुश, पाश और शूल धारण किये हुए हैं।

मेधा ऋषि कहते हैं—हे राजन्, प्राणों के समान प्रिय अपने भाई निशुम्भ को सेना सहित मरा हुआ देखकर शुम्भ कुपित होकर बोला—हे दुर्गे, तुम अपने बल का गर्व न

ॐ ऋषिरुवाच ॥ १ ॥

निशुम्भं निहतं दृष्ट्वा भ्रातरं प्राणसम्मितम् । हन्यमानं बलं चैव शुम्भः क्रुद्धोऽब्रवीद्वचः ॥ २ ॥ बलावलेपाद्दुष्टे त्वं मा दुर्गे गर्वमावह । अन्यासां बलमाश्रित्य युद्ध्यसे यातिमानिनी ॥ ३ ॥

करो; तुम दूसरों के बल पर युद्ध करती हो और अपने पराक्रम का अभिमान करती हो ॥१-३॥ देवी ने उत्तर दिया—मैं इस संसार में एक ही हूँ, दूसरा और कौन है; रे दुष्ट,

देख, मेरी यह शक्तियाँ मुझमें ही लीन होती हैं ॥ ४-५ ॥ देवी के यह कहते ही ब्रह्माणी आदि सब शक्तियाँ देवी के शरीर में लीन हो गईं । केवल एक अम्बिका रह गईं ॥ ६ ॥

देव्युवाच ॥ ४ ॥

एकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा । पश्यैता दुष्ट मय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः ॥ ५ ॥ ततः समस्तास्ता देव्यो ब्रह्माणी-प्रमुखालयम् । तस्या देव्यास्तनौ जग्मुरेकैवासीत्तदाम्बिका ॥ ६ ॥

देव्युवाच ॥ ७ ॥

अहं विभूत्या बहुभिरिह रूपैर्यदास्थिता । तत्संहृतं मयैकैव तिष्ठाम्याजौ स्थिरो भव ॥ ८ ॥

देवी ने कहा—मैं अपनी शक्तियों से अनेक रूपों से खड़ी थी; अब उन रूपों को समेटकर अकेली खड़ी हूँ, तू स्थिर होकर युद्ध कर ॥ ७-८ ॥ ऋषि कहते हैं—उसके बाद देवताओं

और असुरों के देखते-देखते देवी और शुम्भ से युद्ध होने लगा ॥ ९-१० ॥ तीक्ष्ण बाणों और भयानक अस्त्र-शस्त्रों से सब लोकों को भयभीत करनेवाला महायुद्ध हुआ ॥ ११ ॥

ऋषिरुवाच ॥ ९ ॥

ततः प्रववृते युद्धं देव्याः शुम्भस्य चोभयोः । पश्यतां सर्वदेवानामसुराणां च दारुणम् ॥ १० ॥ शरवर्षैः शितैः शस्त्रैस्तथास्त्रैश्चैव दारुणैः । तयोर्युद्धमभूद्भूयः सर्वलोकभयङ्करम् ॥ ११ ॥ दिव्यान्यस्त्राणि शतशो मुमुचे यान्यथाम्बिका । बभञ्ज तानि दैत्येन्द्रस्तत्प्रतीघातकर्तृभिः ॥ १२ ॥ मुक्तानि तेन चास्त्राणि दिव्यानि

अम्बिका ने जो सैकड़ों दिव्य अस्त्र चलाये उन्हें दैत्यराज शुम्भ ने अपने अस्त्रों से काट डाला ॥ १२ ॥ शुम्भ ने जिन अस्त्रों का प्रहार किया, उनको देवी ने हुंकार करके अनायास

तोड़ डाला ॥ १३ ॥ शुम्भ ने कुपित होकर सैकड़ों बाणों से देवी को ढक दिया। देवी ने क्रुद्ध होकर अपने बाणों से उसका धनुष काट डाला ॥ १४ ॥ जब धनुष कटकर गिर

परमेश्वरी। बभञ्ज लीलयैवोग्रहुङ्कारोच्चारणादिभिः ॥ १३ ॥ ततः शरशतैर्देवीमाच्छादयत सोऽसुरः। सापि तत्कुपिता देवी धनुश्चिच्छेद चेषुभिः ॥ १४ ॥ छिन्ने धनुषि दैत्येन्द्रस्तथा शक्तिमथाददे। चिच्छेद देवी चक्रेण तामप्यस्य करे स्थिताम् ॥ १५ ॥ ततः खड्गमुपादाय शतचन्द्रं च भानुमत्। अभ्यधावत्तदा देवीं दैत्यानामधिपेश्वरः ॥ १६ ॥ तस्यापतत एवाशु खड्गं चिच्छेद चण्डिका।

पड़ा तब उसने एक शक्ति उठाई। देवी ने उसे भी चक्र से काट डाला ॥ १५ ॥ तब दैत्यराज शुम्भ चमकती हुई ढाल-तलवार लेकर देवी की ओर दौड़ा ॥ १६ ॥ देवी ने

अपने तीक्ष्ण बाणों से सूर्य की किरणों के समान चमकती हुई उसकी ढाल-तलवार को भी काट डाला ।। १७ ।। उसके सारथि और घोड़ों को भी मार डाला, और उसका धनुष भी काट डाला । तब वह मुद्गर लेकर देवी को मारने दौड़ा ।। १८ ।। देवी ने उसके मुद्गर

धनुर्मुक्तैः शितैर्बाणैश्चर्म चार्ककरामलम् ॥ १७ ॥ हताश्वः स तदा दैत्यश्छिन्नधन्वा विसारथिः । जग्राह मुद्गरं घोरमम्बिकानिधनोद्यतः ॥ १८ ॥ चिच्छेदापततस्तस्य मुद्गरं निशितैः शरैः । तथापि सोऽभ्यधावत्तां मुष्टिमुद्यम्य वेगवान् ॥ १९ ॥ स मुष्टिं पातयामास हृदये दैत्यपुङ्गवः । देव्यास्तं चापि सा देवी तलेनोरस्य-

को भी तीक्ष्ण बाणों से काटकर गिरा दिया । तब वह घूँसा तानकर बड़े वेग से दौड़ा ।। १९ ।। उसने देवी की छाती में घूँसा मारा और देवी ने उसकी छाती में एक

थप्पड़ लगाया ॥ २० ॥ थप्पड़ लगते ही दैत्यराज शुम्भ पृथ्वी पर गिर पड़ा और शीघ्र ही फिर उठ खड़ा हुआ ॥ २१ ॥ फिर वह देवी को पकड़कर आकाश को उछल गया। वहाँ भी देवी ने निराधार ठहरकर शुम्भ के साथ युद्ध किया ॥ २२ ॥ आकाश में देवी और

ताडयत् ॥ २० ॥ तलप्रहाराभिहतो निपपात महीतले । स दैत्यराजः सहसा पुनरेव तथोत्थितः ॥ २१ ॥ उत्पत्य च प्रगृह्योच्चैर्देवीं गगनमास्थितः । तत्रापि सा निराधारा युयुधे तेन चण्डिका ॥ २२ ॥ नियुद्धं खे तदा दैत्यश्चण्डिका च परस्परम् । चक्रतुः प्रथमं सिद्धमुनिविस्मयकारकम् ॥ २३ ॥ ततो नियुद्धं सुचिरं कृत्वा तेनाम्बिका सह । उत्पात्य भ्रामयामास चिक्षेप धरणी-

शुम्भ का बाहुयुद्ध देखकर सिद्ध और मुनियों को बड़ा आश्चर्य हुआ; क्योंकि उससे पहले कभी आकाश में युद्ध नहीं हुआ था ॥ २३ ॥ चण्डिका ने बड़ी देर तक आकाश में

उसके साथ युद्ध करके उसे ऊपर को उछालकर घुमाया और पृथ्वी पर फेंक दिया ॥ २४ ॥ वह दुष्ट पृथ्वी पर गिरकर फिर उठ खड़ा हुआ और घूँसा तानकर बड़े वेग से देवी को मारने दौड़ा ॥ २५ ॥ देवी ने दैत्यराज शुम्भ को आते हुए देखकर, उसकी छाती में

तले ॥ २४ ॥ स क्षिप्तो धरणीं प्राप्य मुष्टिमुद्यम्य वेगितः । अभ्य-धावत दुष्टात्मा चण्डिकानिधनेच्छया ॥ २५ ॥ तमायान्तं ततो देवी सर्वदैत्यजनेश्वरम् । जगत्यां पातयामास भित्त्वा शूलेन वक्षसि ॥ २६ ॥ स गतासुः पपातोर्व्यां देवीशूलाग्रविक्षतः । चालयन् सकलां पृथ्वीं साब्धिद्वीपां सपर्वताम् ॥ २७ ॥ ततः

शूल मारकर पृथ्वी पर गिरा दिया ॥ २६ ॥ देवी के शूल से घायल होकर शुम्भ मर गया और सम्पूर्ण पृथ्वी, समुद्र, पर्वत तथा द्वीपों को कँपाता हुआ पृथ्वी पर गिर पड़ा ॥ २७ ॥ उस दुष्ट के मरने पर संसार सुखी हो गया; सब प्राणी प्रसन्न हो गये

और आकाश निर्मल हो गया ॥ २८ ॥ पहले जो उत्पात होते थे, वे सब उसके मरने पर शान्त हो गये । उल्कापात मिट गया, नदियाँ अपने मार्ग से बहने लगीं ॥ २९ ॥ देवता

प्रसन्नमखिलं हते तस्मिन् दुरात्मनि । जगत्स्वास्थ्यमतीवाप निर्मलं चाभवन्नभः ॥ २८ ॥ उत्पातमेघाः सोल्का ये प्रागासंस्ते शमं ययुः । सरितो मार्गवाहिन्यस्तथासंस्तत्र पातिते ॥ २९ ॥ ततो देवगणाः सर्वे हर्षनिर्भरमानसाः । बभूवुर्निहते तस्मिन् गन्धर्वा ललितं जगुः ॥ ३० ॥ अवादयंस्तथैवान्ये ननृतुश्चाप्सरोगणाः ।

प्रसन्न हो गये और गन्धर्व मधुर स्वर से गाने लगे ॥ ३० ॥ बाजे बजने लगे, अप्सराएँ नाचने लगीं, शीतल वायु चलने लगी और सूर्य की किरणें निर्मल हो

गईं ॥ ३१ ॥ उसके मरने पर यज्ञ की अग्नि फिर से जलने लगी । दिशाओं में जो

ववुः पुण्यास्तथा वाताः सुप्रभोऽभूद्दिवाकरः ॥ ३१ ॥ जज्वलुश्चाग्नयः शान्ताःशान्तादिग्जनितस्वनाः ॥ ॐ ॥ ३२ ॥

हाहाकार मचा हुआ था, वह सब शान्त हो गया ॥ ३२ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये शुम्भवधो नाम दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

उवाच ४, अर्धश्लोकः १, श्लोकाः २७, एवम् ३२, एवमादितः ५७५ ॥

एकादशोऽध्यायः

देवताओं के द्वारा देवी की स्तुति तथा देवी द्वारा देवताओं को वरदान

ध्यानम्

'ॐ' बालरविद्युतिमिन्दुकिरीटां तुङ्गकुचां नयनत्रययुक्ताम् ।
स्मेरमुखीं वरदाङ्कुशपाशाभीतिकरां प्रभजे भुवनेशीम् ॥

मैं भुवनेश्वरी देवी का ध्यान करता हूँ । उनके श्रीअङ्गों की आभा उषाकालीन सूर्य के समान है । माथे पर चन्द्रमा का मुकुट है । वे उभरे हुए स्तनों और तीनों नेत्रों से युक्त हैं । मातृश्री के मुख पर मुसकान की छटा छायी रहती है और हाथों में वरद, अंकुश, पाश एवं अभय-मुद्रा शोभा पाते हैं ।

मेधा ऋषि कहते हैं—देवी ने जब शुम्भ को मार डाला तब इन्द्र और अग्नि सहित सब देवता अभीष्ट लाभ होने से प्रसन्न होकर कात्यायनी देवी की स्तुति करने लगे ॥१-२॥ हे देवि, हे शरणागत का दुःख नष्ट करनेवाली, प्रसन्न हो। हे सम्पूर्ण जगत् की माता,

'ॐ' ऋषिरुवाच ॥ १ ॥

देव्या हते तत्र महासुरेन्द्रे सेन्द्राः सुरा वह्निपुरोगमास्ताम्। कात्यायनीं तुष्टुवुरिष्टलाभाद् विकाशिवक्त्राब्जविकाशिताशाः ॥ २ ॥ देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद प्रसीद मातर्जगतोऽखिलस्य। प्रसीद विश्वेश्वरि पाहि विश्वं त्वमीश्वरी देवि चराचरस्य ॥ ३ ॥ आधारभूता जगतस्त्वमेका महीस्वरूपेण यतः

प्रसन्न हो; हे विश्वेश्वरी, प्रसन्न होकर विश्व की रक्षा करो। हे देवि, तुम्हीं चर और अचर की ईश्वरी हो ॥३॥ तुम सम्पूर्ण जगत् की आधार हो और तुम्हीं पृथ्वी-रूप होकर

स्थित हो। हे अतुल पराक्रमवाली, तुम्हीं जल-रूप से स्थित हो और सम्पूर्ण जगत् में व्याप्त हो ॥ ४ ॥ तुम्हीं अतुल पराक्रमवाली वैष्णवी शक्ति होकर जगत् का पालन करती हो और महामाया तुम्हीं हो। तुमने सम्पूर्ण संसार मोहित कर रक्खा है। हे देवि,

स्थितासि। अपां स्वरूपस्थितया त्वयैतदाप्यायते कृत्स्नमलङ्घ्य-वीर्ये ॥ ४ ॥ त्वं वैष्णवी शक्तिरनन्तवीर्या विश्वस्य बीजं परमासि माया। सम्मोहितं देवि समस्तमेतत् त्वं वै प्रसन्ना भुवि मुक्तिहेतुः ॥ ५ ॥ विद्याः समस्तास्तव देवि भेदाः स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु। त्वयैकया पूरितमम्बयैतत् का ते स्तुतिः स्तव्यपरा

तुम्हारी प्रसन्नता संसार में मुक्ति का कारण है ॥ ५ ॥ हे देवि, संसार में जितनी विद्याएँ हैं, वे सब तुम्हीं हो; और जितनी स्त्रियाँ हैं, वे सब तुम्हारी ही अंश हैं। तुम अकेली

ही सम्पूर्ण जगत् में व्याप्त हो। हे देवि, इसके सिवा हम लोग और क्या आपकी स्तुति करें॥ ६॥ तुम सब प्राणियों में स्थित हो। जो कोई तुम्हारी स्तुति करता है, उसे स्वर्ग और मुक्ति देती हो। हम लोग किन शब्दों में तुम्हारी स्तुति करें॥ ७॥ तुम सब प्राणियों

परोक्तिः॥ ६॥ सर्वभूता यदा देवी स्वर्गमुक्तिप्रदायिनी। त्वं स्तुता स्तुतये का वा भवन्तु परमोक्तयः॥ ७॥ सर्वस्य बुद्धिरूपेण जनस्य हृदि संस्थिते। स्वर्गापवर्गदे देवि नारायणि नमोऽस्तु ते॥ ८॥ कलाकाष्ठादिरूपेण परिणामप्रदायिनि। विश्वस्योपरतौ शक्ते

के हृदय में बुद्धिरूप से स्थित हो, तुम स्वर्ग और मुक्ति देनेवाली हो। हे देवि, हे नारायणि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं॥ ८॥ तुम कला-काष्ठा आदि काल के परिणाम से सब प्राणियों का अन्त करती हो। सम्पूर्ण जगत् का संहार करने की शक्ति

तुम्हीं हो । हे नारायणि; हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं ।। ९ ।। तुम सब मंगलों का स्वरूप हो, सब अर्थों को सिद्ध करनेवाली और कल्याण-रूपिणी हो । शरण देनेवाली त्रिनयनी गौरी तुम्हीं हो । हे नारायणि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं ।। १० ।। संसार

नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ ९ ॥ सर्वमङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके । शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १० ॥ सृष्टिस्थितिविनाशानां शक्तिभूते सनातनि । गुणाश्रये गुणमये नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ ११ ॥ शरणागतदीनार्तपरित्राणपरायणे । सर्वस्यार्त्तिहरे देवि

की सृष्टि, स्थिति और विनाश की शक्ति तुम्हीं हो । तुम नित्या हो, और सब गुणों की आधार हो । हे गुणमये, हे नारायणि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं ।। ११ ।। तुम शरण में आये हुए दीनजनों की दुःख से रक्षा करती हो, सबका दुःख दूर करती हो ।

हे देवि, हे नारायणि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं ।। १२ ।। तुम ब्रह्माणी का रूप धारण करके, हंसयुक्त विमान पर बैठकर, कुश से जल छिड़कती हो। हे देवि, हे नारायणि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं ।। १३ ।। तुम माहेश्वरी-रूप धारण करके

नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १२ ॥ हंसयुक्तविमानस्थे ब्रह्माणीरूपधारिणि । कौशाम्भःक्षरिके देवि नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १३ ॥ त्रिशूल-चन्द्राहिधरे महावृषभवाहिनि । माहेश्वरीस्वरूपेण नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १४ ॥ मयूरकुक्कुटवृते महाशक्तिधरेऽनघे । कौमारीरूप-

त्रिशूल, चन्द्र और सर्प धारण करती हो तथा बैल पर सवार होती हो। हे नारायणि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं ।। १४ ।। तुम कौमारी-रूप धारण करके, मोर व मुर्गे पर सवार होकर महाशक्ति धारण करती हो। हे पापरहिते, हे नारायणि, हम लोग तुमको

प्रणाम करते हैं ।। १५ ।। तुम वैष्णवी-रूप होकर, शंख, चक्र, गदा और धनुष धारण करती हो । हे नारायणि, प्रसन्न हो । हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं ।। १६ ।। तुम वाराहरूप धारण करके, हाथ में महाचक्र लेकर, दाँतों से पृथ्वी का उद्धार करती

संस्थाने नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १५ ॥ शङ्खचक्रगदाशार्ङ्गगृहीत-परमायुधे । प्रसीद वैष्णवीरूपे नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १६ ॥ गृहीतोग्रमहाचक्रे दंष्ट्रोद्धृतवसुन्धरे । वराहरूपिणि शिवे नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १७ ॥ नृसिंहरूपेणोग्रेण हन्तुं दैत्यान् कृतोद्यमे । त्रैलोक्यत्राणसहिते नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ १८ ॥ किरीटिनि

हो । हे कल्याणि, हे नारायणि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं ।। १७ ।। तुम भयानक नृसिंहरूप धारण करके तीनों लोकों की रक्षा के लिए दैत्यों का वध करती हो । हे नारायणि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं ।। १८ ।। तुम इन्द्र की शक्ति हो; किरीट

'धारण करके हजार नेत्रों से शोभित होकर, महावज्र लेकर, वृत्रासुर का विनाश करने-वाली हो। हे नारायणि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं॥ १९॥ तुम शिवदूती का रूप धारण करके दैत्यों का बल नष्ट करती हो। भयानक रूप धारण करके महाशब्द

महावज्रे सहस्रनयनोज्ज्वले। वृत्रप्राणहरे चैन्द्रि नारायणि नमोऽस्तु ते॥ १९॥ शिवदूतीस्वरूपेण हतदैत्यमहाबले। घोररूपे महारावे नारायणि नमोऽस्तु ते॥ २०॥ दंष्ट्राकरालवदने शिरोमालाविभूषणे। चामुण्डे मुण्डमथने नारायणि नमोऽस्तु ते॥ २१॥ लक्ष्मि लज्जे महाविद्ये श्रद्धे पुष्टिस्वधे ध्रुवे। महारात्रि महाविद्ये

करती हो। हे नारायणि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं॥ २०॥ तुम बड़े-बड़े दाँत निकाले, भयावनी सूरत, मुण्डमाल पहने, चण्डमुण्ड का विनाश करनेवाली चामुण्डा-रूप हो। हे नारायणि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं॥ २१॥ तुम लक्ष्मी, लज्जा,

महाविद्या, श्रद्धा, पुष्टि और स्वधारूपिणी हो । महारात्रि और महाविद्या तुम्हीं हो ।
हे नारायणि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं ।। २२ ।। तुम मेधा, सरस्वती, ऐश्वर्य,
सत्त्व, रज और तमोगुणरूपिणी हो । हे ईश्वरि, हे नारायणि, प्रसन्न हो । हम लोग

नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ २२ ॥ मेधे सरस्वति वरे भूति बाभ्रवि
तामसि । नियते त्वं प्रसीदेशे नारायणि नमोऽस्तु ते ॥ २३ ॥
सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते । भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे
देवि नमोऽस्तु ते ॥ २४ ॥ एतत्ते वदनं सौम्यं लोचनत्रयभूषितम् ।

तुमको प्रणाम करते हैं ।। २३ ।। हे सर्वस्वरूपे हे सर्वेश्वरि, हे सर्वशक्तिसमन्विते, हे
दुर्गे, भय से हम लोगों की रक्षा करो । हे देवि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं ।। २४ ।।
तीन नेत्रों से शोभित यह तुम्हारा सौम्य मुख सब प्रकार के भय से हमारी रक्षा करे ।

हे कात्यायनि, हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं ।। २५ ।। हे भद्रकालि, तुमको प्रणाम है। उग्र असुरों का नाश करनेवाला तुम्हारा भयानक त्रिशूल भय से हम लोगों की रक्षा करे ।। २६ ।। हे देवि, जिसका शब्द संसार भर में फैलकर दैत्यों का तेज नष्ट

पातु नः सर्वभीतिभ्यः कात्यायनि नमोऽस्तु ते ॥ २५ ॥ ज्वाला-करालमत्युग्रमशेषासुरसूदनम् । त्रिशूलं पातु नो भीतेर्भद्रकालि नमोऽस्तु ते ॥ २६ ॥ हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत् । सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्योऽनः सुतानिव ॥ २७ ॥ असुरा-सृग्वसापङ्कचर्चितस्ते करोज्ज्वलः । शुभाय खड्गो भवतु चण्डिके

करता है, वह तुम्हारा घंटा, पुत्रों के समान हम लोगों की सब पापों से रक्षा करे ।। २७ ।। हे चण्डिके, असुरों के रुधिर और चर्बी से लथपथ, यह चमकता हुआ तुम्हारा खड्ग

हम लोगों का कल्याण करे। हम लोग तुमको प्रणाम करते हैं ॥ २८ ॥ जब तुम प्रसन्न होती हो तब सब रोगों का नाश कर देती हो और जब रुष्ट होती हो तब सब अभीष्ट कामों को नष्ट कर देती हो। तुम्हारे आश्रित मनुष्यों को दुःख नहीं होता और जो

त्वां नता वयम् ॥ २८ ॥ रोगानशेषानपहंसि तुष्टा रुष्टा तु कामान् सकलानभीष्टान् । त्वामाश्रितानां न विपन्नराणां त्वामाश्रिता ह्याश्रयतां प्रयान्ति ॥ २९ ॥ एतत्कृतं यत्कदनं त्वयाद्य धर्मद्विषां देवि महासुराणाम् । रूपैरनेकैर्बहुधाऽऽत्ममूर्तिं कृत्वाम्बिके तत्प्रकरोति कान्या ॥ ३० ॥ विद्यासु शास्त्रेषु विवेकदीपेष्वाद्येषु

तुम्हारा आश्रय लेते हैं, वे दूसरों को भी आश्रय देने योग्य हो जाते हैं ॥ २९ ॥ हे देवि, तुमने अनेक रूप धारण करके धर्मद्रोही असुरों का विनाश किया। यह काम तुम्हारे सिवा और कौन कर सकता है ? ॥ ३० ॥ चौदह विद्याओं, चार वेदों, छः शास्त्रों

और ज्ञानरूप दीपक के होने पर भी इस संसार को ममतारूपी घोर अन्धकार-गर्त में तुम्हारे सिवा और कौन घुमा सकता है ।। ३१ ।। जहाँ राक्षस, विषैले साँप, शत्रु और चोर होते हैं, वहाँ तथा समुद्र और दावानल में तुम स्थित होकर संसार की रक्षा

वाक्येषु च का त्वदन्या । ममत्वगर्तेऽतिमहान्धकारे विभ्रामयत्येतदतीव विश्वम् ॥ ३१ ॥ रक्षांसि यत्रोग्रविषाश्च नागा यत्रारयो दस्युबलानि यत्र । दावानलो यत्र तथाब्धिमध्ये तत्र स्थिता त्वं परिपासि विश्वम् ॥ ३२ ॥ विश्वेश्वरि त्वं परिपासि विश्वं विश्वात्मिका धारयसीति विश्वम् । विश्वेशवन्द्या भवती भवन्ति

करती हो ।। ३२ ।। तुम विश्वेश्वरी हो; क्योंकि विश्व की पालन-करता हो । तुम विश्वात्मिका हो; क्योंकि विश्व को धारण करती हो । ब्रह्मा, विष्णु और महेश, जो विश्व के स्वामी हैं, वे भी तुम्हारी वन्दना करते हैं । जो लोग तुम्हारे विनीत भक्त हैं,

वे संसार को आश्रय दे सकते हैं ॥ ३३ ॥ हे देवि, जिस प्रकार तुमने इस समय असुरों को मारकर हम लोगों की रक्षा की है, उसी प्रकार सर्वदा शत्रुओं के भय से हमारी रक्षा करती रहो, और सम्पूर्ण जगत् के पापों को नष्ट करके उत्पात करनेवाले विघ्नों

विश्वाश्रया ये त्वयि भक्तिनम्राः ॥ ३३ ॥ देवि प्रसीद परिपालय नोऽरिभीतेर्नित्यं यथासुरवधादधुनैव सद्यः । पापानि सर्वजगतां प्रशमं नयाशु उत्पातपाकजनितांश्च महोपसर्गान् ॥ ३४ ॥ प्रणतानां प्रसीद त्वं देवि विश्वार्तिहारिणि । त्रैलोक्यवासिनामीड्ये लोकानां वरदा भव ॥ ३५ ॥

को भी दूर करो ॥ ३४ ॥ हे देवि, हे संसार का दुःख हरनेवाली, तीनों लोकों के निवासी तुम्हारी पूजा करते हैं । हम लोग बार-बार तुमको प्रणाम करते हैं, तुम प्रसन्न होकर हमको वरदान दो ॥ ३५ ॥ देवताओं की यह स्तुति सुनकर देवी ने कहा—हे

देवताओ, तुम जो वर माँगना चाहो, वह माँगो। मैं तुमको दूँगी। उससे तुम लोगों का और सम्पूर्ण जगत् का उपकार होगा॥ ३६-३७॥ देवताओं ने कहा—हे विश्वेश्वरि,

देव्युवाच॥ ३६॥

वरदाहं सुरगणा वरं यन्मनसेच्छथ। तं वृणुध्वं प्रयच्छामि जगतामुपकारकम्॥ ३७॥

देवा ऊचुः॥ ३८॥

सर्वाबाधाप्रशमनं त्रैलोक्यस्याखिलेश्वरि। एवमेव त्वया कार्यमस्मद्वैरिविनाशनम्॥ ३९॥

जैसे इस समय तुमने हमारे शत्रुओं को मारकर तीनों लोकों की सब बाधाएँ शान्त की हैं, वैसे ही सदा हमारे शत्रुओं का विनाश करती रहो॥ ३८-३९॥

देवी ने कहा—वैवस्वत मन्वन्तर में जब अट्ठाइसवाँ युग आवेगा, तब महाअसुर शुम्भ और निशुम्भ फिर जन्म लेंगे ॥ ४०-४१ ॥ तब मैं नन्द-गोप के घर में यशोदा के गर्भ से

देव्युवाच ॥ ४० ॥

वैवस्वतेऽन्तरे प्राप्ते अष्टाविंशतिमे युगे । शुम्भो निशुम्भश्चैवान्यावुत्पत्स्येते महासुरौ ॥ ४१ ॥ नन्दगोपगृहे जाता यशोदागर्भसम्भवा । ततस्तौ नाशयिष्यामि विन्ध्याचलनिवासिनी ॥ ४२ ॥ पुनरप्यतिरौद्रेण रूपेण पृथिवीतले । अवतीर्य हनिष्यामि वैप्रचि-

जन्म लूँगी और उन दोनों का विनाश करके विन्ध्याचल पर निवास करूँगी ॥ ४२ ॥ उसके बाद फिर अत्यन्त भयानक रूप से पृथ्वी में अवतार लेकर वैप्रचित्त असुरों को

मारूँगी ॥ ४३ ॥ उन वैप्रचित्तों का भक्षण करते-करते मेरे दाँत अनार के फूल के समान लाल हो जायँगे ॥ ४४ ॥ स्वर्ग में देवता और मृत्युलोक में मनुष्य मेरी स्तुति करेंगे और मुझे रक्तदन्तिका कहेंगे ॥ ४५ ॥ उसके बाद एक ऐसा समय आवेगा, जब सौ वर्ष

त्तांस्तु दानवान् ॥ ४३ ॥ भक्षयन्त्याश्च तानुग्रान् वैप्रचित्तान्महासुरान् । रक्ता दन्ता भविष्यन्ति दाडिमीकुसुमोपमाः ॥ ४४ ॥ ततो मां देवताः स्वर्गे मर्त्यलोके च मानवाः । स्तुवन्तो व्याहरिष्यन्ति सततं रक्तदन्तिकाम् ॥ ४५ ॥ भूयश्च शतवार्षिक्यामनावृष्ट्यामनम्भसि । मुनिभिः संस्तुता भूमौ सम्भविष्याम्ययोनिजा ॥ ४६ ॥ ततः शतेन नेत्राणां निरीक्षिष्यामि यन्मुनीन् । कीर्तयिष्यन्ति

तक वर्षा नहीं होगी और मुनि लोग जल के लिए मेरी स्तुति करेंगे, तब मेरा अयोनिज अवतार होगा ॥ ४६ ॥ फिर मैं सौ नेत्रों से मुनियों को देखूँगी, तब लोग मुझे शताक्षी

कहेंगे ॥ ४७ ॥ हे देवताओ, जब तक वर्षा नहीं होगी, तब तक मैं अपनी देह से शाक उत्पन्न करके संसार का भरण-पोषण करूँगी ॥ ४८ ॥ तब मैं शाकम्भरी नाम से संसार में विख्यात हूँगी। उसी समय दुर्ग नामक महासुर को भी मारूँगी ॥ ४९ ॥ तब मेरा

मनुजाः शताक्षीमिति मां ततः ॥ ४७ ॥ ततोऽहमखिलं लोकमात्मदेहसमुद्भवैः। भरिष्यामि सुराः शाकैरावृष्टेः प्राणधारकैः ॥ ४८ ॥ शाकम्भरीति विख्यातिं तदा यास्याम्यहं भुवि। तत्रैव च वधिष्यामि दुर्गमाख्यं महासुरम् ॥ ४९ ॥ दुर्गा देवीति विख्यातं तन्मे नाम भविष्यति। पुनश्चाहं यदा भीमं रूपं कृत्वा हिमाचले ॥ ५० ॥ रक्षांसि भक्षयिष्यामि मुनीनां त्राणकारणात्। तदा मां मुनयः सर्वे

नाम दुर्गा होगा। उसके बाद जब मैं भयानक रूप धारण करके, मुनियों की रक्षा के लिए हिमालय पर्वत पर, राक्षसों का भक्षण करूँगी, तब मुनि लोग विनम्र

होकर मेरी स्तुति करेंगे ॥ ५०-५१ ॥ तब मेरा नाम भीमा होगा। फिर जब अरुण नाम का दैत्य तीनों लोकों में उपद्रव करेगा, तब मैं असंख्य भ्रमरों का

स्तोष्यन्त्यानम्रमूर्तयः ॥ ५१ ॥ भीमा देवीति विख्यातं तन्मे नाम भविष्यति। यदारुणाख्यस्त्रैलोक्ये महाबाधां करिष्यति ॥ ५२ ॥ तदाहं भ्रामरं रूपं कृत्वाऽसंख्येयषट्पदम्। त्रैलोक्यस्य हितार्थाय वधिष्यामि महासुरम् ॥ ५३ ॥ भ्रामरीति च मां लोकास्तदा स्तोष्यन्ति सर्वतः। इत्थं यदा यदा बाधा दानवोत्था

रूप धारण करके तीनों लोकों के हित के लिए उस महासुर का वध करूँगा ॥ ५२-५३ ॥ तब लोग मुझे भ्रामरी कहेंगे और मेरी स्तुति करेंगे। इस

प्रकार जब कभी दानव उपद्रव करेंगे, तब मैं अवतार लेकर उन शत्रुओं का संहार करूँगी ॥ ५४-५५ ॥

भविष्यति ॥ ५४ ॥ तदा तदावतीर्याहं करिष्याम्यरिसंक्षयम् ॥ ॐ ॥ ५५ ॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये देव्याः स्तुतिर्नामैकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

उवाच ४, अर्धश्लोकः १, श्लोकाः ५०, एवम् ५५, एवमादितः ६३० ॥

—:(०):—

द्वादशोऽध्यायः

दुर्गा सप्तशती के पाठ का माहात्म्य

ध्यानम्

ॐ विद्युद्दामसमप्रभां मृगपतिस्कन्धस्थितां भीषणां कन्याभिः करवालखेटविलसद्धस्ताभिरासेविताम् । हस्तैश्चक्रगदासिखेटविशिखांश्चापं गुणं तर्जनीं बिभ्राणामनलात्मिकां शशिधरां दुर्गां त्रिनेत्रां भजे ॥

मैं तीन नेत्रोंवाली दुर्गा देवी का ध्यान करता हूँ, भगवती के श्रीअङ्गों की प्रभा बिजली के समान है । वे सिंह के कंधे पर बैठी हुई भयंकर प्रतीत होती हैं । हाथों

में तलवार और ढाल लिये अनेक कन्याएँ उनकी सेवा में खड़ी हैं। माता अपने हाथों में चक्र, गदा, तलवार, ढाल, बाण, धनुष, पाश और तर्जनी मुद्रा धारण किये हुए हैं। इनका स्वरूप अग्निमय है तथा वे मस्तक पर चन्द्रमा का मुकुट धारण करती हैं।

'ॐ' देव्युवाच ॥ १ ॥

एभिः स्तवैश्च मां नित्यं स्तोष्यते यः समाहितः। तस्याहं सकलां बाधां नाशयिष्याम्यसंशयम् ॥ २ ॥ मधुकैटभनाशं च महिषासुरघातनम् । कीर्तयिष्यन्ति ये तद्वद् वधं शुम्भ-

देवी ने कहा—जो पुरुष सावधान होकर इन स्तोत्रों से नित्य मेरी स्तुति करेगा, मैं निस्सन्देह उसकी सब बाधाएँ दूर करूँगी ॥ १-२ ॥ जो लोग मधु-कैटभ के विनाश, महिषासुर के वध और शुम्भ-निशुम्भ के वध की कथा कहेंगे, अथवा अष्टमी, चतुर्दशी

या नवमी के दिन एकाग्रचित्त होकर भक्तिपूर्वक मेरे इस उत्तम माहात्म्य को सुनेंगे, उनसे किसी तरह का दुष्कर्म न होगा, और दुष्कर्मों से उत्पन्न आपत्ति न आवेगी। दरिद्रता न होगी और प्रियजनों का वियोग न होगा ॥ ३-५ ॥ शत्रु, चोर, राजा, शस्त्र,

निशुम्भयोः ॥ ३ ॥ अष्टम्यां च चतुर्दश्यां नवम्यां चैकचेतसः। श्रोष्यन्ति चैव ये भक्त्या मम माहात्म्यमुत्तमम् ॥ ४ ॥ न तेषां दुष्कृतं किञ्चिद् दुष्कृतोत्था न चापदः। भविष्यति न दारिद्र्यं न चैवेष्टवियोजनम् ॥ ५ ॥ शत्रुतो न भयं तस्य दस्युतो वा न राजतः। न शस्त्रानलतोयौघात्कदाचित्सम्भविष्यति ॥ ६ ॥ तस्मा-

